धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात
रांची, मंगलवार
22.10.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | कार्तिक, कृष्ण पक्ष, षष्ठी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 101




12 मोदी यूक्रेन व रूस के बीच संघर्ष को समाप्त करवा सकते हैं: तोल्गे

## न्यूज डायरी

### मीरा मुंडा को मेनका ने दिया आशीर्वाद, इस्तीफा वापस



**जमशेदपुर।** पोटका से भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा, सोमवार को मेनका सरदार के घर पहुंचीं और उनसे आशीर्वाद लिया। मीरा मुंडा से मुलाकात के बाद पूर्व विधायक मेनका सरदार ने अपना इस्तीफा वापस ले लिया। इस मौके पर मीरा मुंडा ने कहा कि क्षेत्र नया है, लेकिन लोग अपने हैं। सबके साथ मिलकर काम करूंगी। क्षेत्र भ्रमण के दौरान मीरा मुंडा ने कहा कि पोटका विधानसभा जो समस्याएं हैं उसका आकलन कर रही हूं। जनता का आशीर्वाद मिलेगा तो सारी समस्याओं का समाधान करूंगी।

### कल वायनाड से प्रियंका गांधी करेंगी नामांकन

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए बुधवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। उनके साथ कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा पार्टी के अन्य प्रमुख नेता मौजूद रहेंगे। प्रियंका, वायनाड संसदीय सीट के लिए हो रहे उपचुनाव में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ की उम्मीदवार हैं।

### गिरिडीह में दो वाहन टकराया, तीन की मौत

**गिरिडीह।** गिरिडीह-टुंडी मुख्य मार्ग पर सोमवार को ताराटांड़ के समीप दो वाहनों की भीषम भिड़ंत में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। इनमें से दो उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे। यह हादसा ताराटांड़ के पंडरी के पास हुआ। तेज रफ्तार दो कार की आमने-सामने भिड़ंत हो गयी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गये। मृतकों की पहचान यूपी देवरिया कैलाश सिंह (60) और सुरेंद्र सिंह के साथ बोकारो के राजीव रंजन सिन्हा (45) शामिल है। घटना की सूचना ताराटांड़ पुलिस को दी गई. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेजा दिया। मृतक कैलाश सिंह और सुरेंद्र सिंह धनबाद के रहने वाले एक वाइस चांसलर के साले हैं।

### खूंटी कोचांग गैंगरेप में जॉन जोनस टुडू को बेल

**खूंटी।** 2018 में हुए चर्चित कोचांग सामूहिक दुष्कर्म मामले के सजायाफ्ता जॉन जोनस टुडू को झारखंड हाइकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सोमवार को अदालत ने उसकी जमानत याचिका स्वीकार करते हुए उसे बेल दे दी है। हाईकोर्ट की डबल बेंच ने उसे जमानत दी है। कोर्ट ने उसकी न्यायिक हिरासत की अवधि को देखते हुए बेल दी है।

# झारखंड में इंडिया और एनडीए में अभी आल इज नाट वेल

## राजद के बाद अब माले ने भी मांगा मोर

### माले ने 6 सीटें मांगी

सत्येंद्र

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर इंडी गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर उठा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। कांग्रेस और झामुमो द्वारा आपस में 70 विधानसभा सीट बांट लेने के बाद राजद जहां नाराज है। वहीं अब सीपीआई माले के नेताओं ने भी सोमवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास पर हेमंत सोरेन से मुलाकात की और छह विधानसभा सीट पर अपनी दावेदारी कर दी। सीट शेयरिंग को लेकर सोमवार को दिनभर चले मानमनौवल का खेल चलता रहा। इस स्थिति में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की घोषित प्रेस कॉन्फ्रेंस कैंसिल करना पड़ा।

**बातचीत ठीकठाक, फिर बैठेंगे :** सीएम और झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन से मुलाकात कर आवास से निकले माले नेता पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने बताया कि सीटों को लेकर हेमंत सोरेन से सकारात्मक बात हुई है, कुछ एक-दो सीट पर पेंच फंसा हुआ है। उम्मीद है कि सबकुछ ठीक रहा तो सीट शेयरिंग को लेकर गठबंधन दलों के बीच उठा विवाद का पटाक्षेप हो जायेगा। विवादों के बावजूद राजद भी महागठबंधन का हिस्सा रहेगा। श्री चटर्जी ने ने कहा कि हमारी दावेदारी छह विधानसभा सीटों पर है जिसमें निरसा, सिंदरी, बगोदर, धनवार, जमुआ और पांकी विधानसभा सीट शामिल है।



**सीएमओ से बुलावा, राजद की पीसी कैंसिल :** सीट शेयरिंग को लेकर सोमवार को दिनभर चले मानमनौवल का खेल चलता रहा। राजद की घोषित प्रेस कॉन्फ्रेंस कैंसिल करना पड़ा। प्रेस कांफ्रेस पहले 11:00 बजेथा, जिसे बढ़ा कर डेढ़ बजे किया गया। फिर अचानक राजद प्रदेश प्रवक्ता ने पीसी स्थगित करने की घोषणा कर दी। (शेष पेज 11 पर)

### राजद को मिल सकती है 6-8 सीटें

राजद सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, कांग्रेस और झामुमो से सीट शेयरिंग पर चला आ रहा पेंच समाप्त हो गया है। राजद को को 6 से 8 सीटें मिल सकती हैं। मनिका सीट, जहां से मंत्री सत्यानंद भोक्ता चुनाव लड़ना चाहते हैं, वह राजद के खाते में आयी है या नहीं, इसका खुलासा नहीं हो पाया है। वहीं राजद झारखंड में इंडिया गठबंधन के तहत ही चुनाव लड़ेगा।

## भाजपा में भगदड़, डैमेज कंट्रोल शुरू

उदय चौहान

**रांची।** विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा में भगदड़ मची है। टिकट बंटवारे के बाद असंतुष्ट नेता झामुमो व अन्य दलों की ओर रूख कर रहे हैं। इसके अलावा कुछ पुराने भाजपाई निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुके हैं। पार्टी ने डैमज कंट्रोल अभियान शुरू कर दिया है। इसी का नतीजा है कि पूर्व विधायक मेनका सरदार ने इस्तीफा वापस लिया, भाजपा के पक्ष में प्रचार करने की सहमति जतायी। डैमेज कंट्रोल का नेतृत्व पार्टी अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी कर रहे हैं। चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, सह प्रभारी हिमंता बिश्व सरमा, प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने पूरे प्रकरण पर पैनी नजर रखा है। हर सीट पर रणनीतिक तरीके से भीतरघातियों को चिन्हित किया जा रहा है।

**बाटुल और मिस्त्री सोरेन का भी इस्तीफा :** प्रत्याशियों की पहली सूची जारी होते ही असंतुष्ट नेताओं के इस्तीफा का सिलसिला जारी है। सोमवार को भी पूर्व मंत्री सत्यानंद झा बाटुल एवं मिस्त्री सोरेन ने भाजपा से इस्तीफा दे दिया। बाटुल ने नाला से निर्दलीय लड़ने की घोषणा की है।



सरायकेला से 2019 में चंपई सोरेन से मुकाबला करने वाले भाजपा नेता गणेश महली और सारठ के चुन्ना सिंह, दुमका से पार्टी के पूर्व मंत्री लुईस मरांडी के बाद महेशपुर के पूर्व विधायक सह भाजपा नेता मिस्त्री सोरेन ने भी इस्तीफा दे दिया है। बागियों पर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व काफी आक्रामक मूड में है। जानकार बताते हैं कि टिकट बंटवारे में जीताऊ उम्मीदवार पर ही फोकस किया गया है। इसी के तहत दूसरे दलों के कद्दावर नेताओं को भी भाजपा की सदस्यता दी गयी है और उन्हें पार्टी का टिकट भी दिया गया है।

दूसरी ओर पोटका से तीन बार की विधायक रहीं मेनका सरकार ने पार्टी के महामंत्री सह सांसद आदित्य साहू से मिलने के बाद इस्तीफा वापस ले लिया है। इसी प्रकार, हुसैनाबाद के भाजपा नेता विनोद सिंह ने भी निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की है। विनोद सिंह के बगावती तेवर पर अंकुश लगाने के लिये पार्टी के रणनीतिकार सक्रिय हो गये हैं। वहीं रांची से संदीव वर्मा ने भी निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की है। सूत्रों का दावा है कि श्री वर्मा अपने निर्णय पर पुनर्विचार कर रहे हैं। वह पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी सीपी सिंह के पक्ष में वे भी प्रचार करने को मान जायेंगे। (शेष पेज 11 पर)

## मिथिलेश, भानू, एपी देव, मेहता समेत दर्जन भर ने किया नामांकन

# भाजपा को इसबार भी जनता सिखायेगी सबक : हेमंत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव 24 में नामांकन का दौर तेज हो गया है। सोमवार को झामुमो की ओर से मंत्री मिथलेश ठाकुर (गढ़वा), अनंत प्रताव देव (भवनाथपुर), संजीव सरदार (पोटका), मंगल कालिंदी (जुगसलाई), भाजपी की ओर से शशिभूषण मेहता( पांकी), भानू प्रतापशाही (भवनाथपुर) और निर्दलीय के रूप में भवनाथपुर से ही देवेंद्र कुमार प्रजापति, राहुल कुमार गुप्ता समेत विभिन्न सीटों से दर्जनभर से अधिक प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरा। नामांकन पत्र भरने के समय गढ़वा और भवनाथपुर में सीएम ने चुनावी सभा की और भाजपा पर जम कर हमला बोला। सीएम ने कहा कि झामुमो की नयी सरकार बनते ही भवनाथपुर में पावर प्लांट लगाया जायेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता के लिए धन बल का इस्तेमाल कर लोगों को गुमराह कर रही है। झारखंड की जनता उसका (भाजपा) खेल समझ गयी है। वह लोगों को आपस में लड़ाने और वोट की चोरी से भी भाज नहीं आती है। इस चुनाव में भी विपक्ष को यहां की जनता सबक सिखायेगी।



### भाजपा लोगों को ठगने और लड़ाने में व्यस्त

श्री बंशीधर नगर (गढ़वा) झामुमो की ओर से गोसाईं बाग मैदान में नामांकन रैली का आयोजन किया गया। भवनाथपुर से झामुमो प्रत्याशी और पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा की नामांकन रैली में सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि बाबा बंशीधर नगर की नगरी में वे पहली चुनावी सभा कर रहे हैं। बाबा बंशीधर का आशीर्वाद उन्हें जरूर मिलेगा।

रैली में सीएम हेमंत सोरेन भआजपा पर जम कर निशाना साधा। सीएम ने कहा, उन्होंने विकास की ऐसी लकीर खींची है कि उसे गिनाना मुश्किल है। भाजपा नेता लोगों को ठगने का काम कर रहे हैं। भाजपा, अपना फॉर्म मुस्लिम और मिशनरीज को नहीं, बल्कि सिर्फ आरएसएस के लोगों का भरा रही है। सिर्फ हिन्दू और मुस्लिम कर सत्ता प्राप्त करने का उनका यह तरीका है।

**भाजपा सत्ता की भूखी :** सीएम ने कहा कि भाजपा के लोग सत्ता के भूखे हैं। (शेष पेज 11 पर)

### बाइक से पहुंचे मिथिलेश ठाकुर



मंत्री मिथिलेश ठाकुर नामांकन करने ओपन जीप से समाहरणालय तक पहुंचे। रैली में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। ऐसे में जीप छोड़ बाइक से उन्हें जाना पड़ा। नामांकन से पहले उन्होंने गढ़देवी के मंदिर में माता के दर्शन कर जीत का आशीर्वाद लिया। वहीं भवनाथपुर से झामुमो प्रत्याशी पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा ने नॉमिनेशन किया। अनंत प्रताप देव ने एक सेट में 11.30 बजे, भाजपा प्रत्याशी भानू प्रताप शाही ने दो सेट में 2.50 बजे , निर्दलीय उम्मीदवार देवेंद्र प्रजापति ने एक सेट में 2.10 में तथा राहुल कुमार गुप्ता ने एक सेट में 2.55 में अपना नामांकन दाखिल किया। वहीं पांकी सीट से भाजपा उम्मीदवार शशिभूषण मेहता ने नामांकन से पहले रैली निकाली । उन्होंने दावा किया कि इसबार भी वह ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे। रैली के मुख्य अतिथि रांची के सांसद एवं रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ थे। जानकारी के अनुसार अधिकतर नामांकन 23 और 24 अक्तूबर को होंगे। वहीं पोटका से संजीव सरदार और जुगसलाई से मंगल कालिंदी ने पर्चा भरा। दोनों ने अपनी-अपनी जीत का दवा किया। इन दोनों सीट पर पहले चरण में 13 नवंबर को चुनाव है।

# दीपिका ने रचा इतिहास

## तीरंदाजी विश्व कप फाइनल में जीता 5वां सिल्वर

एजेंसी

**ट्लाक्सकाला (मेक्सिको)।** झारखंड की बेटी और भारत की स्टार तीरंदाज दीपिका कुमारी ने मैक्सिको के ट्लाक्सकाला में तीरंदाजी विश्व कप फाइनल 2024 में महिला रिकर्व स्पर्धा में रजत पदक जीता। पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाली 30 वर्षीय तीरंदाज को फाइनल में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की ली जियामन के खिलाफ 0-6 से हार का सामना करना पड़ा। जमान पेरिस खेलों में रजत पदक जीतने वाली चीनी टीम का हिस्सा थीं। टूनार्मेंट में रिकर्व और तीरंदाजी दोनों प्रतियोगिताओं में व्यक्तिगत पुरुष और महिला दोनों प्रतियोगिताओं में 8 तीरंदाजों ने भाग लिया। दीपिका ने अपने अभियान की शुरूआत क्वार्टर फाइनल में यांग शियाओली के खिलाफ 6-0 से सीधे सेटों में जीत हासिल करके की। भारत की 4 बार की ओलंपियन ने इसके बाद टोक्यो 2020 की मिश्रित टीम कांस्य पदक विजेता और पेरिस 2024 में महिला टीम कांस्य पदक विजेता मैक्सिको की एलेजांद्रा वालेंसिया पर 6-4 से जीत दर्ज की।



दीपिका ने टूनार्मेंट में 5 रजत पदक और 1 कांस्य सहित 6 पदक जीतने का शानदार रिकॉर्ड बनाया है। वह 2011, 2012, 2013, 2015 और 2024 में टूनार्मेंट में उपविजेता रही। उन्होंने 2018 में कांस्य पदक जीता था। दीपिका ने 2024 विश्व कप श्रृंखला रैंकिंग में अपने प्रदर्शन के आधार पर तीरंदाजी विश्व कप के फाइनल में जगह बनायी थी। उन्होंने शंघाई विश्व कप में रजत पदक भी जीता था। पेरिस ओलंपिक में, दीपिका ने भजन कौर और अंकिता भक्त के साथ महिला व्यक्तिगत और महिला टीम स्पधाओं में भाग लिया. दोनों स्पधाओं में उनका सफर क्वार्टर फाइनल में समाप्त हो गया।

## गांदरबल आतंकी हमले की होगी एनआइए जांच

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) गांदरबल आतंकी हमले की जांच करेगी। वरिष्ठ अधिकारी के नेतृत्व में एक टीम सोमवार को घटनास्थल पर पहुंची। खुफिया एजेंसियों का मानना है कि निर्दोष व निहत्थे नागरिकों की हत्या आतंकियों की हताशा का परिणाम है। उनका कहना है कि हाल ही में जम्मू-कश्मीर में हुए शांतिपूर्ण चुनाव से आतंकवादी बौखलाहट में हैं। सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी और आतंकियों की तलाश के लिए अभियान जारी है। जम्मू कश्मीर के गगनगीर इलाके में रविवार की देर रात एक श्रमिक कैंप पर आतंकियों ने हमला एक डॉक्टर समेत सात मजदूरों की हत्या कर दी थी। मारे गये मजदूरों में कई बिहार के भी थे। इस हमले पर राष्ट्रपति, पीएम, गृह मंत्री, बिहार के सीएम, कांग्रेस अध्यक्ष समेत कई नेताओं ने गहरा शोक जताया है।

### 2-2 लाख मुआवजे का नीतीश का ऐलान

बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने इस हमले में बिहार के तीन श्रमिकों की मौत पर गहरी शोक संवेदना प्रकट की है। उन्होंने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद है और मैं इस घटना से मर्माहत हूं.। सीएम ने मृतक के परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। साथ ही मृतकों के पार्थिव शरीर को बिहार लाने की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया। नीतीश कुमार ने आतंकी हमले में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों को मुख्यमंत्री राहत कोष से दो-दो लाख रुपये आर्थिक सहायता देने की घोषणा की।

गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 73200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 100000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




# आज जारी होगी दूसरे चरण के चुनाव की अधिसूचना

## 38 सीटों पर 29 तक नामांकन, वोटिंग 20 नवंबर को

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण की अधिसूचना मंगलवार (22 अक्टूबर) को जारी होगी। इसके साथ ही झारखंड की बाकी बची 38 विधानसभा सीटों के लिए नामांकन शुरू हो जायेंगे। इन 38 सीटों में 3 अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित हैं, तो 8 अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए। दूसरे चरण की अधिसूचना जारी होने के बाद नामांकन का दौर शुरू हो हो जायेगा। 29 अक्टूबर तक नामांकन दाखिल करने का समय है। 30 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 1 नवंबर तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। दूसरे चरण की वोटिंग 20 नवंबर को होगी। 23 नवंबर को झारखंड की सभी 81 विधानसभा सीटों पर मतगणना जायेगी। झारखंड में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया 25 नवंबर को पूरी हो जायेगी।




**प्रथम चरण का चुनाव 13 और सेकेंड फेज का 20 को :** राज्य की सभी 81 विधानसभा सीटों पर दो चरणों में मतदान होने हैं। पहले चरण का चुनाव 13 नवंबर को और दूसरे चरण का चुनाव 20 नवंबर को होगा। 23 नवंबर को चुनाव के नतीजे आयेंगे। चुनाव आयोग ने 15 अक्टूबर को झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के कार्यक्रम की घोषणा की थी। पहले चरण की अधिसूचना 18 अक्टूबर को जारी हुई थी। (शेष पेज 11 पर)

# झारखंड आ कर गुंडागर्दी कर रहे हैं हिमंता

## फिर हारेगी भाजपा, हेमंत सोरेन की सरकार बननी तय : : पप्पू यादव

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची, देवघर।** बाबाधाम आये पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा पर बड़ा हमला बोला, उन्हें गुंडा तक कह डाला। साथ ही उन्होंने इस दौरान झामुमो की जमकर तारीफ की। बाबा मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद पप्पू यादव ने झामुमो कार्यकर्ताओं मुलाकात के बाद मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि झारखंड आ कर असम की सीएम हिमंता गुंडागर्दी कर रहे हैं। पप्पू यादव ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि अगर झारखंड में झारखंड के लोगों की ही सरकार बनेगी तभी यहां का विकास होगा। दिल्ली और असम के लोग यहां के स्थानीय लोगों की समस्याओं को नहीं समझ पायेंगे । उन्होंने असम के मुख्यमंत्री के बारे में कहा कि वो यहां अपने गुंडों के जरिये झारखंड में सरकार बनाना चाहते हैं, जो कभी संभव नहीं है।



**भाजपा हारेगी, हेमंत की सरकार तय :** पप्पू यादव ने कहा कि इस बार झारखंड में भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ेगा। जनता पूरी तरह से मन बना चुकी है कि इस बार राज्य की कमान हेमंत सोरेन के हाथों में देनी है। यहां की जनता ने देख लिया है कि झारखंड का कल्याण अगर कोई कर सकता है तो वो सिर्फ और सिर्फ हेमंत सोरेन ही हैं। सांसद ने कहा कि दिल्ली में बैठी केंद्र सरकार ने हेमंत सोरेन की 5 साल की सरकार को खूब परेशान किया। लाख परेशानी के बाद भी हेमंत सोरेन झुके नहीं, यही कारण है कि भाजपा इसे बर्दाश्त नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि कल्पना सोरेन झारखंड में महिलाओं के लिए रोल मॉडल बन गयी हैं।

### चंपई पर भी बोला हमला

पप्पू यादव ने चंपई सोरेन पर भी निशाना साधा। कहा कि जब भाजपा वालों ने हेमंत सोरेन को जेल भेजा था, उस समय उन्होंने अपने परिवार के लोगों को नहीं बल्कि अपनी पार्टी के आदिवासी नेता को मुख्यमंत्री बनाया था। भाजपा वालों ने उन्हें हेमंत के खिलाफ भड़काया और उनकी पीठ में छुरा घोंपा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की तरफ से हेमंत सोरेन के रूप में मुख्यमंत्री का चेहरा तय हो चुका है, लेकिन भाजपा की तरफ से अभी तक कोई चेहरा तय नहीं हुआ है।

# विस चुनाव : अर्द्धसैनिक बलों के 11 हजार जवानों की होगी तैनाती

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद झारखंड पुलिस भी चुनाव की तैयारियों में जुट गयी है। पुलिस नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान को लेकर फोकस कर रही है। निष्पक्ष चुनाव को लेकर झारखंड में 119 कंपनी (11 हजार जवान) अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती होगी। जिनमें से 91 अर्द्धसैनिक बल की कंपनियां झारखंड आ गयी हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर झारखंड पुलिस ने चुनाव आयोग से 590 कंपनी अर्द्धसैनिक बल की मांग की थी।

**एक जिले में तीन से पांच कंपनी अर्द्धसैनिक बल की होगी तैनाती**

तीन से पांच कंपनी अर्द्धसैनिक बल एक-एक जिला को मिल सकेगा। इन बलों को फ्लैग मार्च, एरिया डोमिनेशन, चेकिंग आदि के कार्यों में लगाया जायेगा, ताकि आमजनों में यह विश्वास जगे कि चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद है।

**अर्द्धसैनिक बल की कितनी कंपनियां होंगी तैनात**

| | | |
|---|---|---|
| बीएसएफ | : | 43 |
| सीआरपीएफ | : | 36 |
| आईटीबीपी | : | 15 |
| सीआईएसएफ | : | 10 |
| एसएसबी | : | 15 |
| कुल | : | 119 |

**राज्य में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया गया था लोकसभा चुनाव**

झारखंड में लोकसभा चुनाव 2024 शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया गया था। झारखंड पुलिस ने अपनी रणनीति के बल पर नक्सलियों की हिंसा की साजिश को नाकाम कर शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराया था। अब झारखंड पुलिस के सामने विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने की चुनौती है।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान के समय को लेकर स्थिति स्पष्ट की

# झामुमो नेता सुप्रियो के आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद और तथ्यों से परे : सीइओ

### कुल 21 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

- झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में सिर्फ 3% मतदान केंद्रों पर ही शाम 4 बजे तक होगा मतदान
- झारखंड विधानसभा 2014 में 89% और 2019 में 63% मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 3 बजे तक हुआ था मतदान



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता सुप्रियो भटटाचार्य के द्वारा मतदान के समय को लेकर लगाये गये आरोप पूरी तरह बेबुनियाद और तथ्यों से परे हैं। उन्होंने कहा कि झारखण्ड विधानसभा 2024 में मात्र 3% मतदान केंद्रों पर ही शाम 4 बजे तक मतदान होगा। झारखण्ड विधानसभा 2014 में 89% एवं 2019 में 63% मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 3 बजे तक मतदान हुआ था। वह सोमवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि झामुमो द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान के कम समय को लेकर लगाए गए आरोप सही नहीं है।

सीईओ ने बताया कि राज्य में कुल 29,562 मतदान केंद्र हैं, जिसमें से ग्रामीण क्षेत्रों में 24,520 मतदान केंद्र है और शहरी क्षेत्र में 5,042 मतदान केंद्र है। इनमें 981 नक्सल प्रभावित ग्रामीण मतदान केंद्रों को छोड़कर, 23,539 ग्रामीण क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में एवं सभी शहरी क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में मतदान का समय सुबह 7 बजे से सांय 5 बजे तक का है। वर्ष 2014 और 2019 के विधानसभा चुनावों में 89% (22,132) और 63% (18,555) मतदान केंद्रों पर मतदान का समय प्रातः 7 बजे से शाम 3 बजे तक रखा गया था। इस बार मात्र 3% (981) मतदान केंद्रों पर प्रातः 7 से शाम 4 बजे का समय रखा गया है, जो आयोग के विशेष प्रयासों से ही संभव हुआ है। वहीं, मतदान के समय का पर्याप्त प्रचार होता है। मतदान समाप्ति का समय कोई भी हो, उस समय कतार में खड़े समस्त मतदाता को मतदान करने का पूर्ण अवसर मिलता है।

### अब तक 25 लोग कर चुके हैं नामांकन

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि प्रथम चरण के विधानसभा चुनाव को लेकर सोमवार को कुल 21 प्रत्याशियों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया। इसे लेकर अब तक कुल 25 लोग अपनी उम्मीदवारी का पर्चा दाखिल कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर अभी तक छह प्राथमिकी दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि किसी को भी, कहीं से भी आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का कोई मामला मिलता है, तो वह अविलंब निर्वाचन आयोग के एप सी विजिल पर उसे अपलोड करें। निर्वाचन आयोग 100 मिनट के भीतर उसपर संज्ञान लेकर कार्रवाई सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 7 करोड़ 72 लाख रुपये की अवैध सामग्री और नकदी जब्त किये गये हैं।

**क्या है कानूनी प्रावधान** : आयोग को धारा 56 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में मतदान का समय निर्धारित करने का कानूनन अधिकार है। यह समय 8 घंटे से कम नहीं हो सकता है। आयोग मतदान का समय निर्धारित करने से पूर्व राजनीतिक पार्टियों, ज़िला प्रशासन, राज्य प्रशासन से क्षेत्र के सुरक्षा संबंधी ऐतिहासिक और वर्तमान मसलों पर गौर करता है। इस के अतिरिक्त क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, सड़क नेटवर्क, ऋतु अनुसार सूर्यास्त के समय को भी ध्यान में रखा जाता है।

### सीइओ ने प्रवर्तन एजेंसियों के साथ की बैठक

# अवैध धन के आवागमन पर रोक लगायें : के. रवि कुमार

- नशीले पदार्थों के आवागमन वाले ठिकानों पर छापेमारी कर कार्रवाई सुनिश्चित करें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा निर्वाचन में सभी प्रत्याशियों के लिए सामान्य अवसर प्राप्त हो, इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के क्रम में अवैध धन के आवागमन के माध्यम से मतदाताओं को प्रभावित करने के प्रयास हो सकते हैं। इसे लेकर सभी प्रवर्तन ऐजेंसियों का कर्तव्य है कि अवैध धन और अवैध सामग्री पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाएं। वे सोमवार को निर्वाचन सदन में आयोजित प्रवर्तन ऐजेंसियों के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। श्री कुमार ने कहा कि वन विभाग अपने सभी चेकपोस्टों पर सघन जांच करते हुए अवैध सामग्री के आवागमन पर रोक लगाएं। उन्होंने आयकर विभाग द्वारा अवैध धन के संभावित ठिकानों और उसके आवागमन पर सघन छापेमारी करते हुए उसपर रोक लगाने का निर्देश दिया।

बैठक में नशीले पदार्थों के संभावित ठिकानों और उसके आवागमन के साधनों पर छापेमारी करते हुए पूर्णतः प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ। नेहा अरोड़ा, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता सहित प्रवर्तन ऐजेंसियों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### पंकज मिश्रा को हाई कोर्ट से मिली जमानत

**रांची।** साहिबगंज जिले में अवैध खनन और मनी लॉउंड्रिंग के आरोपी पंकज मिश्रा को सोमवार को हाईकोर्ट ने जमानत दे दी। जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की अदालत ने फैसला सुनाते हुए जमानत प्रदान की है। जमानत मिलने के बाद पंकज मिश्रा जेल से बाहर आ जाएंगे। पूर्व में इस मामले की सुनवाई पूरी करने के बाद हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। इससे पूर्व पंकज मिश्रा ने ईडी कोर्ट में जमानत के लिए याचिका दायर की थी। ईडी कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए जमानत देने से इनकार कर दिया था। ईडी ने पंकज मिश्रा को जुलाई 2022 में गिरफ्तार किया था।

### सीडबल्यूसी के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए सरकार ने पांच सप्ताह का समय मांगा

**रांची।** राज्य में बाल संरक्षण आयोग एवं बाल कल्याण कमेटी (सीडब्ल्यूसी) के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए सरकार ने हाईकोर्ट से पांच सप्ताह का समय मांगा है। सोमवार को सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि बाल संरक्षण आयोग और सीडब्ल्यूसी के रिक्त पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गयी है। मुख्यमंत्री से मंजूरी लेकर इसे निर्वाचन आयोग के पास भेजा जायेगा। इस पूरी प्रक्रिया में पांच सप्ताह का समय लग जायेगा। इसके बाद अदालत ने मामले की सुनवाई पांच सप्ताह बाद निर्धारित कर दी।

### 30 मई से निलंबित की गयीं साधना जयपुरियार

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा की अधिकारी साधना जयपुरियार को तीन माह पहले की तिथि से निलंबित किया गया है। उनका निलंबन 30 मई 2024 की तिथि से अगले आदेश तक किया गया है। मालूम हो कि डीसी लातेहार ने 2 मई 2024 के पत्रांक से यह सूचित किया था कि मनिका कांड संख्या 76/2010 की सुनवाई के बाद अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने एक मामले में 30 मई 2024 की तिथि से तत्कालीन मनिका बीडीओ को तीन माह का सश्रम कारावास एवं 50,000 जुर्माने की सजा सुनाई है। इसी आलोक में कार्मिक विभाग ने उन्हें निलंबित किया है।

### विधानसभा चुनाव को लेकर रांची रेंज के डीआइजी ने सिमडेगा में की इंटर स्टेट मीटिंग

**रांची।** विधानसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा के इंतजामों का जायजा लेने रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे ने सिमडेगा ओड़िशा और छत्तीसगढ़ के पुलिस अधिकारियों के साथ इंटरस्टेट मीटिंग की। साथ ही कई आवश्यक निर्देश दिए। डीआईजी ने सिमडेगा एसपी सहित सिमडेगा के पुलिस पदाधिकारी को चुनाव के दौरान सुरक्षा बरतने के लिए कई तरह के निर्देश दिए, उन्होंने बताया कि इंटर स्टेट पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर विधानसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर विशेष रणनीति तय की गई है। साथ ही ओड़िशा और छत्तीसगढ़ की सीमाओं पर चेक पोस्ट एक्टिव कर दिए गए हैं और वहां लगातार निगरानी रखी जा रही है। जिससे चुनाव के दौरान गड़बड़ी करने के उद्देश्य से कोई भी रुपए, शराब और हथियार आदि का परिवहन ना कर सकें। उन्होंने कहा कि हर तरह की आपराधिक गतिविधि पर अंकुश लगाते हुए, जिले की सभी सीमाओं पर पुलिस की विशेष निगरानी रखी जा रही है, जिससे साफ सुथरी और सुरक्षित चुनाव हो सके।

### पोटका में अर्जुन मुंडा ने किया जनसंवाद

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने सोमवार को पोटका विधानसभा क्षेत्र के डुमरिया में बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक की। उन्होंने करनसाई और बड़ा बोतला ग्राम में ग्रामीणों से जनसंवाद भी किया। उन्होंने कहा कि लोगों ने संकल्प लिया है कि उन्हें वसूली वाला विधायक नहीं चाहिये। बल्कि लोगों के आंसू पोंछनेवाला प्रतिनिधि चाहिये। झारखंड राज्य का गठन जिन सपनों को लेकर हुआ था आज वह भ्रष्टाचार, शोषण और लूट में तब्दील हो गया है। इसलिये इस बार भाजपा रोटी, बेटी और माटी की रक्षा के लिये वर्तमान सरकार को उखाड़ फेंकने के लिये चुनाव लड़ रही है। जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। डुमरिया में बूथ अध्यक्षों की बैठक में डुमरिया मंडल अध्यक्ष किशोर गिरी, पोटका प्रवासी प्रभारी विशेश्वर टुडू, अमित सिंह, जिला परिषद सदस्य पार्वती मुंडा, दिनेश साहू, वसंत मदीना, दिलीप पंडा, रमा पानी, बेहुला नायक उपस्थित थीं।

# लोक जनशक्ति पार्टी (आर) ने जनार्दन पासवान को चतरा से बनाया प्रत्याशी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पूर्व विधायक जनार्दन पासवान चतरा से लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के उम्मीदवार होंगे। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने जनार्दन पासवान को उम्मीदवार घोषित करते हुए सिंबल और लेटर दे दिया है। जनार्दन पासवान रविवार को ही दिल्ली में लोक जनशक्ति पार्टी में शामिल हुए थे। पार्टी में शामिल होने के बाद उन्होंने चतरा विधानसभा सीट के लिए आवेदन दिया था। इसके बाद संसदीय बोर्ड की बैठक में जनार्दन पासवान के नाम पर सहमति बनी और उन्हें उम्मीदवार घोषित कर दिया गया। दिल्ली में ही चिराग पासवान ने उन्हें पार्टी का सिंबल दे दिया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान सहित कई नेता मौजूद थे।

ज्ञात हो कि भारतीय जनता पार्टी ने गठबंधन के तहत चतरा की सीट लोजपा को दी है। जनार्दन पासवान भारतीय जनता पार्टी में थे और टिकट के लिए प्रयासरत थे। लोजपा के कोटे में सीट जाने के बाद उन्होंने पार्टी से संपर्क किया और इसमें शामिल होकर टिकट हासिल कर लिया। लोजपा के पास यहां कोई दमदार उम्मीदवार नहीं था। इसलिए उसने जनार्दन पासवान को टिकट दिया है। जनार्दन पासवान यहां से दो बार जीत चुके हैं।

### प्रदेश महासचिव को लोजपा (आर) ने किया निष्कासित

**रांची।** पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण लोक जनशक्ति पार्टी (आर) के प्रदेश कार्यकारिणी समिति ने प्रदेश महासचिव सह धनबाद जिला प्रभारी राकेश सिंह को छह वर्षों के लिए निष्कासित किया है। प्रदेश कार्यकारिणी समिति ने यह कार्रवाई उनके पार्टी विरोधी कार्यों के लिए किया है। निष्कासित राकेश सिंह पर आरोप है कि इनके द्वारा लगातार पार्टी विरोधी कार्य एवं संगठन के निर्देशों की अवहेलना की जा रही थी जिससे पार्टी की छवि खराब हो रही थी। प्रदेश कार्यकारिणी समिति ने बताया कि अनुशासन तोड़ने वाले एवं संगठन विरोधी कार्य करने वाले नेताओं पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# झारखंड के विद्यार्थियों को पूरा न्याय देंगेः शिवराज सिंह चौहान



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जो अन्याय झारखंड के विद्यार्थियों के साथ हुआ है, युवाओं के साथ हुआ है उसकी मिसाल पूरे हिंदुस्तान में कहीं देखने को नहीं मिलती है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में बार-बार पेपर लीक, उसके पीछे भी षड्यंत्र, बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है। उन्होंने कहा कि बच्चों ने बताया कि वर्षों से इंतजार कर रहे हैं। बार-बार इन छात्रों के साथ धोखा किया गया। उन्होंने कहा कि यहां भेदभाव नहीं हुआ, बेईमानी हुई है। विद्यार्थियों को छात्रों को न्याय देने का भाजपा का संकल्प है। उन्होंने कहा कि भाजपा बच्चों को न्याय देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बेईमानी पूर्वक अगर कोई परीक्षा हुई है तो उसके रिजल्ट क्यों घोषित नहीं होने चाहिये। उन्होंने कहा कि जांच करके जिन्होंने बार-बार पेपर लीक किया है, वह जेल जायेंगे। 2 लाख 87 हजार के रिक्त पदों को कैलेंडर बनाकर भरेंगे।

# झारखंड ऊर्जा विभाग से फर्जी निकासी मामले में इडी ने इसीआइआर दर्ज की



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड ऊर्जा विभाग के अलग-अलग बैंक खातों से एक सौ करोड़ से अधिक की फर्जी निकासी से जुड़े मामले में ईडी ने ईसीआईआर दर्ज की है। ईडी मनी लॉड्रिंग के तहत इस मामले की जांच करेगी।

गौरतलब है कि झारखंड पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (जेटीडीसी) के नाम पर फर्जी खाता खोलकर उसमें 10.40 करोड़ ट्रांसफर करने का मामला सामने आया था। इस मामले में धुर्वा थाने में गिरजा प्रसाद, आलोक कुमार और अमरजीत कुमार के खिलाफ मामला दर्ज है। वहीं तीन अक्टूबर को झारखंड टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के जीएम फाइनेंस द्वारा 10.4 करोड़ और झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के मास्टर ट्रस्ट द्वारा नौ करोड़ की धोखाधड़ी कर फर्जी अकाउंट से निकासी की शिकायत नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज करायी गयी थी। इसके बाद चार अक्टूबर को झारखंड ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड ने 40.5 करोड़ और झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के मास्टर ट्रस्ट ने 56.5 करोड़ की राशि का फर्जी अकाउंट से निकासी की शिकायत पोर्टल पर दर्ज कराया था।

### अजय सिंह को डीजीपी बनाये जाने का आदेश जारी



**रांची।** राज्य निर्वाचन आयोग ने झारखंड कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी अजय कुमार सिंह को झारखंड का नया डीजीपी बनाया है। इससे संबंधित आदेश सोमवार की दोपहर चुनाव आयोग ने जारी कर दिया गया। मालूम हो कि चुनाव आयोग के निर्देश के बाद 1990 बैच के आईपीएस अनुराग गुप्ता से झारखंड डीजीपी पद का प्रभार वापस ले लिया गया था और उन्हें निर्देश दिया गया कि झारखंड पुलिस हाउसिंग के एमडी के पद पर पदस्थापित अजय कुमार को यह प्रभार सौंपेंगे। इसे लेकर 19 अक्टूबर की की शाम गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई थी।

### सीबीआई ने बताया- अनुसंधान में वृहत षड्यंत्र के साक्ष्य नहीं मिले

# हाई कोर्ट ने जज उत्तम आनंद की हत्या के मामले में दर्ज पीआइएल किया बंद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** धनबाद के जज उत्तम आनंद हत्याकांड मामले में दर्ज कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को हुई। सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से खंडपीठ को बताया गया कि जज उत्तम आनंद हत्याकांड की अनुसंधान पूरी कर ली गई है और वृहत षड्यंत्र का कोई मामला नहीं मिला है। मामले में फाइनल फॉर्म भी निचली अदालत में दाखिल किया जा चुका है। दो अभियुक्त के खिलाफ चार्जशीट हुई थी, उन्हें सजा मिल चुकी है। खंडपीठ ने सीबीआई का पक्ष सुनने के बाद इस जनहित याचिका का निष्पादित कर दी।

दरअसल, पूर्व की सुनवाई में हाईकोर्ट ने कहा था कि जज उत्तम आनंद हत्याकांड मामले के दोनों दोषियों को अब सजा हो चुकी है, अभियुक्त के व्हाट्सएप चैट में कुछ नहीं मिला है। फॉरेंसिक लैब में नियुक्ति से संबंधित जेपीएससी का मामला भी सुलझ गया है। सीबीआई की ओर से हाईकोर्ट में दायर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर बताया गया था कि सीबीआई को अभियुक्तों की वाट्सएप चैट की रिपोर्ट अमेरिका से मंगानी थी, यह रिपोर्ट आ गई है, लेकिन इसमें कुछ भी संदिग्ध नहीं है। इस पर अदालत ने कहा था कि जब रिपोर्ट आ गई है और उसमें कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला तथा निचली अदालत से अभियुक्तों को सजा भी सुना दी गई है, तो अब इस मामले में आगे की सुनवाई की जाएगी।

बता दें कि 28 जुलाई 2021 की सुबह जज उत्तम आनंद की ऑटो से टक्कर मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में स्पीडी ट्रायल कर अभियुक्तों को सजा सुनाई गई थी। धनबाद सीबीआई की विशेष अदालत ने 6 अगस्त 2022 को दोषी राहुल वर्मा और लखन वर्मा को उम्र कैद की सजा सुनाई थी। कोर्ट ने दोषियों पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। कोर्ट ने इन्हें अंतिम सांस तक जेल की सजा दी थी। यह फैसला सीबीआई जज रजनीकांत पाठक ने सुनाया था।

## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- चुनाव में करारी हार देख झामुमो लगा रहा है अनर्गल आरोप

# हेमंत और कल्पना हैं बंटी-बबली : बाबूलाल मरांडी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि परिवार वाद का मतलब परिवार से ही पार्टी की पहचान और संचालित होना है। उन्होंने कहा कि देश में कांग्रेस पार्टी की पहचान और संचालन गांधी परिवार से होता है। झारखंड में झामुमो की पहचान और संचालन शिबू सोरेन के परिवार से होता है। बिहार में राष्ट्रीय जनता दल की पहचान और संचालन लालू प्रसाद यादव के परिवार से होता है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की पहचान और संचालन भी मुलायम सिंह यादव के परिवार से होता है। इसे परिवारवाद कहते हैं।

उन्होंने कहा कि कोई चुनाव लड़ता है तो कहीं ना कहीं किसी का कोई बेटा होता है, कोई बहू होती है, कोई पत्नी होती है, कोई भाई होता है लेकिन पार्टी का संचालन वे नहीं करते हैं। पार्टी का संचालन कार्यकर्ता करते हैं। भाजपा का एक सिस्टम है। इसी सिस्टम के तहत पार्टी का संचालन होता है। इसे परिवारवाद कहना गलत है। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय कुछ लोगों की नाराजगी होती है। सभी से हम लोग बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो को यह पता है कि वह चुनाव बुरी तरीके से हार रहे हैं। इसलिये, अभी से उन्होंने बहाना बनाना शुरू कर दिया है। आरोप लगाना शुरू कर दिया है कि भाजपा चुनाव आयोग से मिली हुई है।

उन्होंने कहा कि बंटी-बबली हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन हैं। पांच साल इन दोनों ने झारखंड के लोगों को ठगा है। उन्होंने कहा था कि लोगों को 1 साल में 72000 रुपये देंगे। 5 साल हो गये हेमंत सोरेन ने किसी गरीब को 72000 रुपये नहीं दिये। मां बहनों को चूल्हा खर्च हर महीने 2000 रुपये देने की बात कही थी। 5 साल बीत गये, किसी को चूल्हा खर्च नहीं दिया।

उन्होंने बेटियों से कहा था कि शादी होने पर सोने का सिक्का देंगे। एक भी लड़की को सोने का सिक्का नहीं दिया। वृद्ध, दिव्यांग को कहा था कि ढाई हजार रुपये महीने पेंशन देंगे। किसी को नहीं दिया। नौजवानों को 5 लाख नौकरी देने की बात कही थी। अपने पिताजी की कसम खाई थी, हेमंत सोरेन ने कहा था कि 5 लाख नौकरी नहीं देने पर राजनीति से संन्यास ले लेंगे। जो व्यक्ति पिताजी की कसम खाकर पूरा नहीं करता है, उन पर कौन भरोसा करेगा।

विधानसभा में कहा था कि बीए पास को 5000 और एमए पास को 7000 रुपए भत्ता देंगे। एक भी काम पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब कल्याण का काम कर रहे हैं। देश की 86 करोड़ लोगों को प्रत्येक महीने 5 किलो मुफ्त में प्रत्येक व्यक्ति को अनाज देने की बात कही थी। झारखंड में भी 2 करोड़ से अधिक लोगों को यह अनाज मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के किसानों के खाते में प्रत्येक साल 6000 रुपए देंगे। वह भी भेज रहे हैं। आज जिन राज्यों में भाजपा की सरकार है, वहां अलग-अलग नाम से मां बहनों के सशक्तिकरण के लिए योजना चलाई जा रही है।

# हाई कोर्ट ने सुनील तिवारी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बाबूलाल मरांडी के सलाहकार सुनील कुमार तिवारी को झारखंड हाईकोर्ट से राहत मिली है। हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ दर्ज दो अलग-अलग प्राथमिकी रद्द कर दी है। तिवारी के खिलाफ रांची के अरगोड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। अगस्त 2021 में सुनील तिवारी के खिलाफ दुष्कर्म एवं जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल को लेकर खूंटी की एक लड़की ने अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि इस मामले में शिकायतकर्ता ने रांची की अदालत में केस वापसी के लिए याचिका दाखिल की है, जिसमें शिकायतकर्ता ने कहा है कि उसने आरोप की सत्यता को समझे बिना गलतफहमी के कारण प्राथमिकी दर्ज कराई थी। वह इस मामले को आगे नहीं बढ़ाना चाहती है।

**शोषण का लगाया था आरोप** : पीड़िता ने अपनी एफआईआर में लिखा था कि सुनील तिवारी द्वारा उसका शारीरिक, मानसिक और आर्थिक शोषण किया गया, जिसके बाद उसने अरगोड़ा थाने में सुनील तिवारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी। दूसरी ओर, सुनील तिवारी और पुलिस जवान सचिन पाठक के खिलाफ पीड़िता ने गवाहों को धमकाने का आरोप लगाते हुए भी अरगोड़ा थाना में सुनील तिवारी और झारखंड पुलिस के जवान सचिन पाठक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी थी। दोनों प्राथमिकी हाईकोर्ट ने रद्द कर दी।

### फर्जी जाति प्रमाण पत्र मामले में अधिकारी कानूराम नाग को राहत

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) से बर्खास्त अधिकारी कानू राम नाग को थोड़ी राहत मिली है। उन्हें सेवा से हटाने का जो दंड दिया गया था, उसे सरकार के अधीन आगामी नियोजन में निरर्हता, अयोग्यता नहीं माना जाएगा। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। कानू राम नाग पर आरोप था कि उन्होंने फर्जी अभिलेखों के आधार पर अनुसूचित जनजाति की आरक्षित श्रेणी में मुंडा जाति का प्रमाण पत्र बनाकर झारखंड लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित द्वतीय असैनिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर झारखंड प्रशासनिक सेवा में नियुक्ति प्राप्त कर ली थी, जबकि वे तमाड़िया जाति के सदस्य हैं, जो अत्यंत पिछड़ा वर्ग की श्रेणी में आता है।

सुप्रभात
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
मंगलवार 22.10.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 183
epaper.khabarmantra.net
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

## बीएसके कॉलेज की नीतिशा खलखो को मिला सावित्रीबाई फुले सम्मान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मैथन।** बीएसके कॉलेज मैथन की हिन्दी विभागाध्यक्ष आदिवासी कवि प्रोफेसर नीतिशा खलखो को सावित्रीबाई फुले सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान रविवार को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान के समीप प्राथमिक शिक्षक संघ भवन में जन लेखक संघ, बिहार इकाई के द्वितीय वार्षिक राज्य सम्मेलन में दिया गया। सम्मेलन में प्रोफेसर खलखो के अलावा भारत और नेपाल के कई अन्य कवियों एवं लेखकों को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। जन लेखक संघ के बैनर तले बहुजन साहित्य की प्रासंगिकता विषय पर परिसंवाद और कवि सम्मेलन हुआ। पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, हरियाणा, नेपाल, भूटान, दिल्ली, पंजाब आदि राज्यों के लेखकों ने अपनी रचनाएं और विचार साझा किये। जन लेखक संघ के महासचिव महेंद्र पंकज ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सभी का स्वागत किया। बाबा साहब अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की गई और विषय का परिचय कराया गया। महेंद्र पंकज ने बहुजन साहित्य की आवश्यकता पर बोलते हुए कहा कि पीड़ित व्यक्ति ही अपनी पीड़ा का सही तरीके से इजहार कर सकता है। इसलिए बहुजनों को जाति प्रथा और शोषण के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करनी चाहिए। मौके पर वंचितों के दर्द को व्यक्त करते हुए प्रोफेसर खलखो ने अपनी प्रसिद्ध कविता अखबार और आसिफा का पाठ किया। यह कविता जम्मू के आदिवासी बकरवाल समुदाय की 8 वर्षीय बच्ची आसिफा के साथ सामूहिक बलात्कार की त्रासदी को बयान करती है। प्रोफेसर नीतीशा की शिक्षा दिल्ली विश्वविद्यालय और जेएनयू से हुई है। उनका लेखन, जिसमें कविता और कहानी शामिल हैं, समाज के कमजोर वर्गों की पीड़ा और उनके संघर्षों पर केंद्रित है। कार्यक्रम का संचालन डॉ रवींद्र भारतीय ने किया।

## स्मरण दिवस पर शहीद पुलिसकर्मियो को दी गई श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** 21 अक्टुबर का दिन पूरे देश मे पुलिस स्मरण दिवस के रूप मे मनाया जाता है। इस दिन पुलिस विभाग अपना कर्तव्य निभाते हुए शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि देता है। धनबाद मे भी सोमवार को पुलिस केन्द्र मे वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। सोमवार को झारखंड पुलिस के शहीद जवानों को याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। सुबह 8 बजे कार्यक्रम शुरू हुआ। वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, पुलिस अधीक्षक महोदय (नगर) अजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक महोदय (ग्रामीण) कपील चौधरी समेत अन्य पदाधिकारियों ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीद जवानों को नमन किया। वरीय पुलिस अधीक्षक ने शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया।



**मौके पर मौजूद लोग:** मौके पर सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपील चौधरी, डीएसपी धीरेंद्र नारायण बंका, डीएसपी नौशाद आलम, एसडीपीओ आशुतोष सत्यम, डीएसपी सुमित कुमार, एसडीपीओ रजत मणिक बाखला, डीएसपी अरविंद सिंह, डीएसपी संजीव कुमार, डीएसपी शंकर कामती, प्रचारी प्रवर प्रथम अवधेश कुमार समेत कई पदाधिकारी व जवान मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### जिला कन्ट्रोल रूम स्थापित

**धनबाद।** निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्र ने जिले के सभी छः विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों यथा सिन्दरी, निरसा, धनबाद, झरिया, टुण्डी एवं बाघमारा के आम नागरिकों, मतदाताओं के शिकायत /सुझाव हेतु जिला कन्ट्रोल रूम अधिष्ठापित किया है। चुनाव से संबंधित एवं अन्य किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधित जानकारी या शिकायत/सुझाव हेतु जिला कन्ट्रोल रूम में दूरभाष नं0 9065729326 एवं टोल फ्रि नम्बर 1950 या 0328-1950 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है। जिला कन्ट्रोल रूम में दूरभाष नं० 9065729326 पर 247 एवं टोल फ्रि नम्बर 1950 या 0326-1950 पर पूर्वा० 10:00 बजे से अप० 08:00 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है।

### दो व्यय प्रेक्षक नियुक्त

धनबाद। केंद्रीय चुनाव आयोग नए धनबाद जिला के सभी छः विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए दो व्यय प्रेक्षक की नियुक्ति की है। व्यय प्रेक्षकः श्री आर. ए. ध्यानी, (आई.आर.एस)सिंदरी, धनबाद एवं झरिया और कुमार आदित्य, (आई.आर.एस) निरसा, टुण्डी एवं बाघमारा विधान सभा क्षेत्र को देखेंगे।

### एनकेडी बजाज शोरूम ने लॉन्च किया बजाज फ्रीडम मोटरसाइकिल

कुमारधुबी। चिरकुंडा में रविवार की शाम को विश्व का पहला हाइड्रेट सीएनजी व पेट्रोल युक्त बजाज फ्रीडम मोटरसाइकिल का उद्घाटन निरसा एसडीपीओ रजत मानिक बाखला, चिरकुंडा थाना प्रभारी रामजी राय, कुमारधुबी ओपी प्रभारी पंकज कुमार, गलफरबाडी ओपी प्रभारी नीतीश कुमार, पंचेत ओपी प्रभारी प्रभात रंजन राय, मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शोरूम के संचालक मयंक अग्रवाल ने सभी को पुष्प व अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। उद्घाटन के बाद कलाकारों ने गीत संगीत भी पेश किये। श्री अग्रवाल ने कहा कि यह सीएनजी का हाइड्रेट बाइक है जो सीएनजी व पेट्रोल दोनों से चलेगी। इसकी कीमत 95 हजार रुपये होगी।

# भाजपा को बड़ा झटका, पूर्व कृषि मंत्री सत्यानंद झा बाटुल ने दिया इस्तीफा

## समर्पित कार्यकर्ता को टिकट क्यों नहीं, इस नीति से पार्टी बढ़ रही दुर्गति की ओर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जामताड़ा।** जामताड़ा कोर्ट परिसर में सोमवार को राज्य के पूर्व कृषि मंत्री भाजपा से नाला के पूर्व विधायक सत्यानंद झा बाटुल ने पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को भेज दिया।



पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि वह माधव चंद्र महतो को टिकट देने से नहीं, बल्कि पार्टी के गलत कार्यकलाप से नाराज हैं। उन्होंने कहा कि हजारों की संख्या में दशकों से पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता नाला में मौजूद हैं। बावजूद पार्टी ने एक ऐसे शख्स को टिकट दिया है, जिसे ना तो दल बदलने में देरी लगती है और ना ही विश्वास घात करने में। उन्होंने कहा कि पार्टी को अगर मुझे टिकट नहीं देना था तो कम से कम ऐसे कार्यकर्ता को मिलना चाहिए, जो कई दशक से पार्टी का झंडा ढो रहे हैं और समर्पित हैं। उनकी विधायक बनने की क्षमता भी है।

परंतु पार्टी ने इन सभी मुद्दों को दरकिनार कर उस शख्स के हाथ में टिकट थमा दिया, जिसकी वजह से पार्टी नाला विधानसभा क्षेत्र में दो बार हर का मुंह देख चुकी है।

**क्या कहा मंत्री ने**

बाटुल झा ने कहा कि अपने समर्थकों और विधानसभा क्षेत्र की जनता से विचार विमर्श करने के बाद ही आगे का निर्णय लेंगे। समर्थक और कार्यकर्ता जो चाहेंगे, उसी हिसाब से रणनीति तय होगी। उन्होंने कहा कि इस गलत नीति की वजह से भारतीय जनता पार्टी पूरे संथाल परगना क्षेत्र में बहुत ही दुर्गति की ओर बढ़ रही है।

## एक नजर में

### राज सिन्हा के धनबाद आगमन पर कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

**धनबाद।** विधायक राज सिन्हा के धनबाद पहुंचने पर सोमवार को स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। धनबाद विधानसभा क्षेत्र से तीसरी बार टिकट मिलने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ ढोल नगाड़े और फूल माला से स्वागत किया । बता दें कि राज सिन्हा जालियांवाला बाग एक्सप्रेस (रेल संख्या 12380) से नई दिल्ली से धनबाद पहुंचे। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो उन पर विश्वास जताया है, उसपर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड में हमारी सरकार बनती है तो आर्गेनाइज्ड क्राइम को समाप्त करना सरकार की प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि धनबाद में आधारभुत संरंचना खड़ा करने का संकल्प लिया है। उसे पूरा करेंगे। गली मोहल्ले की सड़कों को दुरुस्त करना, नाली समस्या का स्थायी समाधान, पानी की समुचित व्यवस्था प्राथमिकता में हैं। धनबाद में बढ़ते अपराध को खत्म करना और व्यवसायियों को भयमुक्त वातावरण में व्यापार करने का अवसर देना भी प्राथमिकता सूची में शामिल है।

### ट्रक बाइक को रौंदते हुए होटल में जा घुसा, बाल बाल बचे चालक



**जामताड़ा।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के गोविंदपुर साहिबगंज हाईवे में साई होटल के समीप एक ट्रक मोटरसाइकिल को रौंदते हुए होटल के पार्किंग में जा घुसा। गनीमत रही कि मोटरसाइकिल पर सवार दोनों युवकों को गंभीर चोट नहीं आई है। प्रत्यक्षदर्शी का कहना है कि ट्रक संख्या जेएच 10 सीडी 2030 धनबाद से तेज गति से जमाताडा की ओर जा रहा था। इधर नारोडीह निवासी मुख्तार अंसारी बाइक से गेरेज जा रहा था। तेज गति रहने के कारण ट्रक अनियंत्रित होकर मुख्तार अंसारी की बाइक में टक्कर मारते हुए होटल में जा घुसा। चालक बाइक को छोड़ कर भागने में सफल रहा। घटना के बाद लोगो का हुजूम उमड़ पड़ा। बाइक चालक और होटल के मालिक ट्रक के मालिक ने नुकसान की भरपाई की मांग की है। मौके पर नारायणपुर पुलिस पहुंच चुकी थी।

### मेडिकल टीम ने कई स्कूलों में की बच्चों के स्वास्थ्य की जांच



**मैथन।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निरसा के डॉ सार्थक दास के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने सोमवार को एग्यारकुंड प्रखंड के विभिन्न राजकीय प्राथमिक विद्यालय व मध्य विद्यालयों के बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की। टीम ने 88 बच्चों की आंख, दांत, मुंह, हार्ट, चेस्ट, हाइट और वजन आदि की जांच की। बीमारी से ग्रसित बच्चों की जांच के बाद अभिभावकों को स्वास्थ्य केंद्र आने की सलाह दी। डॉ दास ने कहा कि यह रूटीन जांच है। प्रखंड के सभी राजकीय स्कूली बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर रिपोर्ट जिला शिक्षा विभाग को भेजी जाएगी।

## एसएसपी ने सिंदरी और बलियापुर के चेकपोस्टों का किया निरीक्षण



**सिंदरी।** आसन्न विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक हृदय पी जनार्दन ने सोमवार को सिंदरी और बलियापुर का दौरा किया। उन्होंने सिंदरी एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम के साथ क्षेत्र के अंतर्राज्यीय और अंतर्जिला सीमा पर बने चेकपोस्टों का निरीक्षण कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि निष्पक्ष चुनाव कराना पहली प्राथमिकता है। इस दौरान जिला के चेकपोस्ट पर लगे सीसीटीवी कैमरे से सुरक्षा व्यवस्था जारी है। उन्होंने कहा कि राज्य के बाहर से आनेवाले वाहनों की जांच की जा रही है। पचास हजार रुपये से अधिक लेकर चलनेवाले लोगों से पुलिस जानकारी इकट्ठा कर रही है। विशेषकर जिला में बाहर से आनेवाले शराब पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। उन्होंने सिंदरी थाना प्रभारी संजय कुमार और सर्किल इंस्पेक्टर ज्योति प्रकाश कुजूर के साथ टासरा घाट, डोमगढ़, सरसाकुण्डी सहित अन्य चेकपोस्टों का निरीक्षण किया।

## शत प्रतिशत मतदाता पर्ची का करें वितरण: डीडीसी

### कई कालेजों में हुई बीएलओ की बैठक

**विशेष संवाददाता**

**धनबाद।** अप विकास आयुक्त सादात अनवर ने आज यहां कहा कि चुनाव कार्य के संपादन में बीएलओ की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उनकी ही देखरेख में चुनाव सामान होता है। श्री अनवर आज यहां नगर के विभिन्न कालेजों में आयोजित ब्लाक लेवल ऑफिसर और बीएलओ पर्यवेक्षकों को को की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

विधान सभा चुनाव के आलोक में सोमवार को श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट महिला महाविद्यालय, पी.के. राय मेमोरियल कॉलेज तथा गुरु नानक कॉलेज, भुदा में उपरोक्त स्तर के अधिकारियों के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह डीडीसी श्री अनवर ने सभी बीएलओ को शत



प्रतिशत मतदाता पर्ची का वितरण करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी बीएलओ को मतदान करने के लिए वोटरों को प्रेरित करने, मतदान के दिन सुबह 5:00 बजे बूथ पर पहुंचने, समय पर मॉक पोल शुरू कराने, मतदान से पूर्व सभी बूथ पर पेयजल, शौचालय, रैप, व्हीलचेयर, बिजली सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित कराने, बूथ पर मतदान कर्मियों के ठहरने की व्यवस्था इत्यादि को लेकर दिशा निर्देश दिए। साथ ही मतदाता सूची का सही तरीके से अध्ययन कर लेने, 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं, 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाता, ए.अस.डी. मतदाताओं की पहचान करने, बूथ अवेयरनेस ग्रुप के माध्यम से चुनाव के दिन अधिक से अधिक मतदाताओं को वोट करने के लिए प्रेरित करने, वॉलंटियर के माध्यम से वोटरों की लाइन लगवाने, बूथ पर मतदाताओं के लिए आवश्यक सुविधाओं का ध्यान रखने सहित अन्य बिंदुओं पर निर्देश दिए। इस अवसर पर नोडल पदाधिकारी एवं अपर नगर आयुक्त श्री कमलेश्वर नारायण, डीएसई श्री आयुष कुमार, मास्टर ट्रेनर श्री दिलीप कुमार कर्ण, श्री राज कुमार वर्मा, श्री संजय कुमार, श्री उमेश लाल, श्री कुमार वंदन, श्री आलोक तिवारी, श्री सुभाष आदि उपस्थित थे।

## भाजपा प्रत्याशी तारा देवी ने किया रोड शो

**सिंदरी।** सिंदरी विधानसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी तारा देवी ने बलियापुर और सिंदरी में रोड शो कर जनता से आशीर्वाद प्राप्त करने की कोशिश की। उन्होंने भाजपा का टिकट मिलने के बाद हैदराबाद के अस्पताल में इलाजरत विधायक पति इंद्रजीत महतो से आशीर्वाद लिया और सिंदरी के लिए रवाना हुई। सोमवार को मेमको मोड़ में भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर ने प्रत्याशी तारा देवी को माला पहनाकर रोड शो की शुरुआत की। रोड शो का काफिला बरवाअड्डा, गोविंदपुर, बलियापुर, सिंदरी, गोशाला होते हुए पूरे विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण कर कांड्रा में समाप्त हुआ। प्रत्याशी तारा देवी ने बलियापुर में झारखंड के पुरोधा बिनोद बिहारी महतो की समाधि पर जाकर माल्यार्पण किया। सिंदरी में प्रवेश करते ही उनका स्वागत आतिशबाजी और फूलों की बरसात से की गई। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी बिरसा समिति प्रांगण में बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद गुरुद्वारा में मत्था टेका।

इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी प्रधान डॉ स्मृति नागी ने उन्हें सरोपा देकर सम्मानित किया और विजय की कामना की। काफिला पैदल रोड शो करते हुए शहरपुरा बाजार का भ्रमण किया और शहरपुरा भाजपा कार्यालय पहुंचा, जहां उनका पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया।

## भाजपा नेता उचित महतो के खिलाफ कोर्ट ने जारी किया गिरफ्तारी का वारंट

**धनबाद।** भारतीय जनता पार्टी के नेता सुदामडीह निवासी उचित महतो को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला की अदालत ने गिरफ्तार करने का आदेश पुलिस को दिया है। आरोपी उचित महतो के खिलाफ धनबाद थाना में जमीन की खरीद बिक्री के नाम पर जालसाजी करने एवं पैसा गबन करने का आरोप है।

मामले के वादी महेश कुमार सिन्हा द्वारा धनबाद थाना में 2 सितंबर 2023 को प्राथमिकी दर्ज कराते हुए आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने सहयोगी वीरेंद्र कुमार शर्मा की मिली भगत से दूसरे व्यक्ति की जमीन यह कह कर बिक्री के लिए एग्रीमेंट किया कि उसे पावर ऑफ अटॉर्नी प्राप्त है। जबकि मूल रैयत ने इस कांड में शपथ पत्र देते हुए कहा है कि उसने किसी व्यक्ति को पावर नहीं दिया है। आरोप है कि उचित महतो ने वादी से जमीन के नाम पर लाखों रुपये ले लिये और ना तो जमीन की रजिस्ट्री कराई और ना ही पैसा वापस किया। आरोपी की अग्रिम जमानत अर्जी झारखंड उच्च न्यायालय से खारिज हो चुकी है।

### मतदान केंद्रों पर एएमएफ के तहत सारी सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश



**मैथन।** एग्यारकुंड प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को बीडीओ मधु कुमारी की अध्यक्षता में मतदान केंद्र वाले सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की बैठक हुई। बैठक में बीडीओ ने प्रधानाध्यापकों को एएमएफ के तहत सारी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिया। बीडीओ ने कहा कि विधानसभा चुनाव के लिए बनाए गए विभिन्न मतदान केन्द्रों पर न्यूनतम आवश्यक सुविधाएं पानी, शौचालय, रैंप, पंखा, बिजली, दो चार्जिंग पॉइंट, शौचालय, फर्नीचर आदि पांच दिन के अंदर अपडेट करें। कहा कि मतदान केंद्र वाले विद्यालयों में एएमएफ के तहत जो भी प्राइमरी स्तर पर सुधार कर सकते हैं, वह अविलंब करें। एग्यारकुण्ड प्रखंड क्षेत्र के 45 मतदान केंद्र विद्यालयों में बनाए गए हैं, जहां चुनाव आयोग के निर्देशानुसार निर्धारित न्यूनतम आवश्यकताओं एएमएफ का पूर्णत: पालन करना सुनिश्चित करें। बैठक में प्रमोद कुमार झा, कन्हैया सिंह, विनोद सिंह, सोहेल अख्तर, विष्णु लाल किस्कू, राजीव रंजन मिश्रा, पुरुषोत्तम कुमार सिंह, दिलीप पासवान, सुरेन्द्र कुमार वर्मा, अजीम अंसारी, राजकुमार, धनजंय रावत, मुख्तार अंसारी, गौतम सिंह, कमल सरदार आदि मौजूद थे।

### नारायणपुर के बेजनाथपुर गांव में ट्रांसफॉर्मर खराब, उपभोक्ता परेशान



**जामताड़ा।** नारायणपुर प्रखंड के बेजनाथपुर गांव में स्थापित 64 केबी क्षमता वाला विद्युत ट्रांसफार्मर खराब होने से घरों में पिछले कई दिनों से अंधकार का साम्राज्य है। ग्रामीणों के लाख प्रयास के बावजूद खराब विद्युत ट्रांसफॉर्मर की मरम्मत नहीं हो पाई। बिजली नहीं रहने के कारण लोगों को गर्मी सता रही है, जबकि अन्य प्रकार की समस्याओं से रूबरू होना पड़ रहा है। पिछले 7 दिनों से बिजली चमकने के कारण विद्युत ट्रांसफॉर्मर क्षतिग्रस्त हुआ था। तभी से गांव के सभी घरों से बिजली गायब है। सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए प्रयासरत है, लेकिन स्थानीय विभागीय कर्मी की उदासीनता के कारण खराब ट्रांसफॉर्मर की जगह नया ट्रांसफॉर्मर गांव को नहीं मिला और न मरम्मत की पहल हुई।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशासन ने पूरी ताकत झोंकी

- पोषण सखियां डोर टू डोर मतदाताओं को जागरूक करें

## आईएमए एवं बार एसोसिएशन के साथ बैठक हुई

**विशेष संवाददाता**





**धनबाद।** जिले के मतदान केंद्रों में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन ने पूरी ताकत लगा दी है। विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों के साथ लगातार बैठकों का दौर जारी है। बीते लोकसभा चुनाव में जहां कम मतदान हुए वैसे बूथों पर खास फोकस है। विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए पोषण सखियां अपने अपने क्षेत्र में डोर टू डोर जाकर मतदान करने के लिए मतदाताओं को जागरूक करेंगी। साथ ही इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एवं धनबाद बार एसोसिएशन भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आगे बढ़कर हिस्सा लेगा।

सोमवार को स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने झमाडा के सभागार में बार एसोसिएशन एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के साथ बैठक की। इसके बाद उन्होंने न्यू टाउन हॉल में पोषण सखियों के साथ बैठक कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न भ्रांतियों के कारण शहरी क्षेत्र के मतदाता मतदान में कम रुचि दिखाते हैं। जिस कारण मतदान प्रतिशत अपेक्षा से कम दर्ज होता है। उन्होंने पोषण सखियों से अपने क्षेत्र के हर मतदाता से डोर टू डोर मिलकर उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित करने, एक-एक वोट का महत्व समझाने, मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए जिला प्रशासन द्वारा की गई सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताने, जिन मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में है उन्हें मतदान के दिन मतदान केंद्र तक भेजने, पिछले चुनाव में किस मतदाता ने वोट नहीं किया और क्यों नहीं किया, उसकी जानकारी प्राप्त करने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक के दौरान पोषण सखियों को बताया गया कि जिनके पास वोटर आई कार्ड है परंतु उनका नाम वोटर लिस्ट में नहीं है, वे वोट नहीं दे सकते। जबकि जिनके पास वोटर आई कार्ड नहीं है लेकिन वोटर लिस्ट में नाम है, वैसे मतदाता आयोग द्वारा प्रमाणित 12 अन्य दस्तावेज से मतदान कर सकते हैं। इसके अलावा उन्हें नेशनल वोटर सर्विस पोर्टल (एनएसवीपी), हेल्पलाइन नंबर 1950, वोटर हेल्पलाइन एप सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी दी गई। बैठक के समापन पर सभी ने आगामी विधानसभा चुनाव में निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने और अपने आसपास के लोगों को लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करने की शपथ ली।

बैठक में नगर आयुक्त श्री रविराज शर्मा के अलावा जेएसएलपीएस के डीपीएम, शैलेश रंजन, सहायक नगर आयुक्त शिखा कुमारी, बाल संरक्षण पदाधिकारी श्रीमती साधना कुमारी सहित बड़ी संख्या में शहरी क्षेत्र की पोषण सखियां मौजूद थी। जबकि झमाडा के सभागार में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के झारखंड स्टेट अध्यक्ष डॉ ए. के. सिंह, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री अमरेन्द्र सहाय व अन्य लोग मौजूद थे।

# झरिया में एक ही घराने की दो महिलाओं के बीच होगी चुनावी दंगल

## कांग्रेस की दावेदार पूर्णिमा सिंह की टिकी हैं आलाकमान पर निगाहें

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** जमीन के नीचे कोयले की धधकती आग और ऊपर गुजर बसर करती मजलूमों की जिंदगी के बीच झरिया राजनीति का भी केंद्र बिंदू रहा है। वर्ष 1977 से यहां एक ही घराने का दबदबा कायम है। फिर भी झरिया में धूल, धुआं, भूधंसान, भूमिगत आग, पानी, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार का आलम कायम है। अब भी यहां की राजनीति इन्हीं मुद्दों के ईदगिर्द घूम रही है।

एक बार फिर झरिया विधानसभा सीट पर लड़ाई एक ही घराने के बीच होती हुई दिख रही है। भाजपा के टिकट पर इसी परिवार की बहू रागिनी सिंह चुनाव

## भाजपा से रागिनी सिंह को टिकट मिलने पर कार्यकर्ताओं में दिख रहा उत्साह

मैदान में कूद चुकी हैं। टिकट मिलने से उनके कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। कार्यकर्ता, लोगों के बीच जाने भी लगे हैं। वहीं परिवार की दूसरी बहू पूर्णिमा नीरज सिंह यहां की वर्तमान विधायक हैं। इस बार भी वह झरिया से टिकट की दावेदार हैं। हालांकि आलाकमान की हरी झंडी का इंतजार है। उनका टिकट कन्फर्म नहीं हुआ है। उम्मीद की जा रही है कि इसबार भी वह अपने पट्टीदार के आमने सामने होंगी। यहां पिछले चार दशक से दल से ज्यादा परिवार की भूमिका अहम रही है। दल कोई रहा हो, टिकट इन दो परिवारों को ही मिलता रहा है।





**मजदूर संगठन से मिली थी इस परिवार को पहचान:** इस परिवार को वर्तमान में सिंह मेंशन, रघुकुल और पृथ्वी मेंशन के नाम से जाना जाता है। यानी एक ही परिवार अब तीन टुकड़ों में बंट चुका है। झरिया में इस परिवार की नींव स्वर्गीय सूर्यदेव सिंह ने रखी थी। वह 1964 से 1974 तक कई मजदूर संगठनों में रहकर श्रमिकों की सेवा में जुटे रहे। जेपी आंदोलन में उन्होंने खुलकर भागीदारी निभाई। वर्ष 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर उन्होंने झरिया विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा और पहली बार विधायक बने। उसी वर्ष जनता मजदूर संघ नामक मजदूर संगठन बनाया। मजदूरों के हितों के लिए इसी संगठन के माध्यम से वह अंत तक लड़ते रहे। 1977 से 1991 तक वह झरिया क्षेत्र के विधायक रहे। 1991 में उनके निधन के बाद उचुनाव में उनकी पत्नी कुंती सिंह चुनाव जीतकर विधायक बनीं। उनके छोटे भाई बच्चा सिंह भी वर्ष 2000 में झरिया से विधायक बने थे। राज्य के पहले नगर विकास मंत्री भी बने थे। इसके बाद 2005 और 2009 में कुंती सिंह बीजेपी के टिकट पर फिर चुनाव जीतने में कामयाब रहीं। वर्ष 2014 में उनके पुत्र संजीव सिंह झरिया के विधायक बने। 2019 में सूर्यदेव सिंह के भाई राजन सिंह की पुत्रबधू पूर्णिमा सिंह कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ी और संजीव की पत्नी रागिनी सिंह को हराकर जीत हासिल की थी।

**दूसरी पीढ़ी के आते ही परिवार में पड़ी फूट:** स्वर्गीय सूर्यदेव सिंह का परिवार उत्तरप्रदेश के बलिया जिले से आकर धनबाद में बसा था। उनके जीते जी परिवार में सब कुछ ठीक रहा। उनके मरणोपरांत परिवार में फूट का सिलसिला शुरू हो गया। बड़े होते ही परिवार के बच्चे झरिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एक दूसरे के खून के प्यासे हो गये। इसी कड़ी में स्वर्गीय सिंह के बड़े बेटे राजीव रंजन सिंह लापता हो गए। आज तक उनका कोई अता पता नहीं चला। श्री सिंह के छोटे भाई के बेटे नीरज सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आरोप श्री सिंह के दूसरे बेटे संजीव पर लगा। इस घटना के बाद से वह जेल में हैं। इसके बाद परिवार की कमान बहुओं ने संभाली। वे भी एक दूसरे की घोर विरोधी हैं। परिवार का एक तीसरी हिस्सा पृथ्वी मेंशन भी झरिया में हिस्सेदारी के लिए लड़ाई के मैदान में है। अलग मजदूर संगठन का गठन कर पैठ बढ़ा रहा है। इस परिवार का नेतृत्व जेल में बंद रामधीर सिंह की बहु आसनी सिंह कर रही हैं।

## एक नजर में

### भुलन बरारी रोपवे के बंद स्टोर से हो रही है लोहा की चोरी



सीआइएसएफ ने बरामद किया लोहा लदा पिकअप वैन और जेसीबी

जोड़ापोखर। बीसीसीएल लोदना एरिया अंतर्गत भुलन बरारी रोपवे के बंद स्टोर से जोड़ापोखर पुलिस की मिली भगत से लाखों रुपये की लोहा चोरी हो रही है। सोमवार की अहले सुबह चोरों के दल ने टूटी दीवार से अंदर घुस कर पिकप वैन से दो बार कीमती लोहा चोरी की और झरिया के बढ़ा गोदाम में भेज दिया। तीसरी बार लोड करने के दौरान सीआईएसएफ के जवानों ने छापा मारकर पिकप वैन संख्या जे एच 10सी एस 6379 एवं जसीबी संख्या जे एच 10 बी बी 9812 को दस टन लोहा के साथ जब्त कर जोड़ापोखर पुलिस के हवाले कर दिया। हालांकि मुख्य सरगना राजू खान चकमा देकर भागने में सफल रहा। सीआईएसफ के इंसपेक्टर विजय कुमार शर्मा ने थाना में मामला दर्ज करा दिया है। एक वर्ष से अधिक समय से बंद स्टोर से लोहे की चोरी हो रही है। इसके पहले सागरवा गेंग एवं राजू गेंग के बीच मारपीट हो चुकी है। गोली बारी भी हुई है। भूलन बरारी के एक गोदाम में ड्यूटी पर तैनात बीसीसीएल कर्मियों की पिटाई और बंधक बनाकर भी लोहा की लुट हुई है। राजू का भांजा शाहरुख को पुलिस ने जेल भी भेजा था। उसका गोदाम सुदामदीह पुलिस के सहयोग से पाथरडीह में चल रहा है। राजू ने शालीमार में गोदाम खोलने का प्रयास किया, जिसे स्थानीय लोगों के विरोध के बाद बंद कर देना पड़ा। अब उसने झरिया पुलिस के सहयोग से बनियाहिर में गोदाम खोल दिया है।

### बोकारो-राजगंज फोरलेन सड़क पर हादसे में महिला की मौत, पति जख्मी



**महुदा।** बोकारो से राजगंज जानेवाली फोरलेन सड़क पर मुचिराईडीह डीएवी स्कूल ओवरब्रिज के पास सड़क हादसे में महिला शकीला बीबी की मौत हो गई, जबकि पति जामालउद्दीन अंसारी घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

घटना लगभग 12.30 बजे दोपहर की है। जामालउद्दीन पत्नी को लेकर सलागिडीह चास बोकारो से ससुराल श्यामडीह कतरास जा रहा था। तभी मुचिरईडीह ओवरब्रिज के सामने वाहन के चपेट में आ गया और 48 वर्षीय शकीला बीबी की मौत हो गयी। महुदा थाना प्रभारी धीरज कुमार पहुंचे और घायल जामालउद्दीन को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। इधर आक्रोशित लोगों ने फोरलेन सड़क को जाम कर दिया और मुआवजा की मांग करने लगे। पूर्व विधायक जलेश्वर महतो घटना स्थल पर पहुंचे। बाघमारा के अंचल अधिकारी बाल किशुन महतो भी पहुंचे और मृतक के आश्रितों को कहा कि सरकार के नियमानुसार जरूर मिलेगा। इसके बाद सड़क जाम हटा। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया गया। घटना स्थल पर महुदा थाना प्रभारी धीरज कुमार, बाघमारा थाना प्रभारी चिरंजीत प्रसाद , भाटडीह ओपी प्रभारी अनिल मंडल, कपुरिया ओपी प्रभारी प्रमोद लकड़ा, मधुबन थाना प्रभारी आदि मौजूद थे।


## स्पीड न्यूज

### टुंडी विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी उतारने की मांग



**तोपचांची।** टुंडी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मंडल अध्यक्षों ने सोमवार को झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से मुलाकात कर टुंडी सीट पर भाजपा प्रत्याशी देने की मांग की है। तोपचांची मंडल अध्यक्ष निवास तिवारी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आश्वस्त किया है कि टुंडी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी चुनावी मैदान में होंगे। उन्होंने कहा कि दो दिनों के बाद टुंडी के लिए उम्मीदवारं की घोषणा की जाएगी।

### कापासारा आउटसोर्सिंग के कांटा घर से छह लाख के बटखरा की चोरी



**मैथन।** ईसीएल के कापासारा आउटसोर्सिंग कांटा घर से चोरों ने लगभग छह लाख रुपये मूल्य के बटखारा की चोरी कर ली। बताया जाता है कि रविवार की रात पांच-छह की संख्या में लोहा चोरों ने कापासरा आउटसोर्सिंग कोलियरी के कांटा घर का ताला तोड़ा और आराम से बटखारा लेकर चलते बने। कोलियरी प्रबंधन को घटना की जानकारी सोमवार की सुबह हुई। कोलियरी प्रबंधक मुन्ना सिंह ने स्थानीय पुलिस से लिखित शिकायत की है। साथ ही ड्यटी पर तैनात सुरक्षा गार्ड को सस्पेंड कर दिया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। कोलियरी में 24 घंटा सुरक्षा गार्ड तैनात रहने के बावजूद इतनी बड़ी चोरी सुरक्षा पर सवाल खड़े करती है। बता दें कि कांटा घर से कुछ दूरी पर सुरक्षा गार्ड का रूम है, जहां हर समय गार्ड मौजूद रहता है।

# कलेक्ट्रेट में नामांकन की सभी तैयारियां पूरी





खबर मंत्र संवाददाता

**धनबाद।** विधान सभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने नामांकन करने की तैयारी पूरी कर ली है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा 22 अक्टूबर 2024, को चुनाव की अधिसूचना जारी करेंगी। कलेक्ट्रेट के विभिन्न तल्लों में नामांकन होगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर है। 30 को नामांकन पत्रों की स्क्रुटनी की जाएगी। 1 नवंबर को नाम वापस लेने की अंतिम तिथि रहेगी। 20 नवंबर 2 को मतदान, 23 नवंबर को मतगणना की जाएगी। विधानसभा आम निर्वाचन 2024 में नामांकन करने वाले सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए जमानत की राशि 10 हजार रुपए तथा अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए जमानत की राशि 5000 रुपए है।

**ग्राउंड फ्लोर**

सिंदरी विधानसभा के लिए अभ्यर्थी कलेक्ट्रेट के ग्राउंड फ्लोर में कमरा नंबर 4 में निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता श्री विनोद कुमार तथा निरसा विधानसभा के लिए कलेक्ट्रेट के ग्राउंड फ्लोर में कमरा नंबर 24 में निवार्ची पदाधिकारी सह एडीएम सप्लाई श्री जियाउल अंसारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

**तृतीय फ्लोर**

बाघमारा विधानसभा के लिए अभ्यर्थी तृतीय फ्लोर पर कमरा नंबर 303 में निवार्ची पदाधिकारी सह निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इसके अलावा अभ्यर्थियों के लिए कलेक्ट्रेट के सामने विधानसभा वार हेल्प डेस्क और प्रत्येक फ्लोर पर बैठने की व्यवस्था की गई है।

**प्रथम फ्लोर**

धनबाद विधानसभा के लिए अभ्यर्थी कमरा नंबर 116 में निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, झरिया विधानसभा के लिए कमरा नंबर 108 में निवार्ची पदाधिकारी सह एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा तथा टुंडी विधानसभा के लिए कमरा नंबर 112 में निवार्ची पदाधिकारी सह एलआरडीसी दिलीप कुमार महतो के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

## पुलिस स्मरण दिवस पर एसपी ने शहीद पुलिस कर्मियों को की श्रद्धांजलि अर्पित



खबर मन्त्र संवाददाता

**जामताड़ा।** पुलिस स्मरण दिवस पर जामताड़ा पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मुख्या अतिथि जिला पुलिस कप्तान एहतेशाम बकारिब ने शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर जवानों ने शहीद पुलिस जवानों को सलामी दी और श्रद्धांजलि स्वरुप 2 मिनट का मौन रखा। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हर वर्ष 21 अक्टूबर को पूरे देश में पुलिस स्मरण दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस मौके पर देशभर में शहीद पुलिस के जवानों को श्रद्धांजलि देते हैं। एसपी ने कहा कि यह स्मरण दिवस हमें अपने कर्तव्य और दायित्व की याद दिलाता है और देश तथा फर्ज के लिए सब कुछ न्योछावर करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने देशभर में शहीद हुए पुलिस के जवानों की संख्या उनके नाम के साथ बताया। मुख्यालय डीएसपी संजय कुमार सिंह, प्रशिक्षु डीएसपी चंद्रशेखर, मेजर अजीत कुमार चौबे, सार्जेंट किशोर कुमार ने बारी-बारी से पुष्प अर्पित कर शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि दी।

बीसीसीएल की वादाखिलाफी के कारण दर दर की ठोकर खा रहा पूरा परिवार

## कोयला निकालने के लिए ले ली जमीन, वादा करके भी नहीं दिया नियोजन

खबर मंत्र संवाददाता



**कुमारधुबी।** बीसीसीएल को रैयती जमीन रजिस्ट्री करने के बाद दहीबाड़ी निवासी रामदेव राय पिछले तीन साल से नियोजन के लिए कार्यालय का चक्कर लगा रहा है। बावजूद उनकी कोई सुनने वाला नहीं है। तीन साल पहले तत्कालीन महाप्रबंधक महेंद्र सिंह दूत ने रामदेव राय, किशोरी राय एवं उनके स्वर्गीय चाचा गारू राय से दो एकड़ तीन डिसमिल जमीन की रजिस्ट्री कराई। महाप्रबंधक ने रामदेव राय को आश्वस्त किया था कि 90 दिनों क अंदर नियोजन दे दिया जाएगा।

मगर उस वादे क तीन साल हो गए। बीसीसीएल द्वारा उनकी लगभग आधी जमीन से आउट सोर्सिंग के जरिये सारा कोयला निकाल लिया गया है। इधर रामदेव राय को नियोजन नहीं दिए जाने पर उसकी आर्थिक स्थिति दिन प्रति दिन खराब होती जा रही है। बीसीसीएल के पदाधिकारीयों के रवैये से परेशान उसने उत्पादन ठप करने का निर्णय ले लिया है। कहा कि उपायुक्त धनबाद, भू राजस्व विभाग रांची, अंचलधिकारी कालियासोल, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक, पंचेत ओपी, असिस्टेंट कमांसीवी एरिया को सूचना दे दी है। आर्थिक मार झेल रही उसकी पत्नी न्याय नहीं मिलने पर आत्महत्या की बात कह रही है।

इस संबंध में जब बीसीसीएल सीवी एरिया महाप्रबंधक शशि भूषण कुमार से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि उन्हें जानकारी नहीं थी। उन्होंने तीन चार दिन में इस मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

### भाजपा के प्रत्याशी घोषणा में मंडल समाज की उपेक्षा से रोष



**धनबाद।** झारखण्ड सूड़ी समाज कल्याण समिति धनबाद की छह विधानसभा सीट में चार विधानसभा सीट निरसा, सिंदरी, टुंडी और धनबाद में प्रत्याशी उतारेगी। समिति के जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मंडल ने यह जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि भाजपा ने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है, जबकि प्रत्याशी चयन में मंडल समाज को वंचित रखा गया। निरसा, सिंदरी, टुंडी और धनबाद में मंडल समाज बहुतायत में हैं। इतिहास गवाह है कि सिंदरी विधानसभा जो लालगढ़ माना जाता रहा, वहां फूलचंद मंडल ने जीतकर दिखाया कि मंडल समाज बहुतायत में हैं।अब कोर कमेटी की बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि सुडी समाज चार सीट पर अपना प्रत्याशी उतारेगा। समिति के महासचिव ने कहा कि भाजपा ने 66 सीट पर प्रत्याशी की घोषणा की, पर एक भी सीट पर मंडल समाज से प्रत्याशी नहीं दिया। इससे मंडल समाज में काफी रोष है। प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मंडल, जिला महासचिव सैलन मंडल,जिला उपाध्यक्ष विजय मंडल, के केंद्रीय उपाध्यक्ष सुनील मंडल, केंद्रीय उपाध्यक्ष नुनूलाल मंडल, यूवा जिला अध्यक्ष राजेश मंडल, प्रकाश मंडल, रूपेश मंडल, उत्पल मंडल, विकास मंडल,प्रवीण मंडल, मनोज मंडल, राजीव कुमार, कलियासोल प्रमुख विवेक मंडल, नगर अध्यक्ष मनिंदर मंडल जिला कोषाध्यक्ष हिरण मंडल समेत अन्य उपस्थित थे।

### इनर व्हील क्लब ने वयस्क शिक्षा क्लास में महिलाओं को किया प्रशिक्षित

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** इनर व्हील क्लब ऑफ माइलस्टोन, डिस्ट्रिक्ट 325, चैप्टर 8181 के सौजन्य से सोमवार को कुसुम विहार, फेज 2 स्थित अपर्णा पब्लिक स्कूल, जूनियर विंग में वयस्क शिक्षा कार्यक्रम (प्रौढ़ शिक्षा) का क्लास लिया गया। इस मौके पर इनर व्हील क्लब की पदाधिकारी रेनू कौशल ने कहा कि वयस्क शिक्षा कार्यक्रम का उद्देश्य प्रौढ़ व्यक्तियों को शैक्षणिक विकल्प देना है, जिन्होंने यह अवसर गंवां दिया और औपचारिक शिक्षा की आयु को पार कर चुके हैं।

हालांकि अब वे साक्षरता, आधारभूत शिक्षा, कौशल विकास और इसी तरह की अन्य शिक्षा सहित अन्य तरह के ज्ञान की आवश्यकता का अनुभव कर रहे हैं। इसी के मद्देनजर महिलाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक एवं प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से वयस्क शिक्षा क्लास आयोजित कर महिलाओं को रेलवे के टिकट का फॉर्म भरने, बैंक में फॉर्म भरने, छोटे-छोटे बच्चों को पढ़ाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया है। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष लीना झा, कोषाध्यक्ष रेनू कौशल, मनीषा प्रसाद समेत इनर व्हील क्लब की अन्य सदस्यों ने महिलाओं को प्रशिक्षण देकर सभी को तोहफे के रूप में वस्त्र वितरण किया।

### बंद घर से साढ़े तीन लाख की हुई चोरी

**सिंदरी।** बलियापुर थाना अंतर्गत रांगामाटी सिंदरी के बंद घर से लगभग साढ़े तीन लाख की चोरी का मामला प्रकाश में आया है। रांगामाटी के आइएम 823 -24 निवासी नाभिक मंडल ने घटना की सूचना बलियापुर पुलिस को सोमवार को दी। सूचना के आधार पर पुलिस ने घटना की छानबीन की। भुक्तभोगी ने बताया कि वह परिवार के सभी सदस्यों के साथ रविवार की सुबह नौ बजे टुंडी के महाराजगंज स्थित पैतृक निवास गए थे। उनके पिता की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। सोमवार को 11 बजे आवास पहुंचने पर दरवाजा खुला मिला। उन्होंने बताया कि घर के अंदर देखा तो पाया कि चोरों ने आलमीरा का ताला तोड़कर 50 हजार रुपए नकद सहित लगभग तीन लाख के सोने व चांदी के आभूषणों की चोरी की है। उन्होंने बताया कि घर में लगे सभी चार दरवाजों का ताला काटकर चोरों ने चोरी को अंजाम दिया है।

### क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**कतरास।** विद्या भारती के तत्वावधान में 35 वीं खेलकूद प्रतियोगिता 16 से 18 अक्टूबर तक भागलपुर में हुई। प्रतियोगिता में तीन क्षेत्रीय समितियों से लगभग 400 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें स शि म श से 6 छात्र एवं 3 छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 7 स्वर्ण, 4 रजत, 1 कांस्य पदक लाकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। मालूम हो कि स्वर्ण पदक विजेताओं में सुधांशु चौधरी, आलेख कुमार, शिवम कुमार, शांतनु पटवा, सागर कुमार शामिल हैं। ये अखिल भारतीय 35 वीं राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता सतना मध्य प्रदेश में 23 से 27 अक्टूबर को सम्मिलित होने जाएंगे। आचार्य विवेक कुमार सिंह उनके साथ जाएंगे। विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप खेमका, सचिव विक्रम राजगढ़िया, प्रधानाचार्य अभिमन्यु कुमार, उप प्राचार्य श्रेया सरकार एवं खेल शिक्षक राजकुमार महतो ने सभी विजेताओं की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### आचार संहिता उल्लंघन एवं सांप्रदायिक माहौल बिगड़ने के मामले में दो को पुलिस ने भेजा जेल

**मैथन।** एमपीएल ओपी क्षेत्र के मदनपुर गांव में आचार संहिता का उल्लंघन कर मध्य विद्यालय के बच्चों के बीच कार्यक्रम करने के मामले में गांव के शेख एकाबुल की शिकायत पर पुलिस ने हजार मुस्लिम समाज के उपाध्यक्ष शेख कमरुद्दीन एवं अब्दुल कयूम को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। ज्ञात हो कि रविवार को मदनपुर मध्य विद्यालय में हजार मुस्लिम समाज द्वारा बगैर अनुमति के बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह का वितरण करने का कार्यक्रम था। गांव के ही मुस्लिम समाज के युवकों द्वारा इसका विरोध यह कहकर किया गया कि कार्यक्रम के माध्यम से विधानसभा चुनाव को प्रभावित करने तथा सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने की साजिश है। इस कारण दोनों तरफ से तनाव का माहौल बना हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और मामले को शांत कर दोनों पक्षों को एमपीएल ओपी बुलाया था।

# प्रभावी लीडरशिप के लिए कार्यकुशलता आवश्यक : सुकुमार मिश्र

विशेष संवाददाता





**धनबाद।** आईआईटी (आईएसएम) के निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्र ने आज यहां कहा कि प्रभावी नेता बनने के लिए अनुकूलनशीलता सर्वाधिक विशेषताओं में एक है। श्री मिश्र विभिन्न विश्वविद्यालयों, शैक्षणिक और तकनीकी संस्थानों और उच्च शिक्षा के अन्य केंद्रों के संकाय सदस्यों के नेतृत्व कौशल विकास के लिए आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन कर रहे थे।

श्री मिश्र ने शिविर में भाग लेने वाले संकाय सदस्यों को छात्रों और साथी संकाय सदस्यों के बीच फॉलोवर्स विकसित करने अपने हेड से कॉर्डिअल रिलेशन्स डेवलप करने की सलाह दी। प्रो. मिश्रा ने कहा कि किसी भी संस्थान में इन तीन कारकों के बीच संबंधों का प्रबंधन संबंधित संकाय सदस्यों के सीटुएशनल अडाप्टेबिलिटी स्किल (स्थितिजन्य अनुकूलन क्षमता कौशल) पर निर्भर करता है₹ । बहुत सी चीजें फैकल्टी मेंबर्स के ज्ञान या कौशल पर निर्भर करती हैं।

इस अवसर पर उपस्थित डीन अकादमिक प्रो. एम. के. सिंह ने कहा कि नेतृत्व शिक्षकों की मूल विशेषता है, लेकिन अब उस नेतृत्व को आम जनता के बीच कक्षा से बाहर लाने की आवश्यकता है। उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक पंडित मदन मोहन मालवीय के जीवन और कार्य पर प्रकाश डाला, जिससे प्रेरणा लेते हुए आगे के नेतृत्व कार्यक्रम का पोषण किया गया है।

मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. सोमनाथ चट्टोपाध्याय ने कहा कि भविष्य के नर्चरिंग फ्यूचर लीडरशिप के माध्यम से देश के विभिन्न हिस्सों के लोगों को एक साथ आने और विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर मिलेगा। नर्चरिंग फ्यूचर लीडरशिप प्रोग्राम की समन्वयक प्रो. मृणालिनी पांडे ने स्वागत भाषण देते हुए कहा, ₹यह कार्यक्रम आप में से प्रत्येक को अपनी क्षमता का पता लगाने और एक विशनरी, एम्पथेटिक और इफेक्टिव लीडर बनने में मदद करने के लिए बनाया गया है।

आज के गतिशील और विकसित शैक्षणिक वातावरण में, नेतृत्व कौशल न केवल एक आवश्यकता है, बल्कि बहुत अनिवार्य है। पांच दिवसीय कार्यक्रम में कश्मीर केंद्रीय विश्वविद्यालय, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जामिया मिलिया विश्वविद्यालय, बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, गुरुनानक कॉलेज आदि क्षेत्र के संकाय सदस्य भाग ले रहे हैं।

# दुमका : पुलिस संस्मरण दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** पुलिस संस्मरण दिवस के अवसर पर पुलिस लाईन मैदान में शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर उन्हें पुलिस विभाग ने याद किया। कार्यक्रम एसपी पितांबर सिंह खेरवार के अध्यक्षता में आयोजित हुई।

इस अवसर पर एसपी खेरवार ने कहा कि आज के ही दिन 21 अक्टूबर 1959 को लेह लदाख के हॉट स्प्रीगं में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के डीएसपी करम सिंह अपने 20 बहादुर जवान साथियों के साथ चीनी सेना के साथ अपनी देश की सीमा की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हो गये थे। तब से हम प्रतिवर्ष इस तिथि को पुलिस संस्मरण दिवस के रूप में मनाते है। आज हम उन शहीद जवानों को याद कर नमन करते है। इन शहीद पुलिसकर्मियों में झारखंड पुलिस के 4 पुलिसकर्मी भी शहीद हुए है। जिनमें हवलदार चौहान हेम्ब्रम, आरक्षी सिकंदर सिंह एवं आरक्षी सुकन राम एवं आरक्षी रामदेव महतो शामिल थे। राज्य के शहीद पुलिसकर्मियों के साथ-साथ उन सभी पुलिसकर्मियों को नमन करते है और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते है। जिन्होने विगत एक वर्ष में शहादत दी है। दुमका जिलाबल के पूर्व में शहीद हुए उन सभी आठ पुलिस पदाधिकारियों/कर्मियों को भी नमन करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किया है। इस अवसर पर डीएसपी, जरमुंडी, सदर एवं मुख्यालय समेत संध्याः परिचारी प्रवर पुलिस केंद्र रमेश कुमार मंडल एवं पुलिस केंद्र के परिचारी प्रवर संपत्ति एवं परिवहन शाखा, पुलिस पदाधिकारी, भूतपूर्व पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष, पुलिस कर्मी एवं सहायक पुलिस कर्मियों के द्वारा के द्वारा संध्या में कैंडल जलाकर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किया।

# साहिबगंज डीसी ने मतदाता जागरुकता रथ को किया रवाना



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**साहिबगंज।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर जिले के 1-राजमहल, 2- बोरियों, 3-बरहेट विधानसभा क्षेत्र में दुसरे चरण में 20 नवंबर को मतदान होगा। मतदाता जागरूक होकर अपने मत का प्रयोग करें।

इसके लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत तीनों विधानसभा क्षेत्र के लिए सोमवार को समाहरणालय परिसर से मतदाता जागरूकता रथ को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जागरूकता रथ राजमहल, बोरियों, बरहेट विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्र क्षेत्रों में रोस्टर अनुसार मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य करेगी। हरी झंडी दिखाने के दौरान निर्वाचन पदाधिकारी समेत उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, जिला कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# बोकारो : नक्सल प्रभावित मतदान केंद्रों का डीसी व एसपी ने किया निरीक्षण



**बोकारो।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने विधानसभा चुनाव को लेकर सीआरपीएफ के ठहराव व मतदान को लेकर कुर्कनालो गोमिया कंजकिरो नावाडीह हुरलुंग तिसकोपी आदि मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था सहित मतदाताओं के लिए अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरे में एसपी मनोज स्वर्गियारी, डीडीसी गिरिजा शंकर प्रसाद, क्षेत्रीय उप निदेशक जियाडा मनोज कुमार, अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।


भारत सरकार

**कार्यालय अपर आयकर निदेशक (अन्वे.), राँची**

**सातवाँ तल्ला, केन्द्रीय राजस्व भवन एनेक्सी, एम. जी. रोड, राँची-834001**

**आवश्यक सूचना**

झारखण्ड विधानसभा चुनाव- 2024 के दौरान झारखण्ड के विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में अवैध एवं काले धन का प्रवाह तथा उपयोग रोकने हेतु एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है। नियंत्रण कक्ष दिनांक 16.10.2024 से मतदान के समाप्ति तक, 24 घंटे कार्यरत रहेगा। काले एवं अवैध धन के प्रवाह/उपयोग संबंधी सूचना/शिकायत आयकर विभाग को निम्नलिखित माध्यम से दी जा सकती है :-

**(1) Toll Free (निःशुल्क) फोन नं. : 1800-345-5018, 1800-345-5019**

**(2) WhatsApp No.: 9693510277 (केवल सन्देश प्राप्त करने हेतु)**

**(3) E-mail: jharkhand.nodal.election@incometax.gov.in**

काले एवं अवैध धन के प्रवाह/उपयोग संबंधी सूचना देने वाले का नाम एवं पता गुप्त रखा जायेगा।

**अपर आयकर निदेशक(अन्वेषण)**

**-सह- राज्य नोडल अधिकारी झारखण्ड, राँची**


## स्पीड न्यूज

### साहिबगंज : चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया का पूर्वभ्यास



साहिबगंज। झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के परिप्रेक्ष्य जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती की उपस्थिति में 1-राजमहल विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी कपिल कुमार, 2-बोरियो विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार, 3-बरहेट के निवार्ची पदाधिकारी गौतम कुमार भगत ने नामांकन प्रक्रिया का पूर्वभ्यास किया।

### दुमका : अवैध पत्थर लदे चार वाहन जब्त

दुमका। डीसी आंजनेयुलु दोड्डे के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी ने मुफसिल थाना क्षेत्र में सोमवार को अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन को लेकर कार्रवाई की है। खान निरीक्षक ने वाहनों की जांच के क्रम में अवैध रूप से चिप्स-पत्थर ले जाते चार अवैध वाहनों को जप्त किया। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार के निर्देश पर अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के रोक थाम को लेकर खान निरीक्षक बह्मदेव यादव ने सोमवार को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रिंग रोड के समीप एक बजे वाहनों की जांच की। जांच के क्रम में चार वाहन चिप्स-पत्थर ले जाते पाये गए। जिला खनन पदाधिकारी ने कहा है कि जिले में किसी कीमत पर अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आमजनों से भी अपील किया है कि जिले में कही भी अवैध खनन, परिवहन या भंडारण होते देखते है, तो इसकी सूचना दे।

### दुमका : बच्ची को ऑटो ने रौंदा, मौत

दुमका। हंसडीहा थाना क्षेत्र के नोनीहाट-बासुकीनाथ मुख्य मार्ग पर धोबई नदी नोनीहाट समीप ऑटो ने चार वर्षीय बच्ची को अपनी चपेट में ले लिया। बच्ची कल्पना कुमारी जो कि अपनी दादी के साथ गाय चरा कर अपने घर वापस आ रही थी। इसी दौरान नोनीहाट की ओर से आ रही तेज रफ्तार ऑटो ने बच्ची को ठोकर मार दिया, जिससे बच्ची सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने घायल कल्पना कुमारी को इलाज को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए फूलों-झानों मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाये, जहां इलाज के दौरान कल्पना की मौत हो गई। स्थानीय ग्रामीणों ने ऑटो पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया। मृतिका कल्पना अपने पिता विशाल राय एवं माता राबड़ी देवी की एकमात्र पुत्री थी।

### ढोरी के पूर्व महाप्रबंधक अग्रवाल का अभिनंदन



बेरमो। सीसीएल ढोरी क्षेत्र के पूर्व महाप्रबंधक सह बीसीसीएल के डीटी मनोज कुमार अग्रवाल का बेरमो आगमन पर बेरमो संयुक्त मोर्चा के नेताओं ने अंगवस्त्र एवं गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। नेताओं ने कहा कि इनका ढोरी क्षेत्र का कार्यकाल बहुत ही सुंदर रहा। पीइएसबी के द्वारा इनका चयन बीसीसीएल कंपनी (कोल इंडिया) के लिए तकनीकी निदेशक के पद हुआ हैं। हमसभी को पूर्ण विश्वास है कि अपने कुशल नेतृत्व से कोयलाकर्मी के विकास के साथ कोयला उत्पादन में एतिहासिक कार्य करेंगे। वहीं पूर्व महाप्रबंधक अग्रवाल ने कहा कि ढोरी क्षेत्र में कार्य करनें का अनुभव बहुत अच्छा रहा। ढोरी क्षेत्र के कामगार, यूनियन प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी ओर यहां के लोगों का सहयोग मिला। जो हमेशा मनमस्तिष्क में रहेगा।

# साहिबगंज : सरकारी विदेशी शराब की दुकान में बनाई जा रही थी नकली शराब

## छपामारी के पहले ही कर्मचारी हुए फरार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तालझारी।** सरकारी शराब दुकान की आड़ में बेचा जा रहा था नकली शराब, ग्राहक ने ऐसे किया भंडाफोड़। जिस मकान में नकली शराब बनाते हुए पकड़ा गया है वह सरकारी लाइसेंसी दुकान अनिल महतो नामक एक व्यक्ति के मकान में चलता है। यहां करीब एक साल से सरकारी अनुज्ञप्ति विदेशी शराब दुकान चल रहा है। गुप्त सूचना के आधार पर एस आई टी के टीम ने साहिबगंज के तालझारी में विदेशी सरकारी शराब दुकान में करीब दस से पंद्रह लाख के अवैध नकली शराब को जब्त किया गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कल्याणी महाराजपुर इमली मोड़ के पास सरकारी लाइसेंसी विदेशी शराब दुकान में सोमवार की सुबह आठ बजे एसआई टी की टीम ने अवैध भारी मात्रा में नकली शराब को पकड़ा है। साथ ही नकली शराब बनाने का समान एवं विभिन्न ब्रांड के खाली बोतल, रेफर, स्कैनिंग लोगो और केमिकल भी बरामद किया है।



### ग्राहक ने देखा नकली शराब बनाते हुए

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह एक ग्राहक उस विदेशी शराब दुकान में शराब खरीदने के लिए गया था। ग्राहक ने दुकानदार से शराब की मांग की थी, लेकिन शराब देने ने इनकार करते हुए कहा गया कि दस बजे के बाद शराब की दुकान खुलेगी इस समय शराब मिलेगा। वहीं ग्राहक ने पेशाब करने को कहकर दुकान के अंदर घुस गया। अंदर घुसने पर नकली शराब बनाए जाने की गंध के कारण वे रसोई घर में घुसकर देखा तो अचंभित रह गया। वहां रसोई घर में नकली शराब बनाया जा रहा था। पूछने पर दुकानदार की ओर से आनाकानी किया गया।

### फरार हुआ दुकानदार

माहौल बिगड़ता देख शराब दुकानदार भाग निकला जबकि लोगों ने इसकी सूचना तालझारी थाना पुलिस को दे दी। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी हरकत में आ गए। मौके पर राजमहल डीएसपी विमलेश कुमार त्रिपाठी, पुलिस इंस्पेक्टर श्यामलाल हांसदा, थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज, बीडीओ पवन कुमार, **सीओ राम सुमन प्रसाद, उत्पाद विभाग के निरीक्षक प्रवीण कुमार राणा, एस आई सियाराम पंडित, एएसआई मनोज कुमार आजाद सहित दर्जनों पुलिस बल मौके पर पहुंच कर मामले की जांच की। टीम ने करीब लगभग दस से पंद्रह लाख रुपये का नकली शराब जब्त किया है। साथ ही दुकान के कैश काउंटर से 52,690 रुपए नगद भी बरामद किया गया है।**

### क्या कहते हैं राजमहल डीएसपी राजमहल डीएसपी विमलेश कुमार

विमलेश त्रिपाठी ने बताया कि सोमवार की सुबह 8:30 लगभग तालझारी थाना प्रभारी को सूचना मिली सरकारी विदेशी शराब दुकान के बगल कमरे में कुछ लोगों के द्वारा मिलावटी नकली शराब बनाया जा रहा है। सूचना पर तालझारी थाना के पुलिस, सीओ तालझारी, बीडीओ, एक्साइज के टीम पहुंच कर जांच करने पर पता चला कि अंग्रेजी शराब में केमिकल मिलाया जा रहा था।


उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, सिमडेगा

(जिला सामान्य शाखा)

**आम सूचना**

सिमडेगा जिला में विधानसभा चुनाव-2024 स्वच्छ, शान्तिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से संपन्नकराने के उद्देश्य से आयुध अधिनियम, 1959, एवं शस्त्र नियमावली, 2016 (यथा संशोधित) एवं 2019 (यथा संशोधित) के सुसंगत प्रावधानों के अर्न्तगत जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्र (कारतूस सहित) को सत्यापन के बाद (कतिपय मामलों को छोड़कर) शस्त्र विक्रेता अथवा संबंधित थाना/ओ0पी0 में जमा किये जाने का आदेश निर्गत किया जा चुका है। तदनुसार एतद् द्वारा जिले में आवासित वैसे सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों, जिनकी अनुज्ञप्ति झारखण्ड राज्य के अन्य जिले या अन्य राज्य से निर्गत है, का सूचित किया जाता है कि वे दिनांक- 22.10.2024 के अपराह्न 03:00 बजे तक संबंधित थाना /ओ0पी0 अथवा अनुज्ञप्तिधारी शस्त्र विक्रेता के पास अपने शस्त्र (कारतूस सहित) को जमा कराकर पावती प्राप्त कर लें तथा इसकी सूचना जिला सामान्य शाखा, समाहरणालय भवन ब्लॉक-A (मो0 नं0 - 8521415020) में देने का कष्ट करें।

किसी भी अनुज्ञप्तिधारी द्वारा उपर्युक्त आदेश का अनुपालन नहीं करने के स्थिति में उनके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा- 223 के अंतर्गत समुचित कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

प्रभारी पदाधिकारी, जिला सामान्य शाखा, सिमडेगा। | अपर समाहर्ता, सिमडेगा। | उपायुक्त, सिमडेगा।

PR.NO.339348 Simdega(24-25):D


# बेरमो : मंत्री संग गुरु जी से मिलने पहुंचे विस्थापित नेता, बताई समस्या



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** सोमवार को बेरमो अनुमंडल के युवा विस्थापित नेता अपने सहयोगियों और दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा के सुप्रिमो सह गुरु जी से उनके आवास पर बेरमो के युवा विस्थापित नेता मो इस्लाम अंसारी मिले और उन्हें गुलदस्ता देकर स्वागत करने के साथ-साथ उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरु जी से बातचीत के क्रम में विस्थापित नेता अंसारी ने बेरमो कोयलांचल में विस्थापितों के साथ सीसीएल प्रबंधन द्वारा किए जाने वाले शोषण से उन्हें अवगत करवाने के साथ साथ उन से निजात के लिए मार्ग दर्शन लिए। ज्ञात हो कि इस पुरे मौके पर दर्जा प्राप्त मंत्री सह रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष फागु बेसरा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बताता चलू कि अंसारी वर्तमान में रैयत विस्थापित मोर्चा के जारंगडीह शाखा अध्यक्ष होने के साथ साथ एससी/एसटी ओबी के बेरमो अनुमंडल सचिव भी है। इस मौके पर मो वशीम अंसारी, मो अयूब, देव मुर्मू, अब्दुल रज्जाक आदि लोग शामिल थे।

# डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने किया कुर्रा गांव का दौरा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** चलो गांव की ओर अभियान की कड़ी में डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने निकटवर्ती चास प्रखंड अंतर्गत कुर्रा गांव का भ्रमण किया। इसके जरिए बच्चे ग्रामीण परिवेश वहां के लोगों के रहन सहन और संस्कृति से रूबरू हुए। राजकीय मध्य विद्यालय कुर्रा में आयोजित साझा मिलन के दौरान गांव के बच्चों के साथ उन्होंने खेला नाचे गाए और जमकर मस्ती की। डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने एकलव्य द्रोणाचार्य प्रसंग पर आधारित नृत्य से गुरु शिष्य परंपरा की महत्ता रेखांकित की। इस शैक्षणिक भ्रमण में डीपीएस बोकारो की कक्षा 8 के छात्र छात्राओं के साथ प्राचार्य डॉ एएस गंगवार सहित कई शिक्षक भी शामिल हुए। प्राचार्य डॉ गंगवार ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के कथन उद्धृत करते हुए कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है। बच्चों को अपनी सामाजिक जड़ों व दायित्वों से जोड़कर रखना आवश्यक है। इस दौरान प्राचार्य डॉ गंगवार ने वहां विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया तथा गांव के लगभग 500 छात्र छात्राओं के बीच स्टेशनरी किट एवं खाने पीने की वस्तुओं का वितरण किया गया। बच्चों के खेलने के लिए फुटबॉल भी प्रदान किया गया।


समाहरणालय, लातेहार

(प्रशिक्षण कोशांग)

विधान सभा निर्वाचन, 2024 के लिए नियुक्त मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्न प्रकार से निर्धारित है।

प्रशिक्षण केन्द्र:- 1 गाँधी इण्टर कॉलेज, लातेहार

2 बनवारी साहु महाविद्यालय, लातेहार

प्रशिक्षण अवधि:- 09:30 बजे पूर्वाह्न से 04:30 बजे अपराह्न तक।

प्रशिक्षण केन्द्रवार मतदान कर्मियों के प्रखण्ड का आवंटन

| दिनांक | मतदान कर्मी | गाँधी इण्टर कॉलेज, लातेहार में आवंटित प्रखण्ड | बनवारी साहु महाविद्यालय, लातेहार में आवंटित प्रखण्ड | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 22.10.2024 | पीठासीन पदाधिकारी एवं प्रथम मतदान पदाधिकारी | लातेहार एवं महुआडाँड़ | बालूमाथ एवं गारू | |
| 23.10.2024 | पीठासीन पदाधिकारी एवं प्रथम मतदान पदाधिकारी | चन्दवा, बरवाडीह एवं हेरहंज | मनिका एवं बारियातु | |
| 24.10.2024 | द्वितीय मतदान पदाधिकारी एवं तृतीय मतदान पदाधिकारी | लातेहार एवं हेरहंज | मनिका एवं बारियातु | |
| 25.10.2024 | द्वितीय मतदान पदाधिकारी एवं तृतीय मतदान पदाधिकारी | चन्दवा, बालूमाथ एवं गारू | बरवाडीह एवं महुआडाँड़ | |
| 26.10.2024 | महिला मतदान कर्मी (PO,P1,P2,P3) | बरवाडीह, महुआडाँड़, गारू, मनिका, बालूमाथ, बारियातु एवं हेरहंज | लातेहार एवं चन्दवा | |

नोटः- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के निदेशानुसार प्रशिक्षण कक्ष में मोबाईल फोन का उपयोग पूर्णतः निशिद्ध है।

ह0/-

प्रभारी पदाधिकारी,

प्रशिक्षण कोशांग, लातेहार।

PR 339338 Election(24-25)D


# डॉ पूजा ने विश्व रिकॉर्ड बनाया, मुफ्त प्रशिक्षण से बदली शिक्षा की तस्वीर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** शैलपुत्री कात्यायनी फाउंडेशन की निदेशक डॉ पूजा ने रविवार को एक अद्वितीय उपलब्धि हासिल की है। जिससे उन्हें लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और महाराष्ट्र रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया है। उन्होंने बिहार और झारखंड के विद्या भारती विद्यालय में अभिभावकों, शिक्षकों, प्रिंसिपल और छात्रों को 400+ घंटे का मुफ्त प्रशिक्षण देकर यह विश्व रिकॉर्ड बनाया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कोहिनूर ग्रुप ऑफ कंपनीज के एमडी कृष्ण कुमार गोयल थे, जबकि अन्य अतिथियों में लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के इंटरनेशनल चेयरमैन डॉ. अविनाश डी. साकुंदे, बॉलीवुड अभिनेत्री निधि तापड़िया, भूमाता ब्रिगेड और भूमाता फाउंडेशन की संस्थापक तृप्ति देसाई और पुणे के भाजपा शहर अध्यक्ष धराज घाटे शामिल थे। यह सम्मान जवाहरलाल नेहरू संस्कृति सभागार, पुणे में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया। डॉ पूजा की इस उपलब्धि ने शिक्षा के क्षेत्र में उनकी समर्पण और प्रतिबद्धता को दशार्या है और उन्हें एक प्रेरणा के रूप में स्थापित किया है।

**सम्मान और उपलब्धियां:**

- लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स
- महाराष्ट्र रत्न सम्मान
- 400+ घंटे मुफ्त प्रशिक्षण

# कसमार के त्रियोनाला में हाथियों ने फसलों को रौंदा



**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के त्रियोनाला में लगातार चार दिनों से बच्चों समेत 23 जंगली हाथियों का एक झुंड ने पांच दर्जन से ज्यादा किसानों के खेतों में लगे धान फसलों को खा लिया और पैरों से रौंद डाला। जंगली हाथियों की झुंड को त्रियोनाला के ग्रामीणों ने धान खेतों से हाथियों को खदेड़ा। त्रियोनाला गांव में किसानों के खेतों में लगे धान फसल अनुमानित लगभग 600 क्विंटल धान की भारी क्षति हुई है। फसलों की क्षति कसमार प्रखंड के त्रियोनाला गांव के किसान जगेश्वर मुर्मू जितेन्द्र रोया मांझी बलराम बास्के जीवन मांझी श्यामलाल सोरेन सनीराम मांझी धुमा मांझी मोहरमांझी सोहराय किस्कू दुखु मांझी रामप्रसाद सोरेन रामसिंह मुर्मू रामेश्वर मांझी राजु मुर्मू रामजीत मांझी सहित दर्जनों किसानों की धान फसलों की क्षति हुई है।


**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**

**(मीडिया कोषांग)**

**सूचना**

एतद् द्वारा सभी को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा दिनांक-15.10.2024 को विधानसभा आम चुनाव की घोषणा कर दी गयी है। दिनांक-15.10.2024 से ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गयी है।

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में चुनाव प्रचार सामग्रियों के मुद्रण / प्रकाशन के संबंध में निम्नलिखित प्रावधान अभिलिखित है :-

धारा-127"(क) पुस्तिकाओं, पोस्टरों आदि के मुद्रणों पर निर्बन्धन

(1) कोई भी व्यक्ति कोई ऐसी निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर जिस के मुख्य पृष्ट पर उसके मुद्रक और प्रकाशक के नाम और पते न हों, मुद्रित या प्रकाशित न करेगा और न मुद्रित या प्रकाशित कराएगा।

(2) कोई भी व्यक्ति किसी निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर को :-

(क) उस दशा के सिवाय न तो मुद्रित करेगा, और न तो मुद्रित करायेगा। जिसमें वह उसके प्रकाशक की अनन्यता के बारे में अपने द्वारा हस्ताक्षरित और ऐसे दो व्यक्तियों द्वारा जो उसे स्वयं जानते हैं, अनुप्रमाणित द्विप्रतीक घोषणा मुद्रक को परिदत कर देता है; तथा

(ख) उस दशा के सिवाय न तो मुद्रित करेगा, और न तो मुद्रित कराएगा, जिसमें कि मुद्रक घोषणा की एक प्रति दस्तावेज की एक प्रति के सहित-

(i) उस दशा में जिसमें कि वह राज्य की राजधानी में मुद्रित की जाती है, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को, तथा

(ii) किसी अन्य दशा में उस जिले के जिसमें कि वह मुद्रित की जाती है, जिला मजिस्ट्रेट को दस्तावेज के मुद्रण के पश्चात् युक्तियुक्त समय के भीतर भेज देता है।

(3). इस धारा के प्रयोजनों के लिए -

(क) दस्तावेज की अनेकानेक प्रतियां बनाने की किसी ऐसी प्रक्रिया की बाबत जो हाथ से नकल करके ऐसी प्रतियां बनाने से भिन्न है, यह समझा जायेगा कि वह मुद्रण है, और "मुद्रक" पद का अर्थ तद्नुसार लगाया जायेगा, तथा

(ख) "निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर" से किसी अभ्यर्थी या अभ्यर्थियों के समूह के निर्वाचन को सम्पवर्तित या प्रतिकूलतः प्रभावित करने के प्रयोजन के लिए वितरित कोई मुद्रित पुस्तिका, पर्चा या अन्य दस्तावेज जो निर्वाचन के प्रति निर्देश करने वाला कोई प्लेकार्ड या पोस्टर अभिप्रेत है, किन्तु किसी निर्वाचन सभा की तारीख, समय, स्थान और अन्य विशिष्टयों को केवल आख्यापित करने वाला या निर्वाचन अभिकर्ताओं या कार्यकर्ताओं को चर्या संबंधी अनुदेश देने वाला कोई पर्चा, प्लेकार्ड या पोस्टर इसके अंतर्गत नहीं आता।

(4) जो कोई व्यक्ति उपधारा (1) या उपधारा (2) के उपबन्धों में से किसी का उल्लंघन करेगा वह कारावास से, जिसकी अवधि 6 (छः) मास तक की हो सकेगी या जुर्माने से, जो दो हजार रुपये तक का हो सकेगा, या दोनों से, दण्डनीय होगा।

उपर्युक्त के आलोक में मुद्रक द्वारा प्रिंट सामग्री प्रिंटिंग के तीन दिनों के भीतर चार प्रतियों में प्रकाशक के घोषणा पत्र के साथ नोडल पदाधिकारी, निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग (विधानसभा चुनाव, 2024) तथा मीडिया कोषांग, कोडरमा (जिला सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय) को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी

-सह-उपायुक्त, कोडरमा

PR 339351 IPRD(24-25)#D

# दल-बदल का मौसम

राज्य में विधानसभा चुनाव में भाजपा सहित अन्य दलों की सूची जारी होते ही भगदड़ मच गयी है। ऐसा होना राजनीति में कोई आश्चर्य का विषय भी नहीं है। राजनीति आज जिस मुकाम पर खड़ी है वहां दलगत शुचिता और शुद्धता कोई मायने नहीं रखता है। कौन किस दल में था और किस दल में चला जायेगा यह उस व्यक्ति के राजनैतिक लाभ पर निर्भर करता है। आदर्श और विचार जैसे कोई शब्द अब व्यर्थ हो चुके हैं। चुनाव की तिथि घोषित होते ही झारखंड में यह प्रकिया आंरभ हो गयी है जो नामांकन के अंतिम दिन तक जारी रहेगी। आखिर राज्य की राजनीति का उदेश्य विधायक बनना, मंत्री बनना और मुख्यमंत्री बनना ही तो है। थोपे गये नेता भी आराम से धन बल का उपयोग कर चुनाव जीत लेते हैं। अगर ईमानदार समीक्षा हो तब यह बात सामने आती है कि लोकतंत्र में आम लोग पर झूठ, धन बल, जन बल सहित तमाम वैसी प्रकिया जो अब सोशल मीडिया के माध्यम से चलाई जा सकती है उसका सहारा लिया जा रहा है। चुनाव आयोग की निगरानी एक सीमा तक काम तो करती है लेकिन चुनाव की व्यापकता और तंत्र की कमजोरी से पूरी तरह से जीत नहीं पाती। आम लोगों को एक कर्मठ, ईमानदार, समाज को समझने वाला, सुविधाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने वाला जन प्रतिनिति चाहिए। दुर्भाग्य से विकास के साथ चुनाव में धनबल का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। झारखंड के निर्माण से अब तक राजनीतिक अस्थिरता और विकास का क्रम धीमा होना एक श्राप सा हो गया है। राज्य का निमार्ण जिन उदेश्यों से हुआ वह मुद्दा कहीं खो सा गया है। आज झारखंड की राजनीति में भागम भाग बरकरार है और यह दर्शाता है कि राज्य का विकास से अधिक सत्ता की चाहत वाले लोग आज भी बरकरार है जो राज्य के अभिमान और लोकतंत्र को चोट पहुंचा रहें हैं।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

**मेष :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम वाला बन रहा है। शुभांक-1-5-7

**वृष :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7

**मिथुन :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-3-6-7

**कर्क :** परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-4-3-6

**सिंह :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-9

**कन्या :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-3-5-6

**तुला :** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। पारिवारिक विवाद टालें। शुभांक-2-6-7

**वृश्चिक :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। बातचीत में संयम बरतें। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-7

**धनु :** खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के योग बनेंगे। शुभांक-2-4-5


**मकर :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। शुभांक-5-7-9

**कुंभ :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-3-6-9

**मीन :** आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-5-6

# दिल्ली ब्लास्टः कहीं बड़ी साजिश का ट्रायल तो नहीं?





-डॉ रमेश ठाकुर

> गनीमत ये समझा जाए कि घटना का दिन रविवार था। जिस सीआरपीएफ स्कूल की बाउंड्री के पास ब्लास्ट हुआ वो बंद था। साथ ही वक्त सुबह का था और स्थानीय लोगों की आवाजाही भी न के बराबर थी। खुदा न खास्ता अगर ये घटना वर्किंग डे में हुई होती, तो जानमाल के नुकसान का अंदाजा भी नहीं लगाया जा सकता। एकाएक दिमाग में सभी के यही आ रहा है कि कहीं कानून-व्यवस्था की

**करवा** चौथ के दिन और दीपावली त्योहार के समय दिल्ली में ब्लास्ट होने की घटना को सामान्य तो कतई नहीं कहा जाएगा। हो सकता है, इसके पीछे कोई बड़ी साजिश का ट्रायल किया गया हो? शायद दहशतगर्द या आतंकी संगठन ये देखना चाहते हों कि बम के ट्रायल पर दिल्ली की कानून-व्यवस्था कितनी चाक-चौबंद है और जांच तंत्र क्या रिएक्ट करेगा? यह भी हो सकता है कि वो हमारी जांच एजेंसियों की जांच को भी परखना चाहते हों? ऐसी आंशका इसलिए जग रही है, क्योंकि दिल्ली पुलिस ने भी किसी बड़ी साजिश से फिलहाल इनकार नहीं किया है। दिल्ली में पहले भी कई मर्तबा बम ब्लास्ट और आतंकी घटनाएं हुई हैं। पर, उनमें और इस घटना में कुछ फर्क है। 20 अक्टूबर को सुबह फटे बम के बाद दूर-दूर तक धुआं ही धुआं फैल गया। लोगों को सांस लेने में दिक्कत हुई। तेज बदबू इलाके में फैल गई। आसपास के घरों की नींव भूकंप की भांति हिल गई।

गौरतलब है कि गृह मंत्रालय की खुफिया एजेंसी आईबी के पास इस तरह के इनपुट थे कि त्योहारों के वक्त दिल्ली-एनसीआर में कहीं न कहीं कोई आतंकी घटना घटने की आशंका है। कमोबेश वैसा होता भी दिखाई दिया। खुफिया इनपुट के बावजूद अगर ऐसी घटना घटती है तो कानून तंत्र, खुफिया विभाग, एंटी टेरर विंग पर सवालिया निशान उठना लाजिमी हो जाता है। अगर वह गहरी नींद में न सोते, तो ये हादसा शायद नहीं होता। पर, अकसर होता यही है जिम्मेदार एजेंसियां इस तरह की नाकामी कभी अपने पर नहीं लेतीं। दिल्ली में कुछ महीनों बाद विधानसभा चुनाव होने हैं। बॉर्डर पर किसानों का पहरा है। भीड़भाड़ तो सदैव दिल्ली में रहती ही है। इसके अलावा पूरी केंद्र सरकार, ब्यूरोक्रेट लॉबी सभी यहीं बसती है। इसलिए देश की राजधानी दिल्ली में खुफिया एजेंसियों और कानून तंत्र को चौबीसों घंटे चौकन्ना रहना चाहिए। पर, अफसोस ऐसा होता नहीं? दहशतगर्द उनकी नाक के नीचे घटनाओं को अंजाम देकर चुपके से निकल जाते हैं, उसके बाद जांच के नाम पर लाठी पीटी जाती है। फिलहाल, ऐसी बातों पर गौर न कर, मौजूदा घटना की जड़ तक पहुंचने की आवश्यकता है।

गनीमत ये समझा जाए कि घटना का दिन रविवार था। जिस सीआरपीएफ स्कूल की बाउंड्री के पास ब्लास्ट हुआ वो बंद था। साथ ही वक्त सुबह का था और स्थानीय लोगों की आवाजाही भी न के बराबर थी। खुदा न खास्ता अगर ये घटना वर्किंग डे में हुई होती, तो जानमाल के नुकसान का अंदाजा भी नहीं लगाया जा सकता। एकाएक दिमाग में सभी के यही आ रहा है कि कहीं कानून-व्यवस्था की तैयारियों का जायजा तो नहीं लेना चाहते थे बम ब्लास्ट करके आतंकी? ऐसे अंदेशा पुलिस को भी है। पर जो भी हो, रविवार तड़के स्कूल के बाहर फटे इस बम की तेज आवाज ने पूरी दिल्ली में दहशत जरूर फैला दी है। घटना के वक्त आधी दिल्ली सोई हुई थी। पुलिस ने एहतियातन पूरी दिल्ली को अलर्ट पर रखा है और सर्तकता बढ़ा दी है।

यह घटना सुबह करीब 7 बजे के आसपास हुई। एनएसजी, एंटी टेरर विभाग, दिल्ली पुलिस व अन्य जांच एजेंसियां पड़ताल में एक्टिव हैं। सफेद रंग की कुछ पुड़िया और ज्वलंत पदार्थ सामग्री बरामद की गई है। शुरूआती जांच में बम देशी बताया गया है।

लेकिन उसकी क्षमता से एजेंसियों का दिमाग चकराया हुआ है। अमूमन देसी बमों में इतनी ताकत और तेज आवाज नहीं होती। इसलिए हादसा दूसरी ओर भी इशारा करता है। घटना रोहिणी जिले के प्रशांत विहार स्थित सीआरपीएफ स्कूल के बाहर घटी। स्कूल में ज्यादातर छात्र डिफेंस से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों के पढ़ते हैं। हादसे के संदेश क्या हैं? ये तो जांच की थ्योरी से ही पता चलेगा? लेकिन दिल्ली वासियों में दहशत अच्छी-खासी पैदा हो गई है। खासकर उस स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों और अभिभावकों में। प्रत्यक्षदर्शी बताते हैं कि जब बम फटा तो उसकी आवाज 200-250 मीटर तक सुनाई दी। चारों ओर धुआं ही धुआं दिखा। धमाके से गंदी बदबू भी फैली, जो जांच एजेंसियों के लिए पहेली बनी हुई है। धमाके से आसपास खड़ी गाड़ियों के शीशे चटक गए और दुकानों को भी नुकसान हुआ।

अंत में जो नहीं होना चाहिए, वह होना आरंभ हुआ। ब्लास्ट की घटना पर राजनीति भी शुरू हो गई है। प्रदेश की मुख्यमंत्री आतिशी ने केंद्र सरकार पर हमला करते हुए दिल्ली की कानून-व्यवस्था को रामभरोसे बता दिया। उन्होंने कहा कि जब आईबी के पास इनपुट पहले से थे कि दिवाली से पहले दिल्ली में कोई हादसा हो सकता है, तो फिर केंद्र सरकार और उनकी पुलिस क्यों सतर्क नहीं हुई?

दिल्ली में कुछ महीनों बाद विधानसभा चुनाव होने हैं। बॉर्डर पर किसानों का पहरा है। भीड़भाड़ तो सदैव दिल्ली में रहती ही है। इसके अलावा पूरी केंद्र सरकार, ब्यूरोक्रेट लॉबी सभी यहीं बसती है। इसलिए देश की राजधानी दिल्ली में खुफिया एजेंसियों और कानून तंत्र को चौबीसों घंटे चौकन्ना रहना चाहिए। पर, अफसोस ऐसा होता नहीं? दहशतगर्द उनकी नाक के नीचे घटनाओं को अंजाम देकर चुपके से निकल जाते हैं, उसके बाद जांच के नाम पर लाठी पीटी जाती है।

लेकिन ऐसे मौकों पर राजनीति नहीं करनी चाहिए, बल्कि एक दूसरे का सहयोग करना चाहिए। घटनाएं कहीं भी हो सकती हैं। रोकने में कमियां कहां रह गईं और बेहतर क्या किया जाना चाहिए? उसपर मंथन करना चाहिए। खुफिया विभाग और स्थानीय रक्षा तंत्र की नाकामी तो है ही? जो सामने भी दिख रही है। फिलहाल दिल्ली के सभी जिले अलर्ट पर हैं। शुरूआती जांच में दिल्ली पुलिस ने किसी साजिश से इनकार नहीं करते हुए एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की है। मामले की जांच एनआईए और दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल करेगी।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### जनाकांक्षाओं की बात

**सरकार** जनाकांक्षाओं पर खरी नहीं उतरी, तो जनता उसे बदल भी देती है। नई सरकार से जनता उम्मीद करती है कि वह उसकी आकांक्षाओं पर खरा उतरेगी। यही सत्ता परिवर्तन के निहितार्थ हैं। लेकिन आमतौर पर यह देखा जाता है कि सरकार बदलने के साथ अक्सर चेहरे बदल जाते हैं। लोकतंत्र में सरकारों का बदलना एक सामान्य प्रक्रिया है। आवश्यकता इस बात की है कि जनता द्वारा चुनी गई सरकार जनाकांक्षाओं पर खरी उतरे।

**-सतीश शर्मा, हजारीबाग**

### बदलाव के संकेत

**सभी** एग्जिट पोल के विपरीत, भाजपा ने हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनाकर एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। सत्ता परिवर्तन की आकांक्षाओं के चलते जम्मू-कश्मीर में गठबंधन सरकार बना सकती है, लेकिन वहां भी जनता ने अकेली कांग्रेस को नकार दिया है। अब झारखंड और महाराष्ट्र की बारी है। जनहित में परिणाम जनता के पक्ष में हो।

**- रविकांत, जमशेदपुर**

**मां गढ़देवी** की पावन धरती गढ़वा विधानसभा से जुझारू नेता और झामुमो उम्मीदवार श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर जी को मेरी ओर से प्रचंड जीत की अग्रिम शुभकामनाएं और जोहार।

इस बार चुनाव की घोषणा निश्चित समय से पहले हुई है। चुनाव आयोग ने अपने संवैधानिक ताकतों का उपयोग कर एक सरकार को उसका अपना कार्यकाल भी पूरा नहीं करने दिया।

**- हेमंत सोरेन, सीएम**

**शासकीय** योजनाओं के उचित क्रियान्वयन और प्रभावी शहरी नियोजन हेतु व्यवस्थित और प्रामाणिक लैंड रिकॉर्ड्स की आवश्यकता होती है। भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने की संकल्पना को साकार करने में भी लैंड रिकॉर्ड्स की भूमिका महत्वपूर्ण है। **- शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय कृषि मंत्री**

# -चुनावी प्रक्रियाः विश्वास और सम्मान का आह्वावान

आदित्य संगोत्रा

## भारत के नागरिकों के नाम एक सिविल सेवक का पत्र

लोकसभा चुनाव कराने का प्रत्यक्ष अनुभव रखने वाले एक सिविल सेवक के रूप में, मैं स्पष्ट रूप से कह सकता हूं कि भारत में चुनावी प्रक्रिया छेड़छाड़-रोधी है। इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है कि इसमें हेरफेर संभव नहीं है। इस प्रक्रिया में शामिल नौकरशाही पूरी तरह से तटस्थ रहती है, चुनावों की अखंडता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध होती है, और भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) की सख्त निगरानी में काम करती है। प्रक्रिया के हर चरण में, सभी दलों के राजनीतिक प्रतिनिधि जटिल रूप से शामिल होते हैं।

मतदाता सूची तैयार करने से लेकर वोटों की गिनती तक उनकी भागीदारी को न केवल प्रोत्साहित किया जाता है, बल्कि आवश्यक भी है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि हम, लोक सेवक के रूप में, उनकी सक्रिय भागीदारी और सहमति के बिना प्रक्रिया के किसी भी हिस्से में आगे नहीं बढ़ सकते हैं। यह प्रक्रिया की पारदर्शिता की रक्षा करता है और यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी व्यक्ति या समूह परिणाम को प्रभावित नहीं कर सकता है। इसके अलावा, चुनाव प्रक्रिया इतनी सूक्ष्म जांच के अधीन है कि अधिकारियों द्वारा की गई छोटी-मोटी त्रुटियों के भी गंभीर परिणाम हो सकते हैं। ऐसे कई मामले हैं जहां शीर्ष अधिकारियों को किसी घोर कदाचार के लिए नहीं बल्कि छोटी, अनपेक्षित मानवीय गलतियों के लिए वर्षों तक निलंबित किया गया है। इससे पता चलता है कि चुनाव आयोग स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने को कितनी गंभीरता से लेता है।

इसलिए, चुनाव कराने के लिए अक्सर कठिन परिस्थितियों में अथक

### चुनाव 2024



परिश्रम करने वाले हजारों सरकारी कर्मचारियों की ईमानदारी और कड़ी मेहनत का मजाक उड़ाना या संदेह करना बेहद अनुचित है। भारत में नौकरशाही व्यवस्था अराजनीतिक है और कानून के शासन का अत्यंत समर्पण के साथ पालन करती है। यह किसी व्यक्ति या राजनीतिक ताकत की इच्छा के आगे झुकता नहीं है और झुकेगा भी नहीं। मैं हर किसी से सिस्टम में विश्वास रखने, इसमें निहित पारदर्शिता को समझने और यह सुनिश्चित करने के लिए किए गए महत्वपूर्ण प्रयास का सम्मान करने का आग्रह करता हूं कि हमारा लोकतंत्र स्वतंत्र और निष्पक्ष बना रहे।

यदि कोई रिकॉर्ड की समीक्षा करने के लिए समय लेता है, तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि चुनावी प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में प्रत्येक राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों की सहमति होती है।

आइए हम दशकों से बने लोकतांत्रिक मूल्यों और प्रक्रियाओं को कमजोर न करें। सिस्टम में विश्वास इसकी निरंतर सफलता के लिए महत्वपूर्ण है। मुझे उम्मीद है कि भारत के जागरूक नागरिक इस प्रक्रिया पर भरोसा करना जारी रखेंगे और कई गुमनाम नायकों की भी सराहना करेंगे जिन्होंने चुनाव कराने के लिए अपने दिन और रातें लगा दीं।

# डायन प्रथा का उन्मूलन से झारखंड का गौरव स्थापित करने का प्रयास



प्रेमचंद

### समाज

हमारा लक्ष्य 2046 तक डायनप्रथा का उन्मूलन हो। डायन समस्या सामाजिक मानसिक समस्या है यह समाज में बुद्धिमान लोगों द्वारा शोषण करने के मंशा से स्थापित किया गया है विशेष कर महिलाओं पर विभिन्न तरीके से शोषण करने का हथकंडा बनाया गया है। 17 वीं एवं 18 वीं शताब्दी के पूर्व यूरोप, अमेरिका सहित कई अन्य देशों में ऐसी प्रथाओं का प्रचलन जोरों पर था यूरोपियन देशों में तथाकथित डायन को झाडू पर उड़ने वाली महिला के रूप में स्थापित की गई थी और उसका विस्तार भारत में देखने मिलता है, सुदूर आदिवासी क्षेत्रों में चाहे वह केरल के आदिवासी क्षेत्र हो या असम, बंगाल ,झारखंड और उड़ीसा का आदिवासी क्षेत्र हो हर राज्य में यह प्रथा मजबूती के साथ अपना पांव फैलाए हुए हैं लोगों का धारणा हैं कि महिलाएं इतना ताकतवर होती है कि वह केवल दृष्टिपात करके तालाब सुखा सकती हैं। किसी को मंत्र से मार सकती है किसी का कलेजा खा सकती हैं । यह मिथक है जो उस दौर के षासक वर्ग ने संगठित समुदाय को तोड़ने के लिए गड़ा था। शासक वर्ग धर्म का सहारा लेकर इस प्रथा को तर्क से परे रखा। यह एक ऐसी समस्या है जिसमें पीड़ित पक्ष पूर्णता निर्दोष होता है और आक्रामक पक्ष भी एक सीमा तक निर्दोष होता है क्योंकि उसे यह पूरा विश्वास होता है कि वह जिसे मार रहा है वह डायन है और आदिवासी समाज अपने दुश्मनों को एक ही तरह से दंडित करता है वह है सेंदरा करना। सेंदरा करने की परंपरा इसलिए है क्योकि आदिवासी समुदाय में सेंदरा एक बहादुर काम माना जाता है बिडंबना यह है कि अनपढ़ों की बात ही छोड़ी जाए पढ़े-लिखे लोग भी इस अंधविश्वास के कुचक्र में वैसे ही फंसं हुए हैं। जब एक महिला को डायन करार कर दिया जाता है तो उसका सेंदरा पूरे गांव के सामने भी हो सकता है जिसमें गांव के पूरे लोग भीगीदारी देता है ग्रामीणों का यह ठोस धारणा है कि एक डायन को मार कर गांव का हित किया गया है। फ्री लीगल एड कमिटी को इस ज्वलन्त समस्या से 1991 में तब अवगत हुई जब स्थानीय पेपर में खबर छपी थी कि जमशेदपुर शहर में करनडीह नामक जगह पर एक महिला मानिक कुई को डायन कहकर मारने की कोशिश हुई उन्हें बुरी तरह से जख्मी किया गया। मनी कुई को बचाने के प्रयास में उनके पति और पुत्र सामने खड़े हुए ता दोनों की हत्या दिनदहाड़े कर दी गई थी । कोई सामाजिक विरोध नहीं हुआ था। हमारी संस्था जेल में जाकर उन हत्यारोपी व्यक्तियों से मिली तो दंग रह गए, यह जानकर कि उन्हें लेख मात्र भी अपने किए पर पछतावा नहीं था अपितु गर्वित थे। उनका कहना था कि उन्होंने समाज से एक डायन को खत्म कर दिया क्योंकि उसने हमारे बच्चे को जादू टोना से मार डाला था। हमारा प्रश्न था वह तो जिंदा है उन्होंने कहा उसका खून जमीन पर गिर चुका है उसकी शक्ति समाप्त हो गई है और उसके घर के दो व्यक्तियों का सेंदरा किया जा चुका है। हमने एक नाटक टीम बनाई और उसके माध्यम से इस विषय की जागरण का अभियान आरंभ किया लेकिन हमें लगा कि इस विषय की मान्यता तब होगी जब इसके रोकथाम के लिए एक प्रतिरोधात्मक कानून की बात की जाए। हमारे सचिव प्रोफेसर गिरिजा शंकर जायसवाल जी ने इस संबंध में एक ड्राफ्ट बनाया उसका नाम था डायन प्रथा प्रतिशत अधिनियम 1995, इसे हम प्रचारित करने लगे तो स्थानीय स्तर पर स्थानीय नेताओं द्वारा विरोध भी किया इस दरम्यान 1995 में एक घटना घटी ।

सरायकेला क्षेत्र के कुचाई में एक ही परिवार के 6 लोगों की हत्या डायन के नाम पर कर दी गई। अमित खरे जी ने इस विषय पर एक व्यापक अभियान चलाने का निर्णय लिया एट्रोसिटी अगेंस्ट वूमेन और उन्होंने सहयोग के लिए हमें आमंत्रित किया। 1995 में फ्लैक उस अभ्ज्ञियान में जुड़ा और जमषेदपुर में प्रशासन के साथ मिलकर 26 एवं 27 मई 1996 में पहली बार दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया। रांची और पटना में भी इस विषय पर गोष्ठियां आयोजित की जाए। हमने पटना में 10 से 11 दिसंबर 1997 कार्यशाला आयोजित की और उसमें झारखंड के मुख्य न्यायाधीश उपस्थित हुए। उस गोष्ठी में 26 पीड़ित महिलाएं शामिल हुई जो बिहार बंगाल के विभिन्न क्षेत्रों से गई हुई थी। बिहार में अंततः 20 अक्टूबर 1999 को डायन प्रथा प्रतिशेध अधिनियम के रूप में बनाया गया लेकिन प्रस्तावना में लिखा हुआ था कि बिहार राज्य के दक्षिणी भाग के आदिवासी क्षेत्रों में यह कानून विषेष रूप से लागू होगा। यूनिसेफ के सहयोग से झारखंड के चार विकसित जिलों जमशेदपुर,बोकारो,रांची एवं देवघर के 26 प्रखंड के 190 पंचायत के 332 गांव में जन जागरण सह सर्वेक्षण का अभियान सन 2000 में चलाया गया। 332 गांव में 176 पीड़ित परिवार मिले। झारखंड में 32 हजार 615 ग्राम है अतः अनुपातिक ढंग से यह संख्या 15 हजार पांच हजार से भी अधिक होती है। अब मामला सरकार की झोली में था। 2004 से फ्लैक लगातार विभिन्न सरकारों को उस ओर ध्यान आकृष्ट करता रहा है। सरकार के तरफ से कुछ पहल भी हुआ। 2016 में वर्तमान सरकार को भी एक प्रतिवेदन दिया गया था जिसके बाद सरकार ने एक बजटीय प्रावधान बनाया और अपने ऐजिन्सियों के द्वारा जन जागरण करवाया, ओझाओं की गणना भी करवायी। लेकिन समस्या इतनी गहरी और व्यापक है कि इसके लिए विषेषज्ञों की सेवाऐ भी आपेक्षित है।

फ्री लीगल एड कमिटी की अब तक उपलब्धियां' डायन प्रथा की समस्या को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई।' 1999 में बिहार राज्य में डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम कानून बनवाई।' 3 जुलाई 2003 को झारखंड में डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम कानून लागू करवाई।' संस्था से जुड़ी डायन प्रथा पीड़िता एवं कार्यकर्ता छुटनी महतो को पदमश्री पुरस्कार प्राप्त हुआ।

## स्पीड न्यूज

### नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन 13 प्रपत्रों की हुई बिक्री, बरकट्ठा से एक नामांकन प्रपत्र दाखिल

**बरही।** बरही एवं बरकट्ठा विधानसभा चुनाव के नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन कुल 13 नामांकन प्रपत्र बिके। बरही अनुमंडल कार्यालय में सोमवार को यह प्रक्रिया चली। बरही विधानसभा क्षेत्र में 7 प्रपत्र बिके। बरही विधानसभा क्षेत्र के लिए 7 प्रत्याशियों ने नामांकन प्रपत्र खरीदे। जिसमें भाजपा से मनोज यादव, निर्दलीय बद्री यादव, अटल विचार मंच से रामाशीष सिंह, पीपीआईडी से शिव कुमार राम, एनसीपी से महेश ठाकुर, निर्दलीय अविनाश कुमार और डॉ बालेश्वर राम ने निर्दलीय से प्रपत्र खरीदा। अब तक कुल 12 नामांकन प्रपत्र बरही से बिक चुके हैं, लेकिन अभी तक किसी प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया है। वहीं बरकट्ठा विधानसभा में 6 प्रपत्र बिके। वहीं, बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में तीसरे दिन 6 नामांकन प्रपत्रों की बिक्री हुई। जिसमें भाजपा से अमित कुमार यादव, निर्दलीय चंद्रकांत पांडेय, राजकुमार, बसंत नारायण मेहता, एनसीपी से सुखदेव यादव और शमशाद आलम ने नामांकन प्रपत्र खरीदा। अब तक बरकट्ठा से कुल 11 प्रपत्रों की बिक्री हो चुकी है। बरही और बरकट्ठा दोनों विधानसभा क्षेत्रों में नामांकन प्रक्रिया अभी भी जारी है। बरकट्ठा से निर्वाची पदाधिकारी संतोष नायक ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया है।

### मतदान कर्मियों को गांधी प्लस 2 हाई स्कूल में दिए जा रहे प्रशिक्षण का उपायुक्त ने किया निरीक्षण



**रामगढ़।** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह-उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा विधानसभा निर्वाचन के निमित मतदान कर्मियों को गांधी प्लस 2 हाई स्कूल में दिए जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया। मौके पर उपायुक्त ने उपस्थित सभी मतदान कर्मियों को मतदान प्रक्रिया के दौरान होने वाली सामान्य गलतियों के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी साथ ही उपायुक्त ने निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन के आधार पर दिए जा रहे प्रशिक्षण का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो, जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम वर्मा, जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार, सभी मास्टर ट्रेनर सहित अन्य उपस्थित थे। मौके पर मुख्य रूप से प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी हरेन्द्र मरांडी, स.अ.नि. अरविंद सिंह, बरलंगा थाना प्रभारी अंनत सिंह, उत्पाद अवर निरीक्षक कांग्रेस कुमार, उत्पाद सिपाही उज्वल कच्छप उपस्थित थे।

### 96 पीस केन बीयर किया बरामद

**रामगढ़।** बरलंगा थानान्तर्गत डाकागढ़ा स्थित अन्तर्राजीय चेक नाका में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के क्रम में बंगाल राज्य से आ रहे एक टेम्पू जिसका नं0-01 जे0एच0 24 ई0-0652 पुलिस बल को देख भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस बल द्वारा टेम्पू को चालक सहित पकड़ा गया। पकड़े गए व्यक्ति से उसका नाम पुछने पर ओम पोदार, उम्र 28 बर्ष पिता-अजीत पोदार, सा0-जवाहर रोड, चितरपुर, थाना-रजरप्पा जिला-रामगढ बताया। टेम्पू की जांच की गई तो टेम्पू से 04 पेटी सें कुल 96 पीस केन वीयर बरामद किया गया। बरामद केन वीयर के संबंध में चालक से वैध कागजात मांगने पर चालक द्वारा कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया।

### गोला थाना क्षेत्र के घाघरा टोला से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद

**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि 21 अक्टूबर को 6:30 बजे सूचना मिली कि गोला थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम घाघरा टोला तोपासारा निवासी शिवा बेदिया, पिता अमृत बेदिया द्वारा उसकी किराना दुकान में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब का भण्डारण करके बिक्री की जा रही है। प्राप्त सूचना पर सनहा दर्ज करते हुये कार्रवाई हेतु सशस्त्र बल के साथ ग्राम-घाघरा टोला तोपासारा स्थित शिवा बेदिया के घर पहुंचा तो पुलिस बल को आते देख एक व्यक्ति भागने का प्रयास किया। जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम शिवा बेदिया बताया। उसके घर एवं दुकान में तलाशी के क्रम में शिवा बेदिया के घर से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। जब्त 15 कार्टून बॉक्स में रोयल स्टेग प्रीमियर व्हिस्की 180 एमएल का 47 बोतल, स्टर्लिंग रिजर्व बी7 375 एमएस का 24 बोतल, एमसी डोवेल नं 1 लग्जरी 180 एमएल का 45 बोतल, रोयल स्टेग प्रीमियर व्हिस्की 180 एमएल का 46 बोतल, एमएसी डोवेल्स न 1 लग्जरी 375 एमएल का 24 बोतल, एमएसी डोवेल्स न 1 लग्जरी 180 एमएल का 41 बोतल, एमएसी डोवेल्स न 1 लग्जरी 180 एमएल का 27 बोतल तथा स्टर्लिंग रिजर्व बी7 180 एमएल का 16 बोतल, रोयल स्टेग प्रीमियर व्हिस्की 180 एमएल का 44 बोतल, एमएसी डोवेल्स नं 1 लग्जरी 375 एमएल 375 का 22 बोतल, रोयल स्टेग प्रीमियर व्हिस्की 180 एमएल का 48 बोतल, एमएसी डोवेल्स नं. 1 लग्जरी 180 एमएल का 40 बोतल, एमएसी डोवेल्स नं. 1 लग्जरी 180 एमएल का 48 बोतल, एमएसी डोवेल्स न 1 लग्जरी 375 एमएल का 24 बोतल, एमएसी डोवेल्स न 1 लग्जरी 180 एमएल का 40 बोतल बरामद किया गया। छापामारी दल में गोला थाना प्रभारी अभिषेक प्रताप, पुअनि अमित कुमार, पुअनि कुमार प्रभात रंजन एवं पुलिस बल शामिल थे।

# लो हो गई हजारीबाग भाजपा में बगावत!

## किशोरी राणा व टोनी जैन ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का किया एलान, बीजेपी को ऐसे घेरा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**हजारीबाग।** झारखण्ड विधान सभा चुनाव में हजारीबाग सदर विधान सभा सीट से भाजपा ने प्रदीप प्रसाद को टिकट दिया है। इससे नाराज होकर भाजपा के नेता किशोरी राणा व टोनी जैन ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की है। इन दोनों भाजपा नेताओं ने पार्टी के फैसले से असंतोष जताया और इस्तीफे की धमकी दी है। किशोरी राणा ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा हमेशा ही मजदूर, किसान व ग्रामीण क्षेत्रों के कर्मठ कार्यकर्ताओं की अनदेखी करती है। पूरे टिकट बंटवारे में ये चीज साफ नजर आयी है। टिकट वितरण में परिवारवाद को बढ़ावा दिया गया है। कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर बाहरी लोग को टिकट दिया गया है। सालों साल पार्टी के लिए खून पसीना बहाने वालों को नजर अंदाज कर बाहरियों को टिकट देना कहां तक तर्कसंगत है। अब बर्दाश्त से बाहर हो गया है। श्री राणा ने कहा कि वह अपने समर्थकों के कहने पर निश्चित तौर पर चुनाव लड़ेंगे। श्री राणा ने कहा- मेरे लिए मेरी पार्टी मेरी जनता है, मेरी टिकट भी मेरी जनता है। मैं किसी को भी पार्टी नहीं मानता हूं। मेरे समर्थकों के कहने पर मैं चुनाव लड़ूंगा। दूसरी ओर भाजपा नेता टोनी जैन ने भी भाजपा पर कई गंभीर आरोप लगाए। कहा कि पार्टी ने बिना सोचे-समझे एक गलत व्यक्ति को उम्मीदवार बना दिया है। टोनी जैन ने बताया कि वह 23 अक्टूबर को निर्दलीय के रूप में नामाकंन भरेंगे। टोनी जैन ने अपने समर्थकों के साथ इससे पहले तीन चार घंटे तक अपने आवास के बाहर मींटिग की। इसमें भाजपा में टिकट वितरण को लेकर असंतोष जताया गया। टोनी जैन ने कहा कि उन्हें पार्टी को बचाना है। कार्यकर्ताओं के आत्मसम्मान को बचाना है। पार्टी ने बाहर से आये प्रत्याशी को टिकट दे दिया है। क्या कोर कार्यकर्ता सिर्फ झोला ढोने के लिए है। आज बीजेपी के कोर कार्यकर्ता घर में बैठ के रो रहे हैं। लेकिन मैं कार्यकर्ताओं के मनोबल को टूटने नहीं दूंगा। मैं चुनाव लड़ूंगा और जीत कर दिखाउंगा। मैं अब पीछे हटने वाला नहीं हूं।



किशोरी राणा




टोनी जैन

### हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने सदर विधानसभा में किया चुनावी शंखनाद

# क्षेत्र के बीजेपी कार्यकर्ताओं में भरा जोश, दिया जीत का मंत्र

- बड़ी मार्जिन से जीतेंगे हजारीबाग : मनीष जायसवाल
- देवतुल्य कार्यकर्ताओं ने टिकट दिलाया, जिताएंगे भी वही : प्रदीप प्रसाद



कार्यक्रम में सांसद व भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के आह्वान पर हजारीबाग के भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानन्द सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को हजारीबाग शहर के डाक बंगला स्थित पैराडाइज रिसोर्ट्स सभागार में हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख बीजेपी कार्यकताओं की एक अहम बैठक आहूत की गई। जिसमें विशेष रूप से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल, छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, सदर विधानसभा क्षेत्र के बीजेपी प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए और कार्यकर्ताओं को चुनाव जीतने के लिए कई जरूरी टिप्स दिये। मौके पर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग बीजेपी का एक ऐसा हॉट सीट है, जहां से स्थानीय स्तर से लेकर राजकीय और राष्ट्रीय स्तर के नेता चुनाव लड़ने को इच्छुक थे लेकिन पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने प्रदीप प्रसाद को प्रत्याशी बनाया है और एक विशेष व्यू रचना के तहत रणनीति बनाकर कार्यकर्ता चुनाव प्रचार में जीतेंगे और अपने बूथ को सबसे मजबूत बनाने पर ध्यान देंगे तो निश्चित रूप से हजारीबाग में कमल फूल बड़ी मार्जिन से जीतेगी और प्रदीप प्रसाद हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बनकर अपनी सेवा देंगे। सांसद मनीष जायसवाल ने यह अभी कहा कि प्रत्याशी तो एक मुखौटा मात्र होता है, असल में चुनाव कार्यकर्ता लड़ते हैं और हजारीबाग के कार्यकर्ता बेहद अनुभवी हैं और इस बार भी अपने अनुभव की ताकत के बदौलत पूरे झारखंड में हजारीबाग का मान सर्वाधिक मतों से जीताकर प्रदर्शित करेंगे। छत्तीसगढ के वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि यह चुनाव सिर्फ हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र का ही नहीं, पूरे झारखंड को बचाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पिछले 5 साल तक झारखंड को गठबंधन सरकार ने लूटा है और घुसपैठियों को शरण दिया है उससे अगर समय रहते झारखंड की जनता नहीं जागी तो झारखंड को पश्चिम बंगाल बनने से कोई रोक नहीं पाएगा। भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा चुनाव की तरह ही भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता घर- घर दस्तक देंगे और हजारीबाग से प्रचंड मतों से बीजेपी प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद को जिताकर झारखंड विधानसभा भेजने का काम करेंगे। भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने कहा कि आप सभी भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ताओं की बदौलत ही मुझे पार्टी ने सदर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया है। जब आपने टिकट दिलाया है तो जिताने की जिम्मेवारी भी आपकी ही है। उन्होंने कहा कि मैं वचन देता हूं कि आप सभी के मान-सम्मान का पूरा ख्याल रखते हुए हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र को आगे लेकर जाऊंगा। बीजेपी कार्यकर्ताओं को अन्य भाजपा नेताओं में बीजेपी ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता के.पी. ओझा, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक यादव, शंकरलाल गुप्ता, सुदेश चंद्रवंशी, दिनेश सिंह राठौड़, नरेंद्र कुमार सहित सदर विधानसभा क्षेत्र के सभी भाजपा मंडल अध्यक्षों ने संबोधित किया। मंच संचालन भाजपा जिला महामंत्री सुमन कुमार पप्पू ने और धन्यवाद ज्ञापन भाजपा जिला उपाध्यक्ष दामोदर सिंह ने किया। उक्त बैठक में सदर विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों से हजारों भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

## एक नजर में

### चितरपुर पंचायत के सभी टोलों में जनसंपर्क कर गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी ग्रामीणों की समस्याओं से हुए अवगत



**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड स्थित चितरपुर पूर्वी चितरपुर पंचायत के सभी टोलों में जनसम्पर्क सह चाय चौपाल कर ग्रामीणों से गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी मिले एवं उनकी मूलभूत समस्याओं से अवगत हुए। मौके पर सांसद ने कहा कि यह चौपाल गांव के विकास एवं सामाजिक सशक्तीकरण का एक महत्त्वपूर्ण कदम है, जिससे ग्रामीणों को एकत्रित होने, चर्चा करने और सामुदायिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। यहां पहुंचे सांसद का बुके देकर भव्य स्वागत किया गया। मौके पर पूर्व पार्षद गोपाल चौधरी, पवन कुमार शर्मा, मुखिया भानुप्रकाश महतो सहित किशोरी केवट, खिलेश्वर लहेरी, जगदीश महतो, रविंद्र वर्मा, राजेश गोल्डी, जनक साव, उमेश प्रजापति, आदित्य सोनी, मुन्नीलाल साव, सुरेश महतो, उपेंद्र चौधरी, दिनेश चौधरी, दिनेश किशोरियां, भेदो राम, टेकलाल महतो, लखन कुमार, राथों दांगी आदि मौजूद थे।

### मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट संस्था ने जेएम कॉलेज भुरकुंडा में लगाया रक्तदान शिविर



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट संस्था के तत्वावधान में पटेलनगर भुरकुंडा स्थित जेएम कॉलेज भुरकुंडा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मंच के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, सचिव धीरज बंसल, मीडिया प्रभारी राहुल अग्रवाल एवं सदर अस्पताल रामगढ़ ब्लड बैंक की टीम ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में मारवाड़ी युवा मंच द्वारा सदर ब्लड बैंक के सहयोग से स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा 20 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। संस्था के अध्यक्ष ने बताया कि इस समय डेंगू का प्रकोप काफी बढ़ रहा है। हर हॉस्पिटल में रक्त की बहुत आवश्यकता होती है। अस्पतालों में रक्त की कमी न हो इसी को लेकर रक्तदान शिविर लगाया है। शिविर में रक्तदाता को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। मौके पर मंच के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल व सचिव धीरज बंसल ने कहा कि रक्तदान महादान होता है। आपका दिया हुआ रक्त किसी की जान बचा सकता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है। बेहतर स्वास्थ्य के लिए डॉक्टरों के सलाह पर हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करने वालो में कृष्णा कुमार अग्रवाल, नितेश कुमार, गुलाब हंसराज सहित कई लोग शामिल हैं। मौके पर जेएम के प्राचार्य डॉ गिरिधर पाठक, समाजसेवी विनय कुमार सिंह सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद थे। शिविर को सफल बनाने में सदर ब्लड बैंक की ऑफिसर डॉ. रेणु कुमारी, दीपक कुमार, उपेंद्र साहु, अजस चित्रा, अजीत कुमार रजक, गुलाबी कुमारी, लैब टेक्निशियन पूर्णिमा कुमारी, सरिता कुमारी निलिमा कुमारी सहित मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों एवं स्वास्थ्यकर्मियों का विशेष योगदान रहा।

### रजरप्पा में नाबालिग के साथ दुष्कर्म, आरोपी युवक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कर रही छापेमारी

**रजरप्पा।** रजरप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक नाबालिग लड़की अपने एक दोस्त (रामगढ़) के साथ छिन्नमस्तिका मंदिर जा रही थी। इस दौरान जनियामारा जंगल के समीप एक व्यक्ति वहां पहुंचकर युवक को मारपीट कर जान से मार देने की धमकी देकर भगा दिया और नाबालिग को जबरन जंगल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म की घटना के बाद डरी सहमी नाबालिग किसी तरह भागकर पुलिस के पास पहुंची। जहां उन्होंने अपनी आपबीती पुलिस को बतायी इसके बाद पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर त्वरित कार्रवाई करते हुए जंगल में छापेमारी अभियान चलाया। लेकिन पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली। मामले को लेकर नाबालिग के लिखित आवेदन पर रजरप्पा थाना में मामला दर्ज किया गया। घटना को लेकर रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय ने कहा कि नाबालिग के साथ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। आरोपी भुचुंगडीह निवासी रहीम अंसारी के खिलाफ बीएनएस 65 व पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर सघन अभियान चलाया जा रहा है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बागी कुमकुम ने थामा लोकहित अधिकार पार्टी का दामन, कहा चाचा भतीजा की जोड़ी को हटाने के लिए हैं संकल्पित

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**हजारीबाग/बरकट्ठा।** कल तक भाजपा नेत्री रही कुमकुम देवी सोमवार को लोकहित अधिकार पार्टी में शामिल हो गईं। चर्चा थी कि बीजेपी उन्हें बरकट्ठा से अपना उम्मीदवार बनाएगी। लेकिन बीजेपी ने अमित यादव को उम्मीदवार बनाया तो उन्होंने नाराज होकर पार्टी बदल ली हैं। बरकट्ठा विधानसभा से भाजपा से टिकट कटने के बाद वे बेहद मायुश थीं। अब उन्होंने पार्टी से बागी होकर चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। बागी कुमकुम देवी ने पार्टी विरोधी व्यक्ति को पैसा लेकर टिकट देने का आरोप लगाया है।

कुमकुम देवी ने कहा कि पैसा और ओहदे के बल पर निर्दलीय विधायक अमित यादव को टिकट दिया गया। टिकट की घोषणा से पहले मुझे स्टेयरिंग कमेटी द्वारा सभी तैयारियां करने को कहा गया। बायोडाटा भी मांगा गया। लेकिन अंतिम समय में केंद्रीय नेताओं ने उनका टिकट काट दिया क्योंकि अमित यादव का सूटकेस उन तक पहुंच गया। लेकिन बरकट्ठा की जनता की आवाज है। जिस तरह भाजपा ने टिकट बेची है, उसे चुनाव में मुहतोड़ जवाब दिया जाएगा। कहा कि बरकट्ठा की जनता परिवर्तन चाहती है और चाचा भतीजा की जोड़ी को हटाने के लिए संकल्पित है। अमित यादव ने क्षेत्र का विकास कम और सिर्फ खुद का विकास किया है। भाजपा को पानी पी पी कर कोसने वालों को पार्टी ने टिकट दे दिया इससे पार्टी की मानसिकता का पता चलता है। जनता सब देख रही है। चुनाव में वोट के माध्यम से जनता माकूल जवाब देगी।

### कौन हैं कुमकुम देवी

कुमकुम देवी बरकट्ठा दक्षिणी से वर्तमान में जिला परिषद सदस्य हैं। पूर्व विधायक खगेन्द्र प्रसाद की पुत्र वधू हैं। पिछले 10 साल से भाजपा के लिए काम कर रही हैं। महिला मोर्चा की अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान विधानसभा संयोजक भी रही हैं। रांची में पार्टी द्वारा आयोजित आक्रोश रैली में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। अब बरकट्ठा का रण और दिलचस्प हो गया है। क्योंकि यहां भाजपा में दो फाड़ नजर आ रहा है।

## भाजपा प्रत्याशी मनोज यादव ने बरही के पंचायतों में चलाया जनसम्पर्क अभियान

- राज्य में भाजपा सरकार बनाने की अपील, लोगों को हरसंभव सहयोग का दिया आश्वासन



**हजारीबाग।** सोमवार की सुबह भाजपा प्रत्याशी और पूर्व विधायक मनोज यादव ने बरही विधानसभा क्षेत्र के दुधपनिया और खोड़ाहर के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात की और आगामी चुनावों में भाजपा को समर्थन देने की अपील की। जनसम्पर्क अभियान के दौरान मनोज यादव ने ग्रामीणों को राज्य में भाजपा सरकार बनाने के लिए सक्रिय समर्थन देने की बात कही। उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि भाजपा सरकार बनने पर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा और क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। श्री यादव ने कहा, मैं हर सम्भव सहयोग के लिए प्रतिबद्ध हूं और भाजपा की सरकार लोगों के हित में काम करेगी। हम राज्य को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लेते हैं। इस अभियान के दौरान स्थानीय लोगों ने पूर्व विधायक के प्रति अपनी समर्थन की भावना प्रकट की और उनसे अपने गांव की समस्याओं के बारे में चर्चा की। मनोज यादव के इस जनसम्पर्क अभियान को आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों का हिस्सा माना जा रहा है, जिसमें वह भाजपा के प्रत्याशी के रूप में अपनी स्थिति मजबूत करने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपा समर्थकों का मानना है कि श्री यादव की सक्रियता और जनसमर्थन उनकी जीत की राह को और आसान बना सकता है। जनसम्पर्क अभियान के दौरान भाजपा कार्यकर्ता भी उनके साथ रहे और ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर पार्टी के विकास एजेंडे के बारे में जानकारी दी। मौके पर जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, खिरोधर यादव, दीनानाथ यादव, अरुण चन्द्रवंसी, रोहित यादव, गणेश साव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# भाजपा प्रत्याशी रोशनलाल व हजारीबाग सांसद ने किया जनसंपर्क

- रोशन लाल चौधरी का हुआ जोरदार स्वागत, विधानसभा चुनाव में जिताने का लिया गया संकल्प



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में रविवार की देर शाम भाजपा प्रत्याशी रोशनलाल चौधरी ने हजारीबाग सांसद सांसद मनीष जायसवाल के साथ जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क के दौरान वे केरेडारी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों, बचरा सहित पतरातू प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए भुरकुंडा पहुंचे। सभी जगहों पर भाजपा एवं आजसू सहित एनडीए गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने उनका अभिनन्दन करते हुए फूल माला पहनाकर जोरदार किया। जनसंपर्क के दौरान रोशनलाल चौधरी ने जनता से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने कहा कि एक बार मुझे मौका दें बड़कागांव की पूरी तस्वीर बदल देंगे। बड़कागांव को विकास के मानक पर राज्य में पहले स्थान पर लाएंगे। इस दौरान लोगों ने जगह-जगह एनडीए प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी को फूल माना पहनाकर जोरदार स्वागत करते हुए विधानसभा चुनाव में भारी मतों तो विजयी बनाने का संकल्प लिया। कहा गया कि आपका प्रत्याशी कोई व्यक्ति नहीं बल्कि कमल का फूल है, जिसे हर हाल में खिलाना है। दौरे के क्रम में हेन्देगिर, बचरा, पालू तेतरियाटांड़, कोतो डाडीडीह, खैरा मांझी चौक पीटीपीएस, कटिया चौक, हेसला बिरसा मार्केट, लबगा चौक कुरसे चौक, मतकमा चौक, बिरसा चौक, भुरकुंडा बाजार, भुरकुंडा टेकर स्टैंड, जय प्रकाश नगर भुरकुंडा, सौंदा डी लेलिन चौक, सौंदा बगीचा, सयाल आठ नंबर सहित विभिन्न क्षेत्रों में एनडीए प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी का जोरदार स्वागत करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव 2024 में विजयी बनाने का एक स्वर में संकल्प लिया गया। स्वागत करने वालो में भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, भदानीनगर मंडल अध्यक्ष सागर दांगी, पतरातू मंडल अध्यक्ष राजाराम प्रजापति, योगेश दांगी, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, आजसू के जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा, इमरोज खान सहित दर्जनों एनडीए कार्यकर्ता शामिल थे।

## बड़कागांव में एनडीए प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी का हुआ भव्य स्वागत

- माता के आशीर्वाद से बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र का करूंगा समुचित विकास : रौशन लाल चौधरी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बड़कागांव।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से रोशन लाल चौधरी के भाजपा उम्मीदवार घोषित होते ही भाजपा-आजसू कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखा गया। एनडीए उम्मीदवार बनने के बाद पहली बार बड़कागांव पहुंचे प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी का बड़कागांव में जगह-जगह पर ढोल नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। तत्पश्चात सर्वप्रथम रोशन लाल चौधरी ने जीडीएम चौक स्थित बड़कागांव के पूर्व प्रमुख शिक्षाविद गुरुदयाल महतो की प्रतिमा में माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद डेली मार्केट स्थित दुर्गा मंदिर में जाकर माता टेका। तत्पश्चात हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और सैंकड़ों समर्थकों के साथ कंडाबेर स्थित माता अष्टभुजी के मंदिर में जाकर सपरिवार पूजा अर्चना कर माता से आशीर्वाद प्राप्त किया। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि झारखंड में एनडीए की सरकार बनने वाली है और हम लोग मोदी जी के गारंटी के साथ जो भी वादा किए हैं उसे पूरा करने का काम करेंगे। इसके बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए बड़कागांव विधानसभा के एनडीए प्रत्याशी राशन लाल चौधरी ने कहा कि माता के आशीर्वाद और बड़कागांव की जनता के प्रेम से विधायक बनेंगे। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र का समुचित विकास करने का काम करूंगा। मौके पर आजसू केंद्रीय सचिव कौलेश्वर गंझू, आजसू रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, भाजपा मंडल अध्यक्ष आदित्य सोनी, कर्मचारी साव, आजसू प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, राजा खान, कामेश्वर महतो तपेश्वर कुमार तापस, सोहन लाल मेहता, रामचंद्र साव, बद्रीनारायण सिंह, भिखन महतो, शिव शंकर उर्फ शिबू मेहता, नंदकिशोर मेहता, सत्येंद्र सिंह, अरुण मालाकार सहित सैकड़ों भाजपा-आजसू के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

### व्यम प्रेक्षक ने मँझगांवा चेक पोस्ट का किया निरीक्षण

**चतरा।** सोमवार के सुबह सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र का निरीक्षण करने व्यम प्रेक्षक बुद्रुक गणेश बालासाहेब पहुंचे। उन्होंने मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र में मँझगांवा चेक पोस्ट पर हो रहे वाहन जांच अभियान का निरीक्षण किया। साथ ही कहा निर्वाचन आयोग के निदेशों का अक्षरशः अनुपालन हो इसका खास ख्याल रखा जाए। चेक पोस्ट से आने जाने वाले सभी वाहनों का जांच हो यह भी सुनिश्चित करें।

### नवयुवक एकता क्लब रोल ने 11 स्टार फुटबॉल टीम को 4-0 से हराया

**सिमरिया।** सिमरिया 11 स्टार मैदान में चल रहे फाइनल मैच में नवयुवक एकता क्लब रोल ने सिमरिया 11 स्टार फुटबॉल टीम को 4-0 से पराजित कर विजेता बना है। जिसे लेकर मौके पर उपस्थित अतिथि सिमरिया एसडीपीओ प्रदीप कुमार,थाना प्रभारी मानव मयंक प्रेमलता चंद्रा जिप सदस्य देवनन्दन साहू व अन्य के हाथों विजेता टीम को 31 हजार रुपए नगद और शिल्ड पुरस्कार के रूप मे दिया गया। वहीं उपविजेता टीम को भी 15 हजार रुपए नगद और शिल्ड पुरस्कार के रूप में दिया गया।

### मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर बैठक

**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव को लेकर स्वीप गतिविधियों के तहत जिले के विभिन्न स्कूलों में इएलसी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे 13 नवम्बर को शत प्रतिशत मतदान करने का सन्देश दिया गया। वहीं मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिले के सभी निजी, सरकारी कार्यालयों, संस्थानों में गठित वोटर अवेयरनेस फोरम के सदस्यों द्वारा अपने-अपने मोबाइल में वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड किया गया। साथ ही एपिक से सम्बंधित जानकारी दी गयी।

### डीसी हाउस गार्ड से दो लाख रुपये की छिनतई, पुलिस जांच में जुटी

**कोडरमा।** थाना के पीछे मत्स्य विभाग के समीप सोमवार सुबह करीब 11 बजे बैंक से पैसा निकाल कर लौट रहे डीसी हाउस गार्ड मंटू नायक से मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों ने दो लाख रुपये से भरा बैग की छिनतई कर फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मंटू नायक बैंक से पैसे निकालकर कोडरमा बाजार सहाना रोड होते हुए कोडरमा थाना के पीछे से डीसी आवास जा रहा था, जहां बैंक से पीछा करते हुए आ रहे दो मोटरसाइकिल सवार ने घटना को अंजाम दिया। वहीं इस घटना के बाद कोडरमा थाना प्रभारी सुजीत कुमार मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। घटना को लेकर कोडरमा थाना में कांड संख्या 227/24 के तहत मामला दर्ज किया गया। वहीं छिनतई की घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गया है।

### नशे में धुत चालक ने कोर्ट के पास लगे बैरियर को मारा टक्कर

**कोडरमा।** जिला मुख्यालय स्थित व्यवहार न्यायालय के समीप बीते रात्रि बड़ा हादसा होते होते बचा। बताते चलें कि रविवार रात्रि को नशे में धुत कार चालक ने बैरियर को जोरदार टक्कर मार कर क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही कोडरमा पुलिस कार को जप्त करते हुए चालक को हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार बीते रात्रि को उक्त चालक कार में सवार होकर धनबाद से जहानाबाद जा रहा था। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक कार की गति काफी तेज थी, जिससे उक्त हादसा हुआ।

### सम्पूर्ण विकास हमारा उद्देश्य : महेंद्र यादव

**कोडरमा।** नामांकन दाखिल करने के उपरांत निर्दलीय प्रत्याशी महेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि अगर क्षेत्र की जनता का भरपूर सहयोग मिला तो वे कोडरमा विानसभा क्षेत्र का सम्पूर्ण विकास करेंगे।

# राजपुर पुलिस ने मिनी अवैध शराब फैक्ट्री का किया उद्भेदन

## शराब माफियाओं पर पुलिस का चला बुलडोजर, सैकड़ो लीटर स्प्रिट सहित बीस पेटी नकली शराब जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** चुनाव में कोई विघ्न न हो और मतदान शांति पूर्ण तरीके से जिले के राजपुर क्षेत्र में सम्पन्न हो इसके लिए आरक्षी अधीक्षक कटिबद्ध हैं। आरक्षी अधीक्षक के निर्देश पर राजपुर पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया। बताते चलें कि एस पी के निर्देश पर राजपुर थाना प्रभारी सन्दीप कुमार के नेतृत्व में शराब बनाने वालों के खिलाफ अभियान चलाए। जिसमे राजपुर थाना क्षेत्र के कोल्हैया पंचायत के डेबरा गांव के जंगल मे एक सुनसान घर से अवैध शराब का मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया। थाना प्रभारी सन्दीप कुमार ने बताया कि आरक्षी अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि राजपुर थाना क्षेत्र के डेबरा गांव के सटे जंगल मे एक सुनसान घर मे मिनी शराब फैक्ट्री संचालित किया जा रहा है। जिसके बाद टीम गठित कर शनिवार की मध्य रात्रि छापा मारा गया। जिसमे बरामद सामनो में 240 लीटर विभिन्न जरकिन में शराब बनाने में प्रयुक्त किये जाने वाले स्प्रिट, बीस पैटी 440 पीस 375 एम एल का नकली शराब, पैक करने वाला ढक्कन, स्टिकर सहित अवैध शराब बनाने में प्रयुक्त सामग्री बरामद किया गया। जिसमे सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि नशीले पदार्थ की तस्करी करने वालों को पुलिस नहीं बख्शेगी। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर लगातार अभियान चलाया जाएगा और माफियाओं और तस्करों को नहीं छोड़ेंगे। अभियान में थाना प्रभारी के अलावा सन्दीप प्रसाद वर्मा, दिनेश कुमार पांडेय सहित जिला बल के लोग मौजूद थे।

### डॉ.नीरा समेत दो लोगों ने खरीदा नामांकन प्रपत्र

**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव को लेकर जिले में सरगर्मी तेज हो गया है, चौक चौराहों पर चुनावी चर्चा शुरू हो गयी, इन सबके बीच नामांकन के तीसरे दिन सोमवार को जिला परिषद् सदस्य महेंद्र प्रसाद यादव ने निर्वाची पदाकिारी सह एसडीओ रिया सिंह के समक्ष नामांकन दाखिल किया है। वहीं सोमवार को डॉ. नीरा यादव और सुभाष यादव ने नामांकन प्रपत्र खरीदा है।

### होम वोटिंग को लेकर प्रतिनियुक्त मतदान कर्मियों को दिय गया प्रशिक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता


**कोडरमा।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 अंतर्गत 19 कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के कार्यों के सफल संचालन को लेकर बिरसा मुंडा सांस्कृतिक भवन में होम वोटिंग और सुविधा केंद्रों पर पोस्टल वोटिंग के लिए प्रतिनियुक्त मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। मतदान कर्मियों को उनके कार्यों एवं दायित्वों से अवगत कराया गया, उन्हें मतदान की प्रक्रिया की जानकारी दी गयी। वहीं नोडल पदाधिकारी डाक मतपत्र कोषांग अनूप कुजुर एवं रूमा झा के नेतृत्व में प्रशिक्षु मनोज चौरासिया मतदान कर्मियों को पोस्टल वोटिंग कराने की प्रक्रिया एवं विविध प्रपत्रों के संधारण करने एवं पैकेटिंग के संबंध में जानकारी दी। वहीं नोडल पदाधिकारी ने कहा कि किसी कारण से कोई भी मतदाता अपने मताधिकार के प्रयोग से वंचित न हो सके, इसका विशेष ख्याल रखें। वहीं प्रशिक्षण के दौरान होम वोटिंग के लिए प्रतिनियुक्त मतदान कर्मियों को पीपीटी के माध्यम से पोस्टल बैलेट द्वारा मतदान कराने की प्रक्रिया की पूर्ण जानकारी दी गयी।

## चुनावी घोषणा के बाद चाय की चुस्कियों के बीच राजनीतिक माहौल गर्म

# कोडरमा में त्रिकोणीय मुकाबले में किसके सर सजेगा जीत का ताज?

### कैसे दिलस्चस्प हुआ मुकाबला?

बता दें कि विधानसभा चुनाव 2019 में आजसू के टिकट से कोडरमा सीट पर चुनाव लड़ी पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता तीसरे स्थान पर रही थीं। लेकिन इस बार आजसू और भाजपा में गठबंधन होने के कारण कोडरमा सीट भाजपा के हिस्से में जाते देख शालिनी गुप्ता ने निर्दलीय चुनाव लड़ने को लेकर शंखनाद कर दिया है, जिसके बाद कोडरमा की सीट का मुकाबला काफी दिलचस्प हो गया है।


खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही कोडरमा और बरकट्ठा विधानसभा चुनाव की चर्चा हर तरफ है। इन विधानसभा क्षेत्र में मौजूदा विधायक के 5 वर्षों के कार्यकाल की चर्चा चौक चौराहों पर चाय की चुस्की के साथ जोरों से चल रही है। कहीं चाचा-भतीजा की कहानी, तो कहीं कोडरमा से विधायक रही डॉ.नीरा यादव की 10 वर्षों की कार्यकाल की कहानी पे लोग खूब चर्चा कर रहे हैं। देखा जा रहा है कि इस बार भी झारखंड में मुख्य लड़ाई हेमंत सोरेन की झारखंड मुक्ति मोर्चा और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) में होगी। बता दें कि झारखंड विधानसभा चुनाव में बीजेपी, कांग्रेस, आरजेडी, जेवीएम, आजसू जैसे कई राजनीतिक दलों के उम्मीदवार इस बार अपनी किस्मत लेकर चुनावी मैदान में उतरेंगे।

देश-दुनिया में माइका के लिए प्रसिद्ध कोडरमा विधानसभा सीट पर पहले फेज यानी 13 नवंबर को ही मतदान होने हैं। पहले फेज के लिए 18 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक नामांकन दाखिल किए जाएंगे। वहीं 28 अक्टूबर को नामांकन पर्चा की स्क्रूटनी की जाएगी। इस बार कोडरमा विधानसभा चुनाव का मुकाबला रोचक देखने को मिल रहा है। बता दें कोडरमा कि जिले की स्थापना 10 अप्रैल, 1994 को हुई थी। यह जिला हजारीबाग जिले से अलग कर बनाया गया। दरअसल कोडरमा सीट पर 2 बार से लगातार भाजपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव जीतकर पहली बार में ही राज्य की शिक्षा मंत्री और दूसरी बार विपक्ष की विधायक रही। वहीं डॉ. नीरा यादव के नाम की घोषणा करते हुए भारतीय जनता पार्टी एक बार फिर से विश्वास जताते हुए चुनावी मैदान में तीसरी बार उतारने का फैसला लिया है। वहीं इंडी गठबंधन की ओर से अभी भी टिकट को लेकर संशय बरकरार है। इसी बीच वर्ष 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में कोडरमा सीट पर आजसू उम्मीदवार रही शालिनी गुप्ता ने भी इस बार निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। इसी के साथ उन्होंने अपने कोडरमा में चुनावी शंखनाद कर दिया है। वहीं राजद की ओर से बिहार के व्यवसायी सह राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव ने नामांकन करवाया था, लेकिन कुछ कारणों से सुभाष यादव का नामांकन रद्द होने की स्थिति में राजद की ओर से कोडरमा के व्यवसायी अमिताभ कुमार उर्फ बबलू चौधरी को प्रत्याशी बनाया गया था।

### कौन हो सकता है इंडी गठबंधन से उम्मीदवार?

साल 2019 के चुनाव में पहली बार चुनावी मैदान में उतरे अमिताभ कुमार उर्फ बबलू चौधरी बहुत कम मतों से पराजय मिलने के बाबजूद अमिताभ कुमार राजनीति में एक्टिव नहीं दिखे। वहीं कोडरमा में राजद को मजबूत करने का जिम्मा बिहार के व्यवसायी सह राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव ने लिया और यहां की राजनीति में सक्रिय होकर राजद के कुनबे को मजबूत बनाने में लग गए थे। इसी बीच कुछ महीनों पहले बिहार में एक मामले में हुए ईडी के रेड में सुभाष यादव बिहार के जेल में बंद है, हालांकि राजद के सूत्रों की माने तो इस बार के विधानसभा चुनाव में राजद की ओर से कोडरमा सीट पर सुभाष यादव को ही टिकट देने की चर्चा चल रही है। कार्यकर्ताओं का तो यहां तक कहना है कि अगर चुनाव से पहले सुभाष यादव जेल से बाहर नहीं आएंगे तो उन्हें जेल के अंदर से ही चुनाव लड़वाया जाएगा।

### त्रिकोणीय मुकाबले में किसके सर सजेगा जीत का ताज?

एक तरफ भाजपा की टिकट पर लगातार दो बार जीत दर्ज कर विधायक बनी डॉ. नीरा यादव पर बीजेपी के शीर्ष नेताओं ने तीसरे बार भी भरोसा कर चुनावी मैदान में उतारने का फैसला लिया है। वहीं राजद से अगर सुभाष यादव जेल से भी चुनाव लड़ते हैं, तो शालिनी गुप्ता की निर्दलीय एंट्री चुनाव को त्रिकोणीय बना देगी। ऐसे में इस बार विधानसभा चुनाव के परिणाम में कोडरमा सीट पर जीत का ताज किसके सर होगा अभी यह कह पाना काफी मुश्किल है।

### झामुमो प्रत्याशी मनोज चंद्रा आज करेंगे नामांकन, पहुंचेंगे हेमंत और कल्पना



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार मनोज कुमार चंद्रा झामुमो नेता सिमरिया विधानसभा प्रत्याशी के रूप में निर्वाचित पदाधिकारी से सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन करेंगे नामांकन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन शामिल रहेंगे। नामांकन के बाद सीएम हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन सभा को संबोधित करेंगे। जिसे लेकर हर्षनाथ पुर स्थित कर्बला मैदान में भव्य पंडाल लगाया गया है। सीएम और गांडेय विधायक हेलीकॉप्टर से सिमरिया हर्षनाथपुर पहुंचेंगे जहां से बाय कार कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे।

कार्यक्रम में हजारों की संख्या कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। वहीं विधि व्यवस्था को लेकर प्रशासन मुस्तैद नजर आ रहे।

## मतदाताओं को बैनर पोस्टर के माध्यम से किया गया जागरूक



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के लावालौंग और चतरा विधानसभा क्षेत्र के कुंदा हाट बाजार, चौक, वाहन स्टैंड के पास स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।जिससे सिमरिया और चतरा विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर 2024 को होने वाले चुनाव में सभी मतदाता बढ़ चढ़ कर भाग लें और अपने मताधिकार का प्रयोग करें। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सह स्वीप नोडल पदाधिकारी शकील अहमद, जिला खेल कूद पदाधिकारी सह सहायक स्वीप नोडल पदाधिकारी तुषार रॉय एवं सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर सह सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी शशीकांत कुमार श्रीवास्तव द्वारा लावालौंग और कुंदा प्रखंड क्षेत्र के हाट बाजार में आने वाले लोगों को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाया गया। साथ ही उनके मत के अधिकार और 13 नवंबर को मतदान होना है इसकी जानकारी दी गई। इसके अलावे उक्त अधिकारी ने वाहन स्टैंड और प्रखंड के चौक पहुंच यात्री सेवा ऑटो, बस और ट्रांसपोर्टिंग में चलने वाले वाहनों पर सीविजील, वोटर हेल्पलाइन समेत अन्य जागरूकता से संबंधित बैनर को चिपकाया। जिससे अधिक से अधिक मतदाता चुनाव के प्रति जागरूक हों। सच्चे मतदाता के एक ही पहचान,नकद, शराब या मुफ्त उपहार बिना करें मतदान एवं बूढ़े हो या जवान 13 नवंबर को करेंगे सभी मतदान का नारा भी मतदाताओं द्वारा लगाया गया।

## एक नजर में

### एसपी ने विभिन्न चेकपोस्टों का किया औचक निरीक्षण, दिए कई निर्देश

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने सोमवार को विधानसभा चुनाव को लेकर बनाये गए अंतरराज्यीय और अंतरजिला चेकपोस्टों का औचक निरीक्षण कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं औचक निरीक्षण के दौरान एसपी श्री सिंह ने मेघातरी, नीरू पहाड़ी, नावाडीह और दर्शननाला आदि चेकपोस्ट का निरीक्षण किया। साथ ही मौके पर मौजूद पुलिस पदाधिकारी और दण्डाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

### पारदर्शी और भयमुक्त वातावरण में चुनाव कराना हमारी प्राथमिकता : उपायुक्त

**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में विभिन्न कोषांगों के वरीय, नोडल तथा प्रभारी पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में शामिल पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, पारदर्शी और भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न करवाना हमारी प्राथमिकता है, इसमे आपसबों को भूमिका काफी अहम है, आप सभी आपस मे समन्वय बनाकर निर्वाचन आयोग के गाइडलाइंस का शतप्रतिशत अनुपालन करें और शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव सम्पन्न कराएं।

### दूसरे चरण का प्रशिक्षण सम्पन्न

**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देशानुसार डीडीसी ऋतुराज के मार्गदर्शन पर सेक्टर पदाधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों का दूसरे चरण का प्रशिक्षण अभियंत्रण महाविद्यालय बाघिटांड़ में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण की शुरुआत उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गॉडविन कुजूर ने मतदान के दौरान होने वाली सामान्य गलतियों को पीपीटी के माध्यम से बताकर किया।

### महिला ने एक व्यक्ति पर दुष्कर्म का लगाई आरोप, थाना में दिया आवेदन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत बच्छेडीह पंचायत के दूधपनिया निवासी 24 वर्षीय महिला ने थाना में आवेदन देकर एक व्यक्ति पर दुष्कर्म का आरोप लगाई है। आवेदन में कहा है कि मैं 24 वर्षीय गायत्री कुमारी पति भोला यादव अपने घर में सास-ससुर के साथ रहती हूं तथा मेरे दो छोटे-छोटे बच्चे हैं, मेरे पति प्रदेश में काम करते हैं।

### सम्मान समारोह का आयोजन

**कोडरमा।** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय के छात्र कौशल मंडल ने 38वीं क्योरूगी व 12वहीं पुमसे राष्ट्रीय सब-जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2024 में शानदार प्रदर्शन कर अपने विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रौशन किया। छात्र कौशल मंडल अपने जुझारू खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने कड़े प्रतिद्वन्दी को 6-3 अंकों से हरा कर कास्य पदक अपने नाम किया। 38वीं क्योरूगी व 12वीं पुमसे राष्ट्रीय सब-जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता ताइक्वांडो नेशनल फेडरेशन के द्वारा व उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के तत्वावधान में चैंपियनशिप का आयोजन उत्तर प्रदेश, आगरा के हॉली पब्लिक स्कूल में किया गया।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**डोमचांच (कोडरमा)।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर स्वीप कोडरमा के बैनर तले मंजुला शर्मा मेमोरियल प्लस टू अकादमी में सोमवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## चतरा से लोक जनशक्ति पार्टी के उम्मीदवार होंगे जनार्दन पासवान

### भद्रकाली मंदिर में की पूजा अर्चना

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** पूर्व विधायक जनार्दन पासवान चतरा से लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के उम्मीदवार होंगे। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने जनार्दन पासवान को उम्मीदवार घोषित करते हुए सिंबल और लेटर दे दिया है। जनार्दन पासवान रविवार को ही दिल्ली में लोक जनशक्ति पार्टी में शामिल हुए थे। पार्टी में शामिल होने के बाद उन्होंने चतरा विधानसभा सीट के लिए आवेदन दिया था। इसके बाद संसदीय बोर्ड की बैठक में जनार्दन पासवान के नाम पर सहमति बनी और उन्हें उम्मीदवार घोषित कर दिया गया। जिसके बाद समर्थकों में खुशी की लहर है।

जनार्दन पासवान ने सोमवार की सुबह इटखोरी स्थित प्रसिद्ध मंदिर मां भद्रकाली में पूजा अर्चना की। जनार्दन पासवान ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि लोजपा ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उसके लिए मैं पार्टी नेतृत्व और अपने सभी समर्थकों का आभार व्यक्त करता हूं। मेरा उद्देश्य सिर्फ चुनाव जीतना नहीं, बल्कि अपने क्षेत्र और समाज के हर वर्ग का विकास सुनिश्चित करना है। जनार्दन पासवान का राजनीतिक सफर : जनार्दन पासवान पहली बार जनता दल के टिकट पर 1995 में चतरा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीते थे। इसके बाद वे वर्ष 2009 में राजद से दोबारा चतरा के विधायक चुने गए। 2014 के विधानसभा चुनाव में भी वे राजद के टिकट से लड़े थे। लेकिन इस चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी जयप्रकाश सिंह भोक्ता विजयी हुए थे। चतरा विधानसभा सीट एससी के लिए रिजर्व है। इस सीट पर पासवान वोटर्स की संख्या अच्छी रही है। साथ ही बिहार से सटे होने के कारण बिहार की राजनीति का भी प्रभाव रहा है। वर्तमान में चतरा से सत्यानंद भोक्ता राजद के इकलौते विधायक हैं। वह हेमंत सरकार में मंत्री भी हैं। लेकिन भोक्ता जाति को एसटी का दर्जा मिलने के कारण सत्यानंद भोक्ता चतरा सीट से चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। आपको बता दे कि एनडीए की ओर से लोक जनशक्ति पार्टी (आर) को एकमात्र चतरा सीट दी गई है. 2014 के चुनाव में लोजपा को शिकारीपाड़ा सीट मिली थी, जहां प्रत्याशी की जमानत जब्त हो गई थी।

### पुलिस लाइन में मना संस्मरण दिवस

**कोडरमा।** शहीद पुलिस कर्मियों की याद में सोमवार को कोडरमा पुलिस लाइन में भी संस्मरण दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में पिछले एक वर्ष में शहीद हुए 216 पुलिस कर्मियो के बलिदान को याद किया गया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर झारखंड के शहीद हवलदार चौहान हेम्ब्रम, आरक्षी सिकन्दर सिंह, आरक्षी सुकन राम और आरक्षी रामदेव महतो को भी याद किया गया। मौके पर 2 मिनट का मौन रख शहीद पुलिस कर्मियों के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया। वहीं शहीद पुलिस कर्मियों के सम्मान में जिला पुलिस के जवानों की ओर से परेड का आयोजन भी किया गया। मौके पर मौजूद एसपी अनुदीप सिंह ने परेड की सलामी ली और शहीद पुलिस कर्मियों के बलिदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया। वहीं एसपी अनुदीप सिंह ने कहा कि हर साल 21 अक्टूबर को देश की रक्षा में जान गवाने वाले शहीद पुलिस कर्मियों को याद किया जाता है। मौके पर शहीद परिवारों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया गया।

# आपकी बहू हूं, पार्टी की प्रतिष्ठा रखने देहरी से बाहर रखा कदम, आशीर्वाद दें : पूर्णिमा

■ पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और बुजुर्गों से मिल कर लिया जीत का आशीर्वाद
■ कहा, भाजपा सह एनडीए की सरकार बनने से ही होगा झारखंड का समुचित विकास

खबर मन्त्र ब्यूरो



1. गांधी घाट जाकर केंद्रीय वरिष्ठ नागरिक समिति के शिवपूजन सिंह व टीम ने पूर्णिमा का अभिनंदन किया। 2. भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा व श्रीमती ओझा पूर्णिमा को जीत का आशीर्वाद देते हुए। 3. बुजुर्ग भाजपाई चंद्रशेखर मिश्रा से उनके आवास पर आशीर्वाद लेने पहुंची पूर्णिमा।

**जमशेदपुर।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की तैयारी अपने चरम पर पहुँच चुकी है, और इस चुनावी समर में जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा सीट से भाजपा की प्रत्याशी पूर्णिमा दास का अभियान उत्साह और उम्मीद से लबरेज है। भाजपा के संस्कार और संगठनात्मक शक्ति से प्रेरित पूर्णिमा दास जनता के बीच जाकर उनका समर्थन हासिल कर रही है। उनका यह अभियान न केवल भाजपा की विजय सुनिश्चित करने की ओर अग्रसर है, बल्कि हेमंत सरकार के कुशासन से त्रस्त जनता के लिए आशा की एक नई किरण भी बनकर उभरा है। सोमवार को भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा दास ने पार्टी के कई प्रमुख नेताओं से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इन मुलाकातों में आजसू के वरिष्ठ नेता एवं सूर्य मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष गुंजन यादव, पूर्व डीएसपी कमल किशोर, वरिष्ठ समाजसेवी अनिल ठाकुर, बिपिन झा, भाजपा नेता अनिल सिंह, गांधी घाट के शिवपूजन सिंह व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने पूर्णिमा दास को चुनावी संघर्ष में उनका मार्गदर्शन करते हुए आशीर्वाद दिया। इसके साथ ही सभी नेताओं ने उन्हें इस विजयी अभियान में पूरी शक्ति और सामर्थ्य से समर्थन का भरोसा दिया। भाजपा नेताओं ने कहा कि पूर्णिमा दास की सादगी, नेतृत्व क्षमता और विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता इस क्षेत्र को विकास और समृद्धि की नई ऊंचाई पर ले जाएगी।

वहीं, अन्य मुलाकात में टेल्को वर्क्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते, महामंत्री आर.के. सिंह एवं अन्य प्रमुख नेताओं ने भी पूर्णिमा दास के प्रति अपना समर्थन व्यक्त करते हुए कहा कि जमशेदपुर पूर्वी सीट से भाजपा का परचम लहराने का समय आ गया है।

पूर्णिमा दास ने अपने अभियान को लेकर कहा कि हेमंत सरकार के शासन में झारखंड की जनता ने जिस प्रकार से भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और असुरक्षा का सामना किया है, उससे बदलाव की आवश्यकता और प्रबल हो गई है। भाजपा ने सदैव झारखंड के विकास को प्राथमिकता दी है, और अब समय आ गया है कि हम इस राज्य को एक नई दिशा में लेकर जाएं।

भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा दास ने यह भी कहा कि आज झारखंड की जनता विकास के प्रति जागरूक है और जानती है कि राज्य में स्थिरता, विकास और सुशासन सिर्फ भाजपा के सशक्त नेतृत्व में ही संभव है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने जनता के विश्वास के साथ छल किया है, और इस बार जनता भाजपा को स्पष्ट जनादेश देकर पांच साल के कुशासन और आतंक का अंत करेगी। कहा कि यह चुनाव सिर्फ सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि व्यवस्था परिवर्तन के साथ विचारधारा और विकास की नई धारा को स्थापित करने का भी चुनाव है।

## रघुवर में हिम्मत है तो इस्तीफा देकर चुनाव लड़ें : डॉ अजय



जमशेदपुर पूर्व के संभावित कांग्रेस प्रत्याशी डॉ अजय।

**जमशेदपुर।** पूर्व सांसद सह पूर्वी से कांग्रेस के प्रत्याशी डा. अजय कुमार ने सोमवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास में हिम्मत है तो इस्तीफा देकर चुनाव लड़ें, महिला को आगे कर राजनीति करना बुजदिल इंसान की पहचान है। उन्होंने कहा कि बीजेपी के नेताओं द्वारा लगातार संविधान की मर्यादा को तार तार किया जा रहा है। एक राज्य का राज्यपाल रहते रघुवर दास द्वारा पर्दे के आड़ में जो खेल खेलने का प्रयास किया जा रहा है। वो संविधान के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति सहित मुख्य चुनाव आयुक्त से मैं इसकी शिकायत करुंगा और इनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करूंगा। डॉ अजय कुमार ने कहा कि मुझे जानकारी मिली है कि रघुवर दास मंगलवार को जमशेदपुर आ रहे है और कुछ दिनों तक यहीं डेरा जमाकर अपनी बहू के लिए पर्दे के पीछे से प्रचार करेंगे। मैं इसका पूरा विडियों रिकार्डिंग करवाउंगा और राष्ट्रपति सहित मुख्य चुनाव आयुक्त को भेज कर रघुवरके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करुंगा। डा. अजय ने कहा कि रघुवर दास की अब यह स्थिति हो गई है कि उन्हें महिलाओं का सहारा लेना पड़ रहा है। वो अपने 25 वर्षों के घटिया कार्यकाल के कारण लोगों का सामना नहीं कर पा रहे है। रघुवर दास के परिवार ने जो भ्रष्टाचार और आतंक का माहौल पैदा किया था उससे पूर्वी की जनता मुक्ति चाहती है। इस बार जनता रघुवर दास के 25 वर्षों का हिसाब चूकता करेगी।

## स्पीड न्यूज



### विहंगम योग विश्व शांति वैदिक महायज्ञ संपन्न

**जमशेदपुर।** मनोहरपुर के पूर्व विधायक गुरुचरण नायक के सोनुआ स्थित आवास एवम पंड्राशाली पोस्ट ऑफिस के बड़ा बाबू मोतीलाल दास के मटकुबेरा स्थित आवास पर विहंगम योग संत समाज पश्चिमी सिंहभूम जिला ने दोनों स्थानों पर एक कुंडीय विहंगम योग विश्वशांति वैदिक महायज्ञ संपन्न कराया। यज्ञ विहंगम योग के पुरोहित महावीर विद्यार्थी ने कराया, जिसमें यजमान स्वरूप पूर्व विधायक गुरुचरण नायक सपत्नीक एवं मोतीलाल दास परिवार के संग दक्षिणी झारखंड के पत्रिका प्रभार मंत्री मनमोहन महतो, पश्चिमी सिंहभूम के परामर्शक महेश निषाद, जिला के प्रमुख संयोजक बसंत महतो, संयोजक अवधेश कुमार, मझगांव के प्रभारी रामपति उरांव, खुटपानी के प्रभारी छोटेलाल, युवा प्रभारी प्रेम नायक भी शामिल थे।

### ई-विजिल एप पर करें आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत

**जमशेदपुर।** विधानसभा चुनाव 2024 में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने में आयोग के साथ साथ मतदाताओं की भी सजग भूमिका जरूरी है। जब तक मतदाता चुनाव में प्रलोभन देने के हथकंडों को आंख बंद करके यूं ही देखते रहेंगे, तब तक इस पर रोक लगाना संभव नहीं है। इसके लिए चुनाव आयोग ने तकनीक का इस्तेमाल करते हुए C-Vigil मोबाइल एप मतदाताओं के लिए बनाया है। श्री मित्तल ने बताया कि सी-विजिल एप के माध्यम से आम नागरिक आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन की शिकायत कर सकते हैं।

### आइएसएल : लोकतंत्र की धुन पर झूमे लोग

**जमशेदपुर।** जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में आयोजित आइएसएल फुटबॉल मैच के दौरान जिला प्रशासन की ओर से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। कनेक्टिंग वोटर थ्रू फुटबॉल और वोट करेगा इस्ट सिंहभूम के थीम पर आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को लेकर दर्शक काफी उत्साहित दिखे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल के साथ लगभग 20 हजार की संख्या में पहुंचे दर्शकों ने मतदाता शपथ लिया।

### एआइएमआइएम से बाबर को जमशेदपुर का टिकट

**जमशेदपुर।** सोमवार को आल इंडिया मजलिस एतिहादुल मुस्लिमीन के जमशेदपुर पश्चिम प्रत्याशी बाबर खान रांची से जमशेदपुर पहुंचने पर आजाद नगर थाना क्षेत्र में हुआ जोरदार स्वागत जमकर हुई आतिशबाजी जिसमें क्षेत्र एवं जिला समिति के हजारों लोग शामिल हुए। विधानसभा चुनाव के नामांकन पत्र दाखिल करने की तैयारी पर बाबर ने कहा कि वे 24 अक्टूबर 2024 को 11 बजे ओल्ड पुरुलिया रोड येसु भवन के पास से बाइक रैली से उपायुक्त कार्यालय पहुंच नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

# मंगल कालिंदी, संजीव सरदार और अशोक ने दाखिल किया नामांकन

खबर मन्त्र ब्यूरो



1. नामांकन दाखिल करते मंगल कालिंदी। 2. नामांकन दाखिल करते संजीव सरदार। 3. नामांकन दाखिल करते अशोक कुमार।

**जमशेदपुर।** विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर तीन प्रत्याशियों ने आज संबंधित विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष नामांकन दाखिल किया। जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी के रूप में मंगल कालिंदी और पोटका विस क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी संजीव सरदार ने नामांकन दाखिल किया। जमशेदपुर पश्चिम से पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक के प्रत्याशी अशोक कुमार ने नामांकन दाखिल किया है। वहीं, सभी छह विधानसभा क्षेत्र हेतु कुल 32 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र का क्रय किया जिसमें 44-बहरागोड़ा में चार, 45-घाटशिला में चार, 46-पोटका में तीन, 47-जुगसलाई में तीन, 48-जमशेदपुर (पूर्व) 12 तथा 49-जमशेदपुर (पश्चिम) के छह अभ्यर्थी शामिल हैं।

दूसरी ओर, जुगसलाई से झामुमो प्रत्याशी मंगल कालिंदी और पोटका विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी संजीव सरदार ने परिवार के बड़े-बुर्जुग से आशीर्वाद लेकर सैकड़ों समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल करने पहुंचे थे। दोनों प्रत्याशियों ने अपना पूरा दमखम दिखाया। आसन्न विधानसभा चुनाव में पोटका सुरक्षित 46 सीट से बतौर झामुमो पार्टी के प्रत्याशी के रूप में विधायक संजीव सरदार ने सोमवार को अपना नामांकन किया। नामांकन से पूर्व संजीव सरदार अपने पैतृक गांव उदाल में पहले घर के देवता का पूजा अर्चना किया, तदुपरांत मां सरला सरदार व पिताजी नलीन सरदार के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। घर से बाजे गाजे के साथ जुलूस के रूप में नामांकन जुलूस निकाला। रास्ते में मुक्तेश्वरधाम हरिणा शिव मंदिर, हल्दीपोखर व हाता में बजरंगबली मंदिर एवं भगवान बिरसा मुंडा को नमन कर आशीर्वाद लिया।

## एक नजर में

### रघुवर के खास राकेश के घर पहुंचीं पूर्णिमा, स्वागत



**जमशेदपुर।** भाजपा जमशेदपुर महानगर के पूर्व जिला महामंत्री राकेश सिंह के टेल्को स्थित आवास पर टेल्को कॉलोनी के युवा साथियों, मातृशक्ति माता बहनों ने भाजपा प्रत्याशी का भव्य स्वागत अभिनंदन किया।

### नियारण समेत कई ने झामुमो का दामन थामा



**जमशेदपुर।** सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा पूर्वी सिंहभूम जिला संपर्क कार्यालय में केंद्रीय सदस्य शेख बदरुद्दीन एवं प्रमोद लाल के नेतृत्व में अन्य दलों से कई लोगों ने झामुमो का दामन थामा। झामुमो में शामिल होने वालों में आप के जितेंद्र यादव, अधिवक्ता एस जेड खान, प्रानेस भट्टाचार्य, नियारण हैरेंज, मैनुल खान, संजय होरो, मदिना, सुरेश सिंह ने सदस्यता ग्रहण की। इस कार्यक्रम में के एन ठाकुर, प्रीतम हेंब्रम, अजय रजक, सम्मद अंसारी, सपन राय, गुरमीत सिंह गिल समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### सरयू राय से मिले सुधांशु ओझा, मदद का भरोसा



**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जमशेदपुर महानगर के अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने जमशेदपुर पश्चिमी से एनडीए के उम्मीदवार सरयू राय से उनके बिष्टुपुर स्थित आवास पर मुलाकात की। इस मुलाकात में श्री ओझा ने श्री राय से कहा कि पूरी भाजपा उनके साथ है। जमशेदपुर पश्चिमी की सीट पर इस बार विजयश्री एनडीए की ही होगी। श्री राय और श्री ओझा के बीच अनेक राजनीतिक मुद्दों पर भी चर्चा हुई। इस दौरान जमशेदपुर पश्चिमी सीट के भाजपा प्रभारी सत्यनारायण सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजीव सिंह व संजीव सिन्हा, वरिष्ठ भाजपा नेता अजय श्रीवास्तव, वरिष्ठ भाजपा नेता ललन द्विवेदी, भाजपा महिला मोर्चा, जमशेदपुर की पूर्व जिलाध्यक्ष नीरू सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

### गठबंधन धर्म का पालन करेंगे : नीरज सिंह



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में भाजपा से टिकट के प्रबल दावेदार माने जा रहे उद्योगपति नीरज सिंह ने चुनाव में पार्टी लाइन से इतर जाने की किसी भी संभावना से इंकार किया है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि जमशेदपुर पश्चिम भाजपा की परंपरागत सीट है किंतु इस बार यह सीट गठबंधन धर्म के तहत सहयोगी राजनीतिक दल को दिया गया है। ऐसे में भाजपा के एक सच्चा सिपाही होने के नाते मैं और मेरी टीम गठबंधन के प्रत्याशी को जितायेंगे।

### स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की धर्मपत्नी सुधा ने गुजराती समाज की महिलाओं संग की बैठक



**जमशेदपुर।** गुजराती महिला मंडल की एक बैठक बिष्टुपुर जलाराम कुटीर में हुई, जिसमें समाजसेविका सुधा गुप्ता ने आग्रह किया कि अधिक संख्या में महिलाएं मतदान करें। मतदान शत प्रतिशत हो, इसके लिए सबसे अहम भूमिका महिलाएं अदा कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा में हम सबको ऐसा प्रत्याशी चुनना चाहिए जो आपके बीच पला बढ़ा हो। आप सब जिसके पास कभी भी बेझिझक अपनी समस्या लेकर जा सकें। उसके बाद सुधा गुप्ता चैंबर भवन में आयोजित दीपावली मेला में भी शामिल हुईं। वहां जिन व्यवसायी महिलाओं ने स्टॉल लगाया था, उन सबका उत्साहवर्धन किया।

### सरायकेला विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी चंपई सोरेन ने किया कार्यकर्ताओं से भेंट



**गम्हरिया।** भाजपा प्रत्याशी घोषित होने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन सोमवार को अपना गृह विधानसभा क्षेत्र सरायकेला पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कांड्रा और गम्हरिया में कई जगहों पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनाव की रणनीति पर विचार विमर्श किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होने की अपील की। कांड्रा एसकेजी कॉलोनी में आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड के ज्वलंत मुद्दे बांग्लादेशी घुसपैठी पर केवल भाजपा सरकार ही रोक लगा सकती है। झामुमो सरकार पर प्रहार करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार विगत पांच वर्षों से आदिवासियों को छल रही है। ऐसे में इस सरकार को उखाड़ फेंकने अब वक्त आ गया है। उन्होंने वर्तमान सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए एकजुट रहने और भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की।

# यूथ कांग्रेस के दर्जनों कार्यकर्ता जदयू में शामिल

■ एनडीए के जदयू प्रत्याशी सरयू राय फैलाने लगे पार्टी का नेटवर्क
■ जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने दिलायी सदस्यता

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक श्री सरयू राय के नेतृत्व के प्रति अपना आस्था प्रकट करते हुए सोमवार को यूथ कांग्रेस के दर्जनों लोगों ने जनता दल यूनाइटेड की सदस्यता ग्रहण की। यह सदस्यता श्री राय के जमशेदपुर स्थित कार्यालय-सह-आवास पर ग्रहण करायी। विधायक श्री राय ने यह सदस्यता दिलायी। यह सदस्यता अभियान मुन्ना सिंह की देखरेख में हुआ। सदस्यता लेने वालों में यूथ कांग्रेस के जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा के अध्यक्ष भवानी सिंह, बाबू खान, बिजॉय डे, समीर, मो. शमशाद, अरमान खान, सुजय सोरेन, अजय मार्डी, राहुल सोरेन, शोएब अख्तर, फैय्याज खान, अन्नदा छोटे, प्रिंस रंधावा, कार्तिक कुमार, पंकज, विजय सिंह, कुंदन, आकाश सिंह, सुजीत यादव, अमरेश, रंजन सिंह, शिवम बनर्जी, राजदीप कुमार, फरहान भी थे।

# मेनका का पैर छू मीरा ने लिया आशीर्वाद मेनका सरदार ने वापस लिया इस्तीफा

### पोटका विस क्षेत्र

■ मीरा मुंडा ने पूर्व विधायक मेनका सरदार से मिलकर ली आशीर्वाद, मेनका ने चुनाव में समर्थन देने की हामी भरी

खबर मन्त्र टीम



**पोटका/ जमशेदपुर।** पोटका विस से भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा ने सोमवार को पोटका से तीन बार की विधायक रह चुकीं मेनका सरदार से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। राज्य सभा सदस्य आदित्य साहू भी मेनका सरदार से मुलाकात किए तथा गिला शिकवा दूर कर मीरा मुंडा को समर्थन करने की बात कही। ज्ञात हो कि पूर्व विधायक मेनका सरदार ने पोटका विस क्षेत्र से मीरा मुंडा को भाजपा से उम्मीदवार बनाने के विरोध में पार्टी से इस्तीफा देने की घोषणा की थी। श्रीमती मुंडा ने पोटका विधानसभा क्षेत्र के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ताओं से मिली तथा कई स्थानीय विषयों पर चर्चा भी की।

मीरा मुंडा ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता उपेन्द्र सिंह सरदार उर्फ राजू सरदार, गणेश सरदार और मनोज सरदार से मुलाकात की। उनसे विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को जिताने की अपील की।

# बेहतर झारखंड के निर्माण के लिए एनडीए की जीत बहुत ही जरूरी है : रामचंद्र सहिस

### जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र

खबर मन्त्र ब्यूरो



सहिस का स्वागत करते कार्यकर्तागण।

**जमशेदपुर।** सोमवार को एनडीए समर्थित उम्मीदवार आजसू के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस को जुगसलाई विधानसभा का प्रत्याशी बनाये जाने पर बोड़ाम, बेलटांड़, कटिन समेत अन्य क्षेत्रों में जगह जगह पर खड़े एनडीए के युवा साथियों ने माला और अंगवस्त्र दे सम्मानित किया। साथ ही जीत के प्रति आश्वस्त होकर खुशी प्रकट करते हुए पूरी एकजुटता के साथ आगामी विधानसभा चुनाव एक साथ पूरी मजबूती के साथ लड़ने और जितने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि बेहतर झारखंड के निर्माण हेतु एनडीए का सत्ता में आना आवश्यक है , साथ ही हम सभी आपसी समन्वय बना कर और अधिक से अधिक सीट जीतकर एनडीए को मजबूत बनाएंगे। यही संकल्प लेकर अपने अपने क्षेत्र में सभी बूथों पर लग जाना है और क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए आजसू और भाजपा के साथ साथ लोजपा और जदयू के भी कार्यकर्ताओं नेताओं संग जीत का आगाज करना है।

# फार्मेसी के 85 छात्रों ने 8 शिक्षकों संग किया चेन्नई, बेंगलुरु व मैसूर भ्रमण




खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** अरका जैन यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फामेर्सी ने 18 अक्टूबर 2024 को 85 छात्रों और 8 संकाय सदस्यों के साथ एक औद्योगिक यात्रा का आयोजन किया, जिसमें हिब्रो हेल्थकेयर लिमिटेड, तमिलनाडु का दौरा शामिल था। इस यात्रा का उद्देश्य छात्रों को फार्मास्युटिकल उद्योगों की विनिर्माण प्रक्रियाओं से अवगत कराना और उद्योग तथा शिक्षा के बीच अंतर को समाप्त करना था। हिब्रो हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड के महाप्रबंधक (एचआर) श्री जय गणेश ए.एस. ने इस दौरे में प्रमुख भूमिका निभायी।

# वसूली करने वाला नहीं, जनता का आंसू पोछने वाला विधायक चाहिए : अर्जुन मुंडा



डुमरिया में स्वागत करते कार्यकर्ता।

■ पोटका विस के डुमरिया प्रखंड में बूथ अध्यक्षों के साथ मुंडा ने की बैठक
■ कहा, पोटका को आतंक से मुक्ति दिलाने को कमल खिलाना जरूरी

खबर मन्त्र टीम

**पोटका/जमशेदुपर।** पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने आज पोटका विधानसभा क्षेत्र के डुमरिया में बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक की। उन्होंने करनसाई और बड़ा बोतला ग्राम (धतकीडीह टोला) में ग्रामीणों से जनसंवाद भी किया। बूथ अध्यक्षों को संबोधित करते हुए श्री मुंडा ने कहा कि लोगों ने संकल्प लिया है कि उन्हें वसूली वाला विधायक नहीं चाहिए,बल्कि लोगों के आंसू पोंछनेवाला प्रतिनिधि चाहिए।

झारखंड राज्य का गठन जिन सपनों को लेकर हुआ था आज वह भ्रष्टाचार, शोषण और लूट में तब्दील हो गया है। इसलिए इस बार भाजपा रोटी, बेटी और माटी की रक्षा के लिए वर्तमान सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए चुनाव लड़ रही है। जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है।आज डुमरिया में बूथ अध्यक्षों की बैठक में डुमरिया मंडल अध्यक्ष किशोर गिरी, पोटका प्रवासी प्रभारी और पूर्व केंद्रीय मंत्री विशेश्वर टुडू, पोटका प्रभारी अमित सिंह, जिला परिषद सदस्य पार्वती मुंडा, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष वसंत मदीना, दिलीप पंडा, रमा पानी, बेहुला नायक उपस्थित थीं। श्री मुंडा ने सोमवार को डुमरिया प्रखंड के ग्राम करनसाई में महिलाओं के साथ संवाद किया। इस अवसर पर महिलाओं ने कहा कि पिछले पांच सालों में राज्य सरकार ने क्षेत्र के लिए कोई काम नहीं किया। भ्रष्टाचार चरम पर है। हर योजना में कमीशनखोरी है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# डबल इंजन की सरकार से ही झारखंड का विकास संभव : संजय सेठ

- कुर्ता के ऊपर जनेऊ डाल सनातनी का ढोंग करते हैं कांग्रेसी : संजय सेठ
- राज्य के चहुंमुखी विकास के लिए भाजपा को चुने : डॉ शशिभूषण मेहता

खबर मन्त्र टोली





कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का स्वागत करते निवर्तमान विधायक डॉ शशिभूषण, जिलाध्यक्ष अमित तिवारी व उपस्थित भाजपा समर्थक।

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधानसभा से भाजपा के उम्मीदवार डॉक्टर कुशवाहा शशि भूषण मेहता के नामांकन सभा का आयोजन नीलांबर पितांबरपुर पुराना प्रखंड कार्यालय परिसर में किया गया। नामांकन सभा के मुख्य अतिथि भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ उपस्थित थे। नामांकन सभा की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अमित तिवारी एवं संचालन जिला महामंत्री विजय ठाकुर ने किया। मौके पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि जब तक झारखंड में डबल इंजन की सरकार नहीं बनती है तब तक झारखंड का विकास संभव नहीं है। राज्य की लुटेरी हेमंत सरकार जो युवाओं को घेराबंदी कर पीटने का काम करती है उसे सबक सिखाने का वक्त आ गया है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार महिलाओं को हर एक दृष्टिकोण से स्वालंबी बनाने का हर एक संभव प्रयास कर रही है। चाहे वह बात उज्ज्वला योजना की हो या फिर शौचालय बनाने की। चुनाव नजदीक आता है तो कुर्ता के ऊपर जनेऊ डाल सनातनी का ढोंग करते हैं कांग्रेसी। कांग्रेस के राजकुमार राहुल गांधी को हिंदू हिंसक लगते हैं। राज्य की हेमंत सरकार पूरे कार्यकाल में साढे चार वर्ष बीत जाने के बाद मईयां सम्मान योजना लाती है जो महिलाओं को छलने की योजना है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से लोक लुभावना बातों में नहीं आने का आग्रह किया। साथ ही भाजपा के स्थानीय उम्मीदवार डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता के पक्ष में मतदान करने की अपील की। भाजपा उम्मीदवार डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि चहुंमुखी विकास के लिए भाजपा को चुने एवं राज्य में भाजपा की सरकार बनाने में अपना योगदान दें। साथ ही पूर्व की दिनों की दहशत गर्दी का माहौल याद दिलाते हुए कहा कि अब पांकी विधानसभा क्षेत्र में किसी मजाल नहीं कि शांति व्यवस्था में खलल डाले। जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि जिस प्रकार अपने केंद्र में नरेंद्र भाई मोदी की सरकार बनाई है ठीक उसी प्रकार राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाएं एवं विकास में भागीदारी निभायें। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता श्यामनारायण दुबे, प्रेम सिंह, विधानसभा प्रभारी अशोक शर्मा, सुरेंद्र विश्वकर्मा, ललित मेहता, विजय शर्मा, शत्रुघ्न सिंह, जितेंद्र तिवारी, संजय वर्मा, लाला प्रसाद यादव, अजीत प्रसाद, गुड्डी देवी, मंजुलता दुबे, अखिलेश ठाकुर, अजय गुप्ता सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### बिजली चोरी : चार के खिलाफ केस दर्ज

**पड़वा पलामू।** पड़वा थाना क्षेत्र के चार लोगों पर कनीय विद्युत अभियंता विकास कुमार ने लिखित आवेदन देकर पड़वा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। जिसमें पड़वा के मुकुंद निराला, गड़ेरियाडीह के लक्ष्मण मिस्त्री, नारद शर्मा तथा सरैया के वशिष्ठ मेहता पर बिजली चोरी का आरोप है। चारों पर कुल 1,12,500 बकाया है। पड़वा थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव ने बताया कि कनीय विद्युत अभियंता विकास कुमार के लिखित आवेदन पर चारों पर धारा 135 भारतीय विद्युत अधिनयम के तहत पड़वा थाना 77/2024 दर्ज कर लिया गया है।

### होमिया में 23 को होगा स्विप कार्यक्रम



**पाटन पलामू।** जिला प्रशासन लोगों में मतदान के प्रति व मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान चला रहा है। इसके अंतर्गत पाटन प्रखंड के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र होमिया में 23 अक्टूबर को स्विप कार्यक्रम होना है। इसे लेकर प्रचार प्रसार भी जारी है। पाटन बीडीओ अमित झा ने प्रखंड कर्मियों के साथ स्विप कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारी का जायजा लिया। कहा कि स्विप कार्यक्रम में पलामू उपायुक्त शशि रंजन, उप विकास आयुक्त शबीर अहमद, नगर आयुक्त पलामू समेत जिला के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। नये मतदाताओं से भी 13 नवंबर को अवश्य मतदान करने की अपील की है।

### कोकरसा में नवाह्न परायण महायज्ञ सात से

**पंडवा (पलामू)।** कोकरसा में रामचरितमानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ के 39वें अधिवेशन को ले हनुमान मंदिर कोकरसा के प्रांगण में बैठक हुई। जिसके यज्ञ समिति में राजेन्द्र पांडेय उर्फ गनौरी अध्यक्ष, बलवंत पांडेय कोषाध्यक्ष, विरेन्द्र पांडेय उपाध्यक्ष, रविन्द्र पाण्डेय महामंत्री, शशि पाण्डेय यज्ञ संचालक, गणेश पाण्डेय मंत्री, राजीव तिवारी मंच संचालक, सोनू पांडेय सफाई मंत्री व योगेन्द्र नाथ तिवारी संरक्षक चुने गये। अध्यक्ष ने बताया कि महायज्ञ का 39वां अधिवेशन 7 से 16 नवंबर तक चलेगा।

### विस चुनाव 2024: प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों का रोका जायेगा वेतन

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त के निर्देश पर सरकारी कर्मी (जो प्रथम चरण के प्रशिक्षण सात, आठ व नौ तथा 16, 17 व 18 अक्तूबर को अनुपस्थित रहे हैं) कार्मिक कोषांग के नोडल पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में 23 अक्टूबर को अपना पक्ष रखें कि किस परिस्थिति में वे प्रशिक्षण में भाग नहीं लिये। पक्ष नहीं रखने अथवा जवाब असंतोषजनक पाने पर तत्काल प्रभाव से उनका वेतन स्थगित किया जायेगा। साथ ही जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 तथा झारखंड सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 2016 के सुसंगत धाराओं के तहत अनुशासनिक एवं दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी।

### मोहम्मदगंज में निकली भव्य कलश यात्रा



**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के पंसा में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर सोमवार को भव्य कलश यात्रा सह शोभायात्रा निकली। इसमें शामिल श्रद्धालु कलश लेकर महायज्ञ स्थल से पूरे क्षेत्र का भ्रमण कर कोयल-सोन नदी संगम स्थल पर पहुंचे। जहां से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जल भरने के बाद वापस यज्ञ मंडप में कलश स्थापन की। मुख्य यजमान सत्येंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, उमा मेहता, हरे राम सिंह और मनोज सिंह सपत्नीक महायज्ञ मंडप में पधारे। मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र सिंह, शुभम सिंह, चंदन मेहता, अभिषेक सिंह व बलजीत विश्वकर्मा ने बताया कि मंगलवार से महायज्ञ प्रारंभ होगी। रोज काशी व वृंदावन से पधारे महंत जी के साथ कथा प्रारंभ हो गयी है। 26 को महायज्ञ की पूर्णाहुति साधु-संतों की विदाई और महा भंडारा के साथ होगी। उन्होंने क्षेत्र के सभी धर्मानुरागियों व सज्जनों से श्रीलक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित इस महायज्ञ में पधार कर पुण्य का भागी बनने का आग्रह किया है। कलश यात्रा में कर्नल संजय सिंह सहित अन्य कई गणमान्य लोग भी शामिल थे।

### पलामू केंद्रीय कारा में औचक सर्च अभियान



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने सोमवार की शाम मेदिनीनगर सेंट्रल जेल (केंद्रीय कारागार) में विशेष सर्च अभियान चलाया। एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि इस अभियान के तहत जेल के सभी वैरकों एवं कैदियों की तलाशी ली गयी, जो लगभग ढाई घंटे तक चली। इसमें डीसी शशि रंजन, एसपी रीष्मा रमेशन, एसडीओ सुलोचना मीणा, सदर एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद, जेलर प्रमोद कुमार एवं शहर थाना प्रभारी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। एसपी ने बताया कि 100 से अधिक पुलिस कर्मियों की टीम ने इस सर्च अभियान में भाग लिया। जेल में कोई आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई है।

पांकी विधानसभा क्षेत्र से पहले प्रत्याशी के रूप में डॉ शशिभूषण मेहता ने किया नामांकन, बोले

# महागठबंधन सरकार से मुक्ति चाहती है पांकी विस क्षेत्र सहित राज्य की जनता

खबर मन्त्र संवाददाता



नामांकन परचा दाखिल करते भाजपा प्रत्याशी।

**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के सिंबल पर लगातार दूसरी बार चुनाव लड़ने के लिए डॉ शशिभूषण मेहता ने सोमवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह निर्वाचक पदाधिकारी 75 पांकी के यहां अपने समर्थकों व प्रस्तावकों के साथ परचा दाखिल किया।

इसके बाद उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में चाको, पिरी, सोनरे जल परियोजना को भाजपा की सरकार बनते के साथ ही निर्माण कराया जायेगा। इससे क्षेत्र के किसानों के हर खेतों में पानी पहुंचेगी। इससे किसान खेती कर सकेंगे। उन्होंने मईयां योजना पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह हेमंत सरकार राज्य की जनता को धोखा देनेवाला योजना चलाया है। राज्य की महिलाओं को अपमानित देखकर भाजपा ने गोगो दीदी सम्मान योजना को सरकार बनते के साथ ही लागू करेगी।

**शिक्षित बेरोगार युवकों को मिलेगी नौकरी :** इसके साथ ही राज्य में दो लाख 79 हजार रिक्त पड़े पदों पर शिक्षित बेरोगार युवकों को नौकरी देने का काम करेगी। चुनाव जीतने के बाद जब भाजपा की सरकार बनेगी तो पार्टी के घोषणा पत्र में शामिल योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने हेमंत सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि राज्य की जनता हेमंत सोरेन वाली गठबंधन सरकार से त्रस्त हो चुकी है। पांकी समेत झारखंड की जनता घूंट भरा जीवन व्यतीत कर रही है। हेमंत सोरेन से मुक्ति पाने के लिए पांकी विस क्षेत्र की जनता ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड की जनता मन बना चुकी है। जनता की आवाज है कि भाजपा ही हेमंत सोरेन से मुक्ति दिला सकती है दूसरा कोई विकल्प नहीं है। जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि भाजपा राज्य में चुनाव जीतकर पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। हेमंत सोरेन पांच वर्ष में झारखंड को दस वर्ष पीछे धकेलने का काम किया है। इससे राज्य को उबरने में समय लगेगा लेकिन भाजपा जब सरकार बनायेगी तो इसका असर जनता पर पड़ने नहीं देगी। डा मेहता के साथ रामदास साहु, अजय गुप्ता, बच्चान ठाकुर, आजसू के सतीश कुमार, बिकेश शुक्ला समेत कई लोग शामिल थे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सतबरवा के ब्रह्मदेव स्थल पर किया विधायक आलोक का स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता



भाजपा प्रत्याशी का स्वागत करते लोग।

- मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, मोहन जोशी, प्रीति गुप्ता, पप्पू सिंह ,भीष्म चौरसिया, रामलव चौरसिया, मनोज सिंह, डॉ रविंद्र सिंह, सुरेंद्र चौरसिया, गुलाब भुइयां, ज्वाला चौरसिया, बलदेव मेहता, राजू प्रसाद सिकंदर भुइयां समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

**सतबरवा पलामू।** डालटनगंज भंडरिया विस क्षेत्र के निवर्तमान विधायक आलोक चौरसिया को भाजपा के द्वारा पुनः प्रत्याशी बनाये जाने पर सतबरवा के ब्रह्मदेव स्थल के समीप सोमवार को कार्यकर्ताओं ने गर्म जोशी के साथ फूल माला और बाजे गाजे के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान श्री चौरसिया ने ब्रह्म बाबा का नारियल फोड़कर पूजा अर्चना की तथा विजयी होने का आशीर्वाद मांगा। श्री चौरसिया ने कहा कि भाजपा के केंद्रीय तथा प्रदेश नेतृत्व ने जो आशा और विश्वास के साथ डाल्टनगंज भंडरिया विस क्षेत्र से मुझे दोबारा प्रत्याशी बनाया है उस पर खरा उतारने का प्रयास करूंगा। श्री चौरसिया ने हेमंत सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली महागठबंधन की सरकार ने राज्य का विकास की जगह पर विनाश किया है। इनके शासनकाल में महिला, दलित, आदिवासी, पिछड़ी कोई भी सुरक्षित नहीं है।

## विधायक पुष्पा देवी 24 को करेंगी नामांकन

**पाटन पलामू।** छतरपुर पाटन विस क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी सह विधायक पुष्पा देवी 24 अक्टूबर को नामांकन परचा दाखिल करेंगी। इसे लेकर पुष्पा देवी व पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार ने छतरपुर पाटन की जनता, संगठन के सभी कार्यकर्ता, पदाधिकारी से नामांकन कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने सभी से आग्रह किया है कि 24 अक्टूबर गुरुवार को दिन में ग्यारह बजे नाग बाबा छतरपुर पहुंचे। यहां से छतरपुर अनुमंडल तक भव्य रोड शो के आयोजन में शामिल हो। इसके उपरांत चुनाव नामांकन की प्रक्रिया संपन्न होगी।

# सतबरवा के ब्रह्मस्थान में पुष्पा ने की पूजा-अर्चना

खबर मन्त्र संवाददाता

- विधायक पुष्पा देवी के पलामू आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**पाटन पलामू।** छतरपुर पाटन विधायक पुष्पा देवी को पलामू आगमन पर पाटन भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। पुष्पा को भाजपा से दोबारा टिकट मिला है इससे उत्साहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने सतबरवा ब्रह्म स्थान के पास गर्मजोशी से स्वागत किया। वहीं विधायक पुष्पा देवी एवं पूर्व सांसद मनोज कुमार ने सभी को धन्यवाद दिया। पाटन प्रखंड के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकाल नारेबाजी कर विधायक पुष्पा देवी के पलामू आगमन पर स्वागत किया। विधायक ने कहा कि मेरे द्वारा किये गये विकास कार्यों के आधार पर छतरपुर पाटन विस क्षेत्र की जनता समर्थन करेगी।

# दर्जनों कार्यकर्ता किसान ब्रिगेड में शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** विधानसभा चुनाव में टिकट के घोषणा होते ही सभी राजनीतिक दलों में उथल-पुथल मची हुई है। किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह के आवासीय कार्यालय पर सोमवार को दो दर्जन से अधिक भाजपा राजद व एनसीपी के कार्यकर्ताओं ने पार्टी छोड़ किसान ब्रिगेड का दामन थाम लिया। उन्हें महिला ब्रिगेड अध्यक्ष आराधना सिंह ने माला पहनाकर स्वागत किया। भाजपा छोड़ किसान ब्रिगेड का दामन थामने वाले में योगेंद्र राजवंशी, सोनु कुमार, धनंजय कुमार, पवन राम, राजेश चौधरी, सीपी पासवान, रंजन राजवंशी, राजद से संजय यादव, छोटू यादव, सुजीत कुमार, प्रदीप पासवान, पप्पू पासवान, एनसीपी से हरिओम राजवंशी, दिवाकर राजवंशी, चंदन कुमार, बबन राजवंशी, मिथलेश कुमार, राजवंशी सहित अन्य लोग शामिल हैं। आराधना सिंह ने बताया कि भाजपा के दलबदलुओं को टिकट देने से लोग पूरी तरीके से हताश व निराश हैं। एनसीपी हुसैनाबाद में विलुप्त होने के कगार पर है और राजद में कार्यकर्ताओं को मान सम्मान नहीं दिया जा रहा है। आये दिन किसान ब्रिगेड की बढ़ती लोकप्रियता व कर्नल संजय सिंह के विकास कार्यों में रूचि व युवाओं में उनकी बढ़ते जनाधार से भाजपा सहित अन्य पार्टी के भी कई युवा नेता व कार्यकर्ता अपनी पार्टी छोड़ किसान ब्रिगेड का दामन थाम रहे हैं।

## पांकी : तीन प्रत्याशियों ने भरा नामांकन परचा

**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर नामांकन के तीसरे दिन पलामू जिले के चार विधानसभा क्षेत्र यथा डालटनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर व हुसैनाबाद में किसी भी अभ्यर्थी ने नामांकन नहीं किया। जबकि पांकी विस क्षेत्र में तीन अभ्यर्थियों ने नामांकन परचा दाखिल किया। इनमें सुमित कुमार यादव (स्वतंत्र अभ्यर्थी), कुशवाहा शशिभूषण मेहता (भारतीय जनता पार्टी) व वचन सिंह (स्वतंत्र अभ्यर्थी) का नाम शामिल है।

## निर्वाचन पदाधिकारी ने की विभिन्न कोषांगों की समीक्षा



**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को विभिन्न कोषांगों व बीडीओ-सीओ संग बैठक कर चुनाव से संबंधित विभिन्न विषयों पर बैठक की। इस दौरान उन्होंने सभी संबंधितों से अपने आईएसआर अवलोकन करने, आईएसआर से बूथों की दूरी का अवलोकन करने व सभी बूथों पर एएमएफ का ख्याल रखने को कहा। कहा कि अगर किसी को आईएसआर से जुड़ी कोई समस्या हो तो अभी ही बतायें ताकि उसका निराकरण समय रहते किया जा सके। उन्होंने सभी बीडीओ-सीओ व संबंधित थाना प्रभारी को बेहतर समन्वय में रहने की बात कही। उन्होंने विधानसभा वार सभी निवार्यी पदाधिकारी व सहायक निवार्ची पदाधिकारी से नजरी नक्शा के अनुसार आईएसआर की विभिन्न पहलुओं की जानकारी ली।

**सभी बूथों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करने का निर्देश :** बैठक में उन्होंने सभी बीडीओ-सीओ को अपने अधीन सभी सभी बूथों पर सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं यथा रैंप, पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। कहा कि आप सभी लोग गांवों में जाकर लोगों को 13 नवंबर को मतदान करने हेतु प्रेरित किये। इसके अलावे उन्होंने सभी अंतर जिला चेक पोस्ट पर सभी संदिग्ध वाहनों की जांच करने की बात कही। मतदान से पूर्व सभी बूथों पर मतदाता सूची अवश्य रूप से प्रकाशित करें ताकि सभी मतदाताओं को मतदान से पूर्व उन्हें उनका क्रमांक नंबर की जानकारी हो सकें। इसी तरह वोटर इनफार्मेशन स्लीप का वितरण मतदान से पांच दिन शेष से वितरण प्रारंभ हो, यह सुनिश्चित करना चाहिये। मौके पर एसपी रीष्मा रमेसन, उप विकास आयुक्त, तीनों एसडीओ समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## पुलिस लाइन में मना पुलिस संस्मरण दिवस



- एसपी ने शहीद स्थल पर दीप प्रज्ज्वलित कर व पुष्प अर्पित कर सलामी दी
- देश समाज की रक्षा के लिए बलिदान देनेवाले पुलिसकर्मियों को नमन करने का दिन है : एसपी रीष्मा रमेसन

**मेदिनीनगर।** पुलिस लाईन में पुलिस संस्मरण दिवस मनाया गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने शहीद स्मारक के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर व शहीद वेदी पर पुष्प अर्पित कर सलामी दी। पुलिस केंद्र में शहीद वीरांगणाओं को अंग वस्त्र व अन्य सामग्री देकर सम्मानित किया गया। मौके पर शहीद के कई वीरांगणाओं व परिजन संस्मरण करते हुए रो पड़े। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती रमेसन ने कहा कि देश व समाज की रक्षा में अपना सर्वोच्च बलिदान देनेवाले पुलिसकर्मियों को नमन करने का दिन है। वैसे जाबाज शहीद पुलिसकर्मियों से हमें प्रेरणा लेने की जरूरत है जिन्होंने समाज विरोधी ताकतों से लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति दी है। इन आहुतियों को हम सभी स्मरण करते हुए इनके बलिदान को बेकार नहीं जाने देंगे। इन सभी में पर सभी को संकल्प लेने की जरूरत है कि जिस कारण हमारे घर व परिवार का बेटा वीर गति को प्राप्त हुआ है वैसे ताकतों से हमसबों को लड़कर समाप्त करने की जरूरत है। उन्होंने शहीद वीरांगणाओं के हौसले को बुलंद करते हुए कहा कि आप सभी धन्य हैं। आप अपने आप को कभी अकेला महसूस नहीं करें। पलामू पुलिस परिवार आपके हर सुख दुख के साथ सदैव खड़ा है। किसी को किसी प्रकार की यदि कोई परेशानी है तो बतायें इसका समाधान किया जायेगा। मौके पर सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद, आलोक कुमार टूटी, राजीव रंजन, राजेश कुमार, सार्जेंट मेजर सुरेश कुमार ओझा, सार्जेंट विमल कुमार, मेरी खलखो, पुलिस मेंस एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष विक्रांत दुबे, उपाध्यक्ष जय प्रकाश कुरी, केंद्रीय सदस्य मो इसराइल, संयुक्त सचिव कृष्ण कुमार, उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार समेत काफी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद थे।

**डालटनगंज :** हैट्रिक लगाने में जुटे आलोक चौरसिया का कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से किया स्वागत, बोले

# कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरने नहीं देंगे

- भाजपा से दूसरी बार टिकट मिलने पर विधानसभा के कार्यकर्ता उत्साहित

खबर मन्त्र संवाददाता



भाजपा प्रत्याशी का स्वागत करते कार्यकर्ता।

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज-चैनपुर-भंडरिया विधानसभा क्षेत्र से लगातार दूसरी बार भाजपा के सिंबल पर चुनाव लड़ने वाले विधायक आलोक चौरसिया के टिकट की घोषणा पार्टी नेतृत्व के द्वारा किये जाने पर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं समेत समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। सभी बेसब्री से विधायक को देखने के लिए इंतजार कर रहे थे। पार्टी द्वारा चुनाव लड़ने की घोषणा किये जाने के बाद रांची से विधानसभा क्षेत्र में जैसे ही श्री चौरसिया ने प्रवेश किया तो कार्यकर्ताओं ने सीमावर्ती क्षेत्र से लेकर डालटनगंज शहर तक सड़क के किनारे कार्यकर्ता फूल माला लेकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। विधायक ने कहा कि कार्यकर्ताओं के मनोबल को गिरने नहीं देंगे। दूसरी बार से बेहतर परिणाम तीसरी बार देखने को मिलेगा। इनका स्वागत सदर प्रखंड के अंतर्गत जोरकट मोड़ पर अजय चौधरी व सुबोध विश्वकर्मा के नेतृत्व में हजारों की संख्या में शामिल कार्यकर्ताओं ने जिंदाबाद के नारा लगाते हुए भव्य स्वागत किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक आलोक चौरसिया का तलवार, पगड़ी व माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर सुबोध विश्वकर्मा व अजय ने कहा कि डालटनगंज विधानसभा से आलोक चौरसिया को भाजपा ने टिकट प्रदान किया है। विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी आलोक चौरसिया की भारी मतों से जीत होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता श्री चौरसिया के पक्ष में कार्य कर रहे हैं। विधायक श्री चौरसिया तीसरी बार जीत का हैट्रिक लगायेंगे। उन्होंने कहा कि हर जगह श्री चौरसिया को जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। विधायक का स्वागत करनेवालों में संतोष साव, अनिल विश्वकर्मा, अनुप सिंह, छोटू विश्वकर्मा, हरि ठाकुर, मुकेश साव, प्रभु पाल, विजय ठाकुर, गुड्डू पाल, श्रवण पाल, अंकित कुमार, सुशील कुमार का नाम शामिल है।

# पीएम के नेतृत्व में झारखंड में बनेगी एनडीए की सरकार : कमलेश सिंह

- भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में पार्टी प्रत्याशी कमलेश सिंह को विजयी बनाने का लिया संकल्प

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** जपला छतरपुर रोड स्थित उदय विश्वकर्मा कांप्लेक्स परिसर में भाजपा के सभी मंडल अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता उद्धर मंडल अध्यक्ष मधुसूदन पाठक ने की। संचालन अजय गुप्ता ने किया। मौके पर भाजपा के हुसैनाबाद विधानसभा प्रभारी जवाहिर पासवान ने कहा कि भाजपा किसी व्यक्ति के पॉकेट का संगठन नहीं है। भाजपा नीतियों और सिद्धांतों पर कार्य करने वाली पार्टी है।



भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में विस प्रभारी के साथ कमलेश सिंह।

**खास बातें :** भाजपा नेतृत्व ने विधायक कमलेश सिंह को प्रत्याशी बनाया है। कमलेश के आने से पार्टी का संगठन पहले से ज्यादा मजबूत हुआ है। कार्यकर्ता के लिए इससे बड़ी बात क्या हो सकती है। भाजपा समुद्र है, अगर किसी ने नाराज होकर निर्दलीय चुनाव लड़ने का मन बनाया है तो इससे पार्टी को बहुत अंतर पड़ने वाला नहीं है। आने वाला दिन बतायेगा कि भाजपा से उनकी प्रतिष्ठा थी, छोड़ने के बाद उन्हें वह सम्मान नहीं मिलने वाला है। कार्यकर्ताओं को कहा कि पार्टी का निर्णय सभी को मान्य है। नरेंद्र भाई मोदी, अमित शाह और योगी जी के सपने को धरातल पर उतारने के लिए सभी को तन मन धन से कमलेश कुमार सिंह को जीता कर राज्य में डबल इंजन की सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त करना होगा। बैठक में रामप्रवेश सिंह, मधुलता रानी, विनोद पांडे, सोमेश सिंह, सीबी रमन, संतोष कुमार सिंह, सतेंद्र पासवान, रामराज मेहता, कामेश्वर सिंह, उमेश चंद शिव, दिनेश गुप्ता, सुरेंद्र पाठक, राजीव रंजन, अंकित पासवान, प्रेमतोश सिंह, अखिलेश्वर मेहता, डॉ अखिलेश गुप्ता, राजीव रंजन तिवारी, उदय विश्वकर्मा, उदय सिंह, विपिन बिहारी सिंह, जितेंद्र पासवान, लवकुश चंद्रवंशी, शिवपूजन गुप्ता समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## नगर परिषद क्षेत्र के सोलह वार्ड पार्षद भाजपा में शामिल

**गढ़वा।** नगर परिषद क्षेत्र के 16 वार्ड पार्षद भाजपा प्रत्याशी सत्येंद्र नाथ तिवारी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, विपक्ष के नेता अमर बाउरी पर आस्था व्यक्त कर भाजपा में शामिल हुए। सभी वार्ड पार्षद को भाजपा प्रत्याशी सत्येन्द्र नाथ तिवारी ने अंग वस्त्र एवं पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। मौके पर श्री तिवारी ने कहा कि झामुमो सरकार हर मोर्चे पर फ़ेल है। आप लोगों का कार्यकाल समाप्त हुए लगभग दो वर्ष हो गया लेकिन यह सरकार चुनाव तक नहीं करा पाया तो इससे आप समझ सकते हैं कि यह सरकार राज्य का और नगर परिषद क्षेत्र का क्या भला कर सकता है। भाजपा के सरकार बनने पर सबसे पहला प्राथमिकता होगा नगर परिषद का चुनाव और नगर परिषद का विकास। उन्होंने कहा कि आज नगर परिषद क्षेत्र में रोड चलने लायक नहीं है। नाली का पानी रोड पर बहता है। सभी को दुरुस्त करने का काम किया जाएगा। मौक़े पर नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## अकलियत और दलित समाज की महिलाओं ने किया गिरिनाथ का समर्थन

**गढ़वा।** पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह के आवास पर अकलियत और दलित समाज की सैकड़ों महिलाओं ने विधानसभा चुनाव में गिरिनाथ सिंह को आपार समर्थन करने का वादा किया। इस दौरान सभी महिलाओं का अभिनंदन करते हुए कहा पूर्व मंत्री ने कहा कि मैं शुरू से ही महिलाओं का सम्मान, शिक्षा और विकास का पक्षधर रहा हूं। आने वाले विधानसभा में हर समाज, हर तबके के लोग का पुरजोर समर्थन मिलने वाला है। अब गढ़वा की जनता सब समझ चुकी है, इस बार परिवर्तन करके रहेगी। मौके पर गुलाम सरवर, शेख सकिल, रहमान अली, शेख तमशीर, अरशु खान, इरशाद खान, तब्बूशम खातून, अनिशा खातून, उसना आरा, खुशबु खातून, सजगुण खातून, साहिदा खातून, साहेबा खातून, सबनम खातून सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## ऑटो पलटने से तीन घायल

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मकरी मोड़ के समीप मुख्य पथ पर एक तेज रफ्तार अटो के अनियंत्रित होकर पलट जाने से उस पर सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों में श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के कोलझिकी गांव निवासी दशरथ भुइंया 30 वर्ष पिता हरिहर भुइंया, उसकी पत्नी तेतरी देवी 25 वर्ष तथा खरौंधी के मीरा देवी पति रिखी पासवान का नाम शामिल है। सभी घायलों को इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद दशरथ भुइंया को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। घटना के संबंध में घायलों ने बताया कि वे सभी भवनाथपुर से ऑटो पर बैठकर खरौंधी जा रहे थे, तभी मुख्य पथ पर मकरी मोड़ के समीप तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई।

## सहिजना में भाजपा नगर मंडल का जनसभा

**गढ़वा।** भाजपा नगर मंडल गढ़वा के द्वारा सहिजना में मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में जनसभा का आयोजन किया गया। मौके पर भाजपा प्रत्याशी सत्येन्द्र नाथ तिवारी ने कहा कि इस क्षेत्र में भ्रष्टाचार क़ायम है। बिचौलिया हावी है। मंत्री के दलालों व पदाकिारियों के द्वारा एलपीसी के नाम पर ब्लैकमेल किया जाता है। अन्य तमाम मुद्दों को भाजपा की सरकार बनने के बाद समाप्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गरीबों का काम जो 5 वर्षों से रुका हुआ है उसको किया जाएगा। कहा कि प्रत्येक महिला को 2100 रुपया, पांच सौ रुपया में गैस सिलेंडर यह सब योजना मोदी की गारंटी योजना है। आप सभी लोग 23 अक्टूबर को नामांकन में शामिल होएं। मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र में भाजपा प्रचंड बहुमत से जीतेगी। जिस विभाग के वह मंत्री हैं, उस विभाग से लोगों को पानी उपलब्ध तक नहीं कराया गया।

### मंत्री मिथिलेश के नामांकन जनसभा में शामिल हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

# भाजपा का चुनावी रणनीति विकास नहीं जातिवाद है : मुख्यमंत्री

### केंद्र की दमनकारी सरकार संविधान बदलने की फिराक में है : मंत्री मिथिलेश





जनसभा को संबोधित करते हेमंत सोरेन, मंचासीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व मंत्री मिथिलेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि आज बाबा बंशीधर की नगरी से चुनावी यात्रा की शुरूआत की गई है। झारखंड के इतिहास में पहली बार यह चुनाव निश्चित समय सीमा से पहले कराया जा रहा है। चुनाव आयोग की विशेष शक्ति का ऐसा उपयोग चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि भाजपा की चुनावी रणनीति विकास नहीं बल्कि हिंदु, मुस्लिम, अगड़ा-पिछड़ा अर्थात जातिवाद है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गोविंद उच्च विद्यालय गढ़वा के मैदान में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के नामांकन जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

इस विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार पहले राज्य के विकास कार्यों में अड़चन डाली। फिर उन्हें बेवजह जबरन जेल भेज दिया। भ्रष्ट नेता घुटने टेक कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। उन्हें यह मालूम होना चाहिए कि हेमंत सोरेन शिबु सोरेन का बेटा है, भ्रष्ट नहीं है। यह झुका है न झुकेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में महिलाओं को सशक्त किया जाने लगा, गरीब किसानों को मजबूत किया जाने लगा, तब भाजपा को तकलीफ होने लगी। श्री सोरेन ने कहा कि उन्होंने पांच साल तक कोरोना की चुनौती और बेईमानों से लड़ते हुए राज्य का काफी बेहतर विकास किया है। यहां बिजली की आंख मिचौली से लोग परेशान थे। पहले बिजली नहीं आती थी, सिर्फ बिजली का बिल आता था। अब बिजली आती है, 200 यूनिट का बिल नहीं आता है। राज्य की जनता को 200 यूनिट बिजली मुफ्त दी जा रही है। उन्होंने वादा किया है कि प्रत्येक घर को एक लाख रूपये देंगे उसे जरूर पूरा किया जाएगा। सीएम ने कहा कि भाजपा के लोग तो भगवान को भी नहीं छोड़ते हैं, तो इंसान को क्या छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि आज हमनें नारियल फोड़ा है। चुनाव में जनता विरोधियों का सर फोड़ेगी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि एक तरफ पुंजी पतियों की जमात है, दूसरी तरफ गरीब गुरबों की ताकत है। आपको अपनी ताकत दिखानी है। इस चुनाव में पुनः मिथिलेश ठाकुर को भारी बहुमत से जीताकर विधानसभा भेंजे। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि केंद्र में दमनकारी सरकार बैठी है, जो संविधान को बदलने की बात करती है। वह गरीब गुरबों, आदिवासियों का हक लूटने के लिए जनसरोकार की सरकार के मुख्यमंत्री को जबरन जेल भेज दी। उन्होंने कहा कि आज की जनसैलाब विकास विरोधियों एवं संविधान को तोड़ने वालों के लिए करारा जवाब है। जनता ने जिस उत्साह के साथ आज विरोधियों को अपनी ताकत का एहसास दिलाया है, इसके लिए मैं जनता का आभार व्यक्त करता हूं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड को एक नई पहचान दी है। राज्य गठन के बाद 19 वर्षों तक राज्य को सिर्फ लूटा गया है। वर्ष 2019 में जनता ने यहां जनसरोकार की सरकार बनायी है। तब से पूरे राज्य में लगातार विकास हो रहा है। मौके पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज तिवारी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी, तुलसी सिंह खरवार, जिपस अमृतांजली दुबे, डॉ. यासिन अंसारी, मदनी खान, कृष्णा भुईयां, नसीम अख्तर, दीपमाला, फरीद खान आदि ने भी विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन झामुमो केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने किया। मौके पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, दिलीप सिंह, सुमन देवी, प्रमिला देवी, लक्ष्मी चौबे, सुरेंद्र तिवारी, एमपी गुप्ता, शंभु राम चंद्रवंशी, दीपक तिवारी, अविनाश देव, मुखराम भारती, चैतु सिंह खरवार, अनु दुबे, पुरन तिवारी, हरेंद्र चौधरी, कामेश्वर चौधरी, कृष्णा यादव, अजय केशरी, रामसागर मेहता, भोला सिंह खरवार, संतोष केशरी, रेखा चौबे, अनिता दत्त, चंदा देवी, रेखा पाठक, अराधना सिंह, जितेंद्र सिन्हा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



उपस्थित जनसमूह

## तीसरे दिन अनंत प्रताप देव ने किया नामिनेशन



नॉमिनेशन करते अनंत प्रताप देव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिये नामांकन के तीसरे दिन भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा ने नामिनेशन किया। श्री देव ने 11:30 बजे निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ प्रभाकर मिर्धा के समक्ष एक सेट में अपना नॉमिनेशन किया। एसडीओ ने नामिनेशन की औपचारिक प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद श्री देव को शपथ दिलाई। मौके पर झामुमो नेता ताहिर अंसारी, सोगरा बीबी, दीपक प्रताप देव व बबलू पांडेय उपस्थित थे। नामांकन के पूर्व अनंत प्रताप देव श्री बंशीधर मंदिर में पूजा अर्चना के बाद अपने समर्थकों के साथ कचहरी पहुंचे। कचहरी परिसर में अधिवक्ता संघ भवन में नामांकन फार्म भरने की कागजी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अनुमंडल कार्यालय में निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ के समक्ष नामांकन दाखिल किया।

### पावर प्लांट का निर्माण मेरा सपना : अनंत

नामांकन दाखिल करने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए पूर्व विाायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि भवनाथपुर विस क्षेत्र से पलायन को रोकने के लिये वे हरसंभव प्रयास करेंगे। क्षेत्र में पावर प्लांट का निर्माण मेरा सपना है। 2009 से 2014 के पिछले कार्यकाल में सीएम हेमंत सोरेन ने पावर प्लांट का शिलान्यास किया था, लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। जनता ने मौका दिया तो हर हाल में भवनाथपुर में पावर प्लांट लगेगा और क्षेत्र के युवाओं को रोजगार देकर पलायन को रोकने का काम किया जायेगा।

तीसरे दिन अनंत, भानू, समेत चार प्रत्याशियों ने किया नमिनेशन

फोटो 16-नामांकन दाखिल करते पूर्व विाायक भानू

श्री बंशीार नगर। झारखंड विाानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिये नामांकन के तीसरे दिन सोमवार को भवनाथपुर विाानसभा क्षेत्र से चार प्रत्याशियों ने नमिनेशन किया। जानकारी के अनुसार झामुमो प्रत्याशी पूर्व विाायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा, भाजपा प्रत्याशी विाायक भानू प्रताप शाही, निर्दलीय प्रत्याशी देवेंद्र कुमार प्रजापति व राहुल प्रसाद गुप्ता ने नमिनेशन किया।

## झारखंड में दोबारा सत्ता में आते ही भवनाथपुर में लगेगा पावर प्लांट : हेमंत




सभा को संबोधित करते सीएम हेमंत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में दोबारा सत्ता में आते ही भवनाथपुर में पावर प्लांट लगाया जायेगा। वे सोमवार को यहां गोसाईबाग के मैदान में पार्टी के प्रत्याशी अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा के नामांकन रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पहले कार्यकाल में पावर प्लांट निर्माण के लिये आधारशिला रखा था। लेकिन कुछ विषम परिस्थितियों के कारण पावर प्लांट का निर्माण नहीं हो सका था। सीएम ने कहा कि अपने कार्यकाल में उन्होंने विकास की ऐसी लकीर खींची है कि उसे गिनाना मुश्किल है। मईयां सम्मान योजना से हर घर को लाभ हुआ है। दिसंबर से इसकी राशि ढाई हजार रुपये हो जायेगी। वहीं अगली बार हर महिलाओं को साल में एक लाख रुपये दिये जायेंगे। लेकिन भाजपा के लोग अब लोगों से फर्म भरवा रहे हैं। लोगों को ठगने का काम कर रहे हैं। फर्म मुस्लिम और मिशनरीज को नहीं बल्कि सिर्फ आरएसएस के लोगों को भरा जा रहा है। सिर्फ हिन्दू मुस्लिम कर सत्ता प्राप्त करने का उनका यह तरीका है। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने यहां के गरीबों को मिलने वाले आवास को चुनावी राज्यों में देने का काम किया। हम नाक रगड़ते रहे लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। इसके बाद भी अबुआ आवास बड़े पैमाने पर दिये गये। सीएम ने कहा कि भाजपा के लोग सत्ता के भूखे हैं। 5 साल सत्ता से दूर रहने के दौरान हमें काफी परेशान किया, मुझे 5 साल सोने नहीं दिया। सत्ता के लिये ान बल का इस्तेमाल कर लोगों को गुमराह करने की कोशिश में लगे हैं। लेकिन यहां की जनता इस चुनाव में भी उन्हें सबक सिखायेगी। सभा को झामुमो उम्मीदवार अनंत प्रताप देव, पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव, ताहिर अंसारी, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, सोगरा बेगम, झामुमो अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, सूर्यदेव मेहता, लल्लू राम, कामता प्रसाद, मानवेन्द्र प्रताप देव, कमलेश मेहता, रमेश चंद्रवंशी, अमरनाथ पांडेय, सुदेश्वर राम, अमर राम, किरण देवी, बबलू पांडेय सहित कई लोगों ने संबोधित किया। सभा में झामुमो नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में महिला पुरूष मौजूद थे। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि बाबा बंशीधर की नगरी श्री बंशीधर नगर से वे पहला चुनावी सभा कर रहे हैं। श्री बंशीधर जी ने नाम पर आयोजित होने वाले बंशीधर महोत्सव को मेरी सरकार ने ही राजकीय महोत्सव का दर्जा दिया है। बाबा बंशीधर जी का आशीर्वाद उन्हें जरूर मिलेगा।

### क्षेत्र की जनता ने मौका दिया तो भवनाथपुर में लगेगा पावर प्लांट : अनंत

पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने उन्हें मौका दिया तो भवनाथपुर में पावर प्लांट का निर्माण कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि 2009 में जब क्षेत्र की जनता ने उन्हें आशीर्वाद दिया तो उन्होंने क्षेत्र की प्रमुख समस्या पलायन को रोकने एवं नवजवानों को रोजगार देने के लिये पावर प्लांट निर्माण के लिये तत्कालीन सीएम हेमंत सोरेन के हाथों आधारशिला रखवाने का काम किया था।

**भाजपा छोड़ लोगों ने झामुमो का दामन थामा :** झामुमो की ओर से यहां गोसाईबाग के मैदान में आयोजित नामांकन रैली में भवनाथपुर विाानसभा क्षेत्र से भाजपा छोड़ बड़ी संख्या में लोगों ने झामुमो का दामन थाम लिया। पूर्व विाायक अनंत प्रताप देव एवं ताहिर अंसारी ने सभी लोगों को पार्टी का पट्टा ओढ़ाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया। भाजपा छोड़ने वालों में दिनेश राम, मो नईम खलीफा, उमाशंकर प्रसाद समेत बड़ी संख्या में लोगों के नाम शामिल हैं।

## पुलिस स्मृति दिवस पर एसपी ने दी शहीदो को भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**एजेंसी**

**पूर्वी चंपारण।** पुलिस स्मृति दिवस पर सोमवार को जिला पुलिस मुख्यालय में एसपी स्वर्ण प्रभात ने शहीद पुलिस कर्मियो को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जिला पुलिस केन्द्र में बने शहीद स्मारक स्थल पर शहीदों को सलामी दी गई है।उल्लेखनीय है,कि पुलिस स्मृति दिवस हर साल उन शहीदों की याद में मनाई जाती है, जो अपने कर्तव्य निर्वहन के दौरान शहीद हो जाते है। इस अवसर पर एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया की हर साल की भांति इस साल भी हम सब पुलिस केन्द्र में शहीद स्मारक के पास हम सब एकत्रित हुए हैं। जहां देश की एकता और अखंडता के लिए अपने कर्तव्य का बलिबेदी पर शहीद जवानो को श्रद्धांजलि दी गई। बिहार पुलिस के 15 कर्मी जो पिछले एक साल में शहीद हुए हैं, उनको हम लोग नमन करते हुए उन्हें शोक सलामी दी है। उन्होने बताया कि पूरे देश में पिछले एक साल में करीब 214 पुलिस कर्मी वीर गति को प्राप्त किये हैं, उनके प्रति भी सम्मान प्रकट करते हुए उन्हे भी शोक सलामी दी गई है।

खबर एक नजर में

## धनंजय बने छठ पूजा समिति के अध्यक्ष

**रमना।** छठ महापर्व को धूमधाम से मनाने को लेकर श्री सीताराम मानस मंदिर के प्रांगण में बैठक आयोजित की गई। बैठक में भगवान भास्कर का अस्थाई प्रतिमा बनाने, गुलहरी बांा से टेढ़की पुल स्थित छठ घाट तक समुचित लाईट के व्यवस्था करने, छठ घाट पर साफ सफाई, साउंड सहित समुचित टेंट का व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। साथ ही को सफल बनाने को लेकर छठ घाट कमेटी का गठन किया गया। जिसमें ानंजय प्रसाद गुप्ता को अध्यक्ष, महेंद्र प्रसाद गुप्ता को सचिव, रविशंकर गुप्ता उर्फ बबलू गुप्ता को कोषाध्यक्ष, संरक्षक के रूप में अजित कुमार सोनी, टूटू सिंह, शक्ति सिंह, दीपक सिंह, सोनू सिंह, संजय प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, समाजसेवी मुन्ना प्रसाद, अमित सोनी को शामिल किया गया है। दिनेश गुप्ता को मीडिया प्रभारी, अनुज कुमार, रोहित वर्मा, त्रिपुरारी सोनी, सोनू सोनी, शुमम कुमार, ललन गुप्ता, सुनील प्रसाद, राजू कुमार, टुनटुन सोनी, संजय प्रसाद, सौरव गुप्ता, बलराम प्रसाद, डब्लू गुप्ता, मंतोष चंद्रवंशी आदि को सक्रिय सदस्य बनाया गया है। मौके पर अध्यक्ष ने कहा कि छठ पूजा समिति के सदस्यों ने जिस प्रकार भरोसा जताते हुए प्रभार देने का कार्य किया है मैं उसे पूरी ईमानदारी से कार्य करने का काम करूंगा। कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी छठ महापर्व को धूमधाम से मनाने को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। भक्ति जागरण के साथ सांस्तिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**भवनाथपुर।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा के छात्र-छात्राओं ने सोमवार को मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली निकाली। रैली विद्यालय परिसर से निकाली गई जो पुनर्वास, रेलवे साइडिंग होते हुए विद्यालय परिसर पहुंची। इस दौरान छात्र-छात्राएं हाथों में वोट देने की अपील की तख्तियां लेकर चल रहे थे। जिसमें पहले मतदान फिर जलपान, जन-जन का यह नारा है मतदान अधिकार हमारा है, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है जैसी स्लोगन लिखा था। मौके पर शिक्षक राकेश चौबे ने कहा कि भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है। भारत के नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान देकर एक सशक्त सरकार का निर्माण करने में अहम भूमिका निभाना चाहिए। देश के हर नागरिक जिनका उम्र 18 वर्ष या उससे आिक हो गया हो वे सभी 13 नवंबर को अपना मतदान जरूर करें। मतदाता जागरूकता को लेकर रैली में शिक्षक राम नंदन बैठा, उदय कुमार, चदेश्वर कुमार सहित छात्र-छात्राएं शामिल थे।

## पेज एक का शेष

### इंडी में अब...

जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री आवास से बातचीत के लिए राजद नेताओं को बुलावा आ गया था। तेजस्वी यादव और पार्टी सांसद मनोज झा सीएम हाउस चले गये। सीट शेयरिंग को लेकर अंतिम और फाइनल दौर की बातचीत होनी होती रही। राजद और माले के साथ सीट शेयरिंग को लेकर उठे विवाद पर सीएम हेमंत सोरेन ने बीच का रास्ता निकालने के लिए दोनों दलों को नेता को मना लिया। शीघ्र ही सबकुछ सुलझ जायेगा।

### भाजपा में भगदड़...

**भाजपा ने शुरू की थी राज्य में तोड़फोड़ :** भाजपा ने लोकसभा चुनाव से ही झामुमो के बड़े नेताओं को तोड़ना शुरू किया था। अब झामुमो ने भाजपा के लोगों को अपने पाले में लाना शुरू किया है। टिकट न मिल पाने से नाराज भाजपा नेताओं के इस्तीफे का सिलसिला शुरू हो गया है। केदार हाजरा, संदीप वर्मा, लुइस मरांडी, गणेश महली, मलखान सिंह, विनोद सिंह, राज पलिवार, एसएन झा बाटुल, जैसे नेता बागी बन रहे हैं। इनमें कुछ ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला किया है तो कुछ झामुमो की शरण में गये हैं।

### भाजपा को इसबार...

पांच साल सत्ता से दूर रहने के दौरान उन्हें काफी परेशान किया गया। सत्ता के लिए धन बल का इस्तेमाल कर लोगों को गुमराह करने की कोशिश की गयी, लेकिन यहां की जनता इस चुनाव में भी उन्हें सबक सिखायेगी। सीएम ने निष्पक्ष चुनाव पर सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा वोटों की चोरी करती है। कहीं वोट का समय बढ़ाने तो कहीं घटाने की कोशिश कर रही है। ईवीएम में भी गड़बड़ी की जा सकती है।

### आज जारी होगी...

**दूसरे चरण की 38 सीटों पर वोटिंग 20 को :** राजमहल, बोरियो, बरहेट, लिट्टीपाड़ा, पाकुड़, महेशपुर, शिकारीपाड़ा, नाला, जामताड़ा, दुमका, जामा, जरमुंडी, मधुपुर, सारठ, देवघर, पौड़ेयाहाट, गोड्डा, महगामा, रामगढ़, मांडू, धनवार, बगोदर, जमुआ, गांडेय, गिरिडीह, डुमरी, गोमिया, बेरमो, बोकारो, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, टुंडी, बाघमारा, सिल्ली व खिजरी विधानसभा सीटें शामिल है। **मैजिक फीगर 41 :** फिलहाल राज्य में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाली गठबंधन की सरकार है। यहां बहुमत का आंकड़ा 41 है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के अनुसार झारखंड में कुल मतदाताओं की संख्या 2.6 करोड़ है। इनमें महिलाओं वोटर्स की संख्या की ज्यादा है। राज्य में महिला वोटर्स 1.6 करोड़ हैं जबकि 1.3 करोड़ से ज्यादा पुरुष वोटर्स हैं। अगले पांच साल के लिए सत्ता पर काबिज कौन होगा इसका पता तो 23 नवंबर को ही चलेगा।

स्पीड न्यूज

## बांग्लादेश में डेंगू के मामले 50 हजार के करीब, 247 मौतें

**ढाका।** बांग्लादेश में अक्टूबर माह में डेंगू संबंधित बीमारी से करीब 84 लोगों की मौत हो चुकी है, जो इस साल में सबसे ज्यादा हैं। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) की सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय समयानुसार रविवार सुबह करीब आठ बजे तक करीब 1,298 नये मामलों की पुष्टि हुयी, जिससे इस महीने कुल मामलों की संख्या बढ़कर 18,942 हो गई और देश भर में रविवार तक करीब 49,880 मामलों की पुष्टि हो चुकी है। डीजीएचएस ने रविवार को छह डेंगू मरीजों की मौत की पुष्टि की, जिससे अब यह संख्या बढ़कर 247 हो गयी है।

## प्रधान ने सिंगापुर के पीएम सहित कई नेताओं से मिले

**सिंगापुर।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को यहां सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से मुलाकात की और विद्यालयी शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा तथा अनुसंधान में द्विपक्षीय सहयोग के स्तर को बढ़ाने और उसको व्यापक रूप देने के मुद्दे पर बातचीत की। शिक्षा मंत्रालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसारा दोनों नेताओं के बीच हुई तीन प्रमुख मुद्दे- प्रतिभा, संसाधन और बाजार- के जरिए भागीदारी को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित रही। इस दौरान श्री प्रधान ने कहा कि भारत सिंगापुर को एक विश्वसनीय ज्ञान आधारितस विशेष रूप से उन्नत प्रौकद्योगिकी (डीप टेक), स्टार्टअप और नवाचार इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने में भागीदार के रूप में देखता है।

## सोमी अली ने बिश्नोई समुदाय से मांगी माफी

**मुंबई।** सलमान खान को लॉरेंस बिश्नोई से धमकी मिलने के बाद एक्ट्रेस सोमी अली ने बिश्नोई के लिए एक सोशल मीडिया पोस्ट लिखकर कहा कि वह बिश्नोई से जूम कॉल पर बात करना चाहती हैं। इसके बाद सोमी को काफी ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। इसी पृष्ठभूमि में एक्ट्रेस ने मीडिया से बात करके काले हिरण के शिकार मामले पर भी टिप्पणी की है। इस इंटरव्यू में सोमी ने दावा किया कि सलमान खान को इस बात की कोई जानकारी नहीं थी कि बिश्नोई समुदाय में काले हिरणों की पूजा की जाती है। इसलिए उन्होंने यह भी कहा है कि इस मामले में उनके माफी मांगने का कोई कारण नहीं है। अभिनेत्री ने कहा, ॥जिस बात के बारे में वह नहीं जानते, उसके लिए उन्हें माफी क्यों मांगनी चाहिए? यह अनजाने में हुआ होगा और उनके लिए सलमान से माफी मांगने का कोई मतलब नहीं है। इसका सलमान से कोई लेना-देना नहीं है...लोग कहते हैं कि सलमान अहंकार है, वह अहंकारी हैं लेकिन ऐसा नहीं है। मेरा उनसे या उसके परिवार से कोई लेना-देना नहीं है लेकिन हिंसा कभी भी इन सबका जवाब नहीं हो सकती।

## करवा चौथ के ही दिन पत्नी ने खत्म कर दी अपने पति की लम्बी उम्र


**अमेठी।** एक तरफ जहां रविवार को करवा चौथ के मौके पर पूरे देश में सुहागिन महिलाओं ने अपने पतियों की लम्बी उम्र के लिए निर्जला व्रत रखा। वहीं दूसरी तरफ अमेठी जिले की एक कलयुगी पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर अपने ही पति की हत्या कर डाली। जिसका खुलासा गौरीगंज पुलिस ने 24 घंटे के अंदर करते हुए 5 अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुवावां मजरे शीतल बख्श का पुरवा के रहने वाले बद्री प्रसाद (32) पुत्र छोटेलाल की शनिवार की रात में संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर ही सोते समय मौत हो जाने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतक युवक की मां धनाऊ देवी को अपने बेटे की इस कदर अचानक हुई मौत पर संदेह था। उसको अपनी बहू के ऊपर ही पूरी आशंका थी कि हो ना हो बेटे की मौत में इसी का हाथ है।

# गुरुजी होंगे झामुमो के मुख्य स्टार प्रचारक, 33 नामों की सूची आयोग को भेजी

## स्टार प्रचारकों की लिस्ट में हेमंत, कल्पना, स्टीफन, मथुरा और पिंटू भी शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**









**रांची।** विधानसभा चुनाव के लिए झामुमो ने भारत निर्वाचन आयोग को अपने 33 स्टार प्रचारकों के नाम भेज दी है। इनमें शिबू सोरेन का नाम भी शामिल है। ऐसे में अब विधानसभा चुनाव के दौरान दिशोम गुरू शिबू सोरेन प्रचार करते नजर आ सकते हैं। पार्टी की ओर से 33 स्टार प्रचारकों की लिस्ट में गुरुजी प्रमुख हैं। झामुमो ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर इन 33 नेताओं को स्टार प्रचारक के रूप में अनुमति देने की मांग की है।

झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय के हस्ताक्षर से भारत निर्वाचन आयोग को भेजी गयी स्टार प्रचारकों की सूची में शिबू सोरेन, हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन, बसंत सोरेन का नाम शामिल है। इस सूची में सीएम हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार रहे अभिषेक प्रसाद पिंटू और हेमंत सोरेन के वरीय निजी सचिव सुनील श्रीवास्तव का नाम भी शामिल है। पिंटू झामुमो में प्रवक्ता हैं और सुनील श्रीवास्तव झामुमो केंद्रीय समिति के सदस्य भी हैं।

आयोग को लिखे पत्र में जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 77/(1) के तहत पार्टी के केंद्रीय स्तर के नेताओं को आगामी झारखंड विधानसभा आम चुनाव 2024 में चुनाव प्रचार के लिए स्टार प्रचारक के रूप में अनुमति देने और उनके द्वारा प्रयुक्त वाहन के लिए पास निर्गत करने का अनुरोध किया गया है।

### ये होंगे स्टार प्रचारक

शिबू सोरेन मुख्य प्रचारक होंगे और राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों में अभियान का नेतृत्व करेंगे। उनके साथ पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व में हेमंत सोरेन, नलिन सोरेन, कल्पना मुर्मू सोरेन, प्रो स्टीफन मरांडी, मथुरा प्रसाद महतो, सविता महतो, सरफराज अहमद, बैद्यनाथ राम, विनोद कुमार पांडे, फागु बेसरा, सुप्रियो भट्टाचार्य, दीपक बिरुआ, सुदिव्य कुमार सोनू, मिथिलेश कुमार, रोशन कर्मकार, अभिषेक कुमार पिंटू, जोबा मांझी, विजय हांसदा, महुआ माजी, निरल पूर्ति, रामदास सोरेन, हिदायतुल्लाह खान, दशरथ गागराई, बसंत सोरेन, हफीजुल हसन, बेबी देवी, सुखराम उरांव, भूषण तिर्की, मंगल कालिंदी, राजू गिरी, हेमलाल मुर्मू और सुनील श्रीवास्तव शामिल होंगे। भारत निर्वाचन आयोग को भेजी गयी स्टार प्रचारकों की सूची की प्रतिलिपि झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को भी भेजी गयी है। इसमें कहा गया है कि चुनाव प्रचार के दौरान वे झारखंड राज्य में हवाई, सड़क और रेल मार्ग से यात्रा करेंगे। इसलिए चुनाव के दौरान इनके लिए पास जारी करने का अनुरोध किया गया है।

# हरियाणा में भाजपा की जीत से स्थिरता का संदेश मजबूत हुआ

## आज दुनिया भविष्य के समाधानों के लिए भारत की ओर देख रही है : मोदी

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्थिरता, निरंतरता और समाधान को दुनिया के लिए आज के युग की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए सोमवार को कहा कि केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की लगातार तीसरी जीत भारत में स्थिरता का संदेश है। श्री मोदी ने कहा कि हाल में हरियाणा विधानसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की लगातार दूसरी सफलता से स्थिरता का यह संदेश और मजबूत हुआ है। वह राजधानी में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश ने पिछले 10 साल में उपलब्धियों के जो आयाम तय किए हैं ,उसको देखते हुए आज दुनिया भविष्य के समाधानों के लिए भारत की ओर देख रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार के हर कार्यक्रम के केंद्र में देश की जनता के विकास के साथ-साथ निरंतरता (स्वस्थ और टिकाऊ विकास) का उद्देश्य स्पष्ट रूप से आगे रखा गया है। इस सत्र में देश विदेश के नामी उद्यमियों और निवेश को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा ,छह दशक में पहली बार देश के लोगों ने लगातार तीसरी बार किसी सरकार को अपना जनादेश दिया है, यह स्टेबिलिटी (स्थिरता) का संदेश है। अभी हरियाणा में हुए चुनाव में भी भारत की जनता ने स्टेबिलिटी के इस भाव को मजबूती दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों को देश की जनता का पूरा समर्थन है और 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य भारत की 140 करोड़ जनता का लक्ष्य बन गया है । अब जनता इस लक्ष्य को आगे बढ़ा रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी का यह समय मानव इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण समय है। ऐसे में आज के युग की बड़ी जरूरतें हैं, स्टेबिलिटी, सस्टेनेबिलिटी और सॉल्यूशंस (स्थिरता, निरंतरता और समस्याओं के समाधान)। यह मानव के भविष्य के लिए सबसे जरूरी शर्तें हैं और भारत आज यही हासिल करने का प्रयास कर रहा है। इसमें भारत की जनता का एक निश्चित समाधान है।

श्री मोदी ने कहा कि आज भारत आकांक्षाओं से परिपूर्ण देश है। उन्होंने इसे एस्पिरेशनल इंडिया (एआई) बताते हुए कहा कि जब एस्पिरेशनल इंडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की ताकत मिल जाती है, तब विकास की गति भी तेज होने स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन शानदार रहा है और वैश्विक एजेंसियों ने भारत की वृद्धि दर के अनुमानों में सुधार किए हैं। श्री मोदी ने कहा कि भारत भविष्य की सोच के साथ आगे बढ़ रहा है और 2047 तक विकसित भारत का संकल्प भी इसी सोच को दिखाता है। उन्होंने कहा, आज भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक है। इस युवा देश का पोटेंशियल (संभावनाएं) हमें आसमान की ऊंचाई पर पहुंचा सकती हैं ।

# भारत चीन के बीच एलएसी मुद्दे के समाधान का मार्ग प्रशस्त

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** भारत और चीन के बीच एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त को लेकर एक अहम सहमति कायम होने के साथ ही पूर्वी लद्दाख सीमाक्षेत्र में साढ़े चार साल से चले आ रहे चले आ रहे गंभीरतम सैन्य गतिरोध के समाधान का मार्ग प्रशस्त हो गया है। रूस के कजान में 16 वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के पहले सोमवार विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री द्वारा की गयी इस घोषणा के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच द्विपक्षीय मुलाकात की संभावना जग गयी है।

विदेश सचिव के अनुसार अब दोनों पक्ष इस सहमति के अनुरूप एलएसी पर अपनी अपनी सैन्य टुकड़ियों को पीछे हटाने और वर्ष 2020 में गलवान घाटी में सैन्य टकराव के बाद उत्पन्न तनाव के मुद्दों के समाधान के लिए कदम उठाएंगे। विदेश सचिव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी की रूस यात्रा के बारे में जानकारी देने के लिए सोमवार को बुलाये गये एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, पिछले कई सप्ताह से भारत एवं चीन के राजनयिक एवं सैन्य वातार्कार विभिन्न मंचों (समन्व्य और परामर्श पर कार्य प्रणाली ( डब्ल्यूएमसीसी) और सैन्य कमांडरों की बैठक) पर एक दूसरे के साथ निकट संपर्क में रह कर बातचीत कर रहे हैं। इन चचाओं के परिणामस्वरूप एलएसी पर गश्त की व्यवस्था के बारे में एक सहमति बनी है। इससे 2020 में उत्पन्न मुद्दों का समाधान होगा और सैन्य टुकड़ियों को पीछे हटाया जाएगा। हम इस दिशा में अगले कदम उठाने जा रहे हैं। श्री मोदी रूस के कजान में होने वाले 16 वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कल तड़के रवाना होंगे जहां उनकी चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक होने की संभावना है। इस बारे में एक सवाल के जवाब में कहा कि अभी इस बारे में तैयारियां चल रही हैं। जैसे ही कुछ निर्णय होगा तो मीडिया से साझा किया जाएगा। प्रधानमंत्री की यात्रा के बारे में श्री मिस्त्री ने कहा, ॥रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए श्री मोदी कल कजान के लिए प्रस्थान करेंगे। ब्रिक्स के इस संस्करण का विषय वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को मजबूत करना है।

भारत ब्रिक्स के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और इसके योगदान ने आर्थिक विकास, सतत विकास और वैश्विक शासन सुधार जैसे क्षेत्रों में ब्रिक्स प्रयासों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पिछले साल जोहांसबर्ग में ब्रिक्स के पहले विस्तार के बाद यह पहला शिखर सम्मेलन होगा।

## मोदी यूक्रेन व रूस के बीच संघर्ष को समाप्त करवा सकते हैं: तोब्गे



**नयी दिल्ली।** भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोब्गे का कहना है कि विश्व के सवा सौ से अधिक विकासशील देशों के समूह ग्लोबल साउथ को भारत के नेतृत्व पर भरोसा है और वह मानते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूक्रेन और रूस के बीच संघर्ष को समाप्त करवा सकते हैं। भूटानी प्रधानमंत्री ने सोमवार को यहां एनडीटीवी वर्ल्ड समिट में यह बात कही। उन्होंने कहा,॥भारत की आबादी दुनिया में सबसे बड़ी है, इसकी अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। यह तीस खरब (तीन ट्रिलियन) अमेरिकी डॉलर को पार कर गया है। अगर कोविड नहीं होता तो इसे पांच ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर को पार करना चाहिए था। उन्होंने कहा,भारत में लगभग साढ़े तीन करोड़ प्रवासी लोग हैं। हर पैमाने पर, यह भारत की शताब्दी है, लेकिन आप नेतृत्व के एक पैमाने पर खड़े हैं, और उस नेतृत्व में सबका विश्वास है। न केवल भारतीय भारत के नेतृत्व पर भरोसा कर रहे हैं, बल्कि वैश्विक दक्षिण भारत के नेतृत्व पर भरोसा कर रहा है। श्री तोब्गे ने कहा,ग्लोबल साउथ को भारत के नेतृत्व पर भरोसा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस और यूक्रेन के बीच मुद्दों को सुलझा सकते हैं।

## भारत-सिंगापुर के रक्षा मंत्रियों के बीच वार्ता कल

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सिंगापुर के रक्षा मंत्री डॉ. एन जी इंग हेन मंगलवार को यहां भारत-सिंगापुर रक्षा मंत्रियों की छठी वार्ता की सह-अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक का उद्देश्य दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को आगे बढ़ाना है। दोनों पक्ष साझा हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। द्विपक्षीय रक्षा संबंध इस सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। दोनों देशों की सेनाओं के बीच व्यापक संपर्क, सैन्य-से-सैन्य आदान-प्रदान, उच्च-स्तरीय यात्राएं, क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण कार्यक्रम, संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में सहयोग, जहाज यात्राएं और द्विपक्षीय अभ्यास शामिल करने के लिए प्रतिबद्धताओं में विविधता आई है।


### बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र

## ओडिशा व प. बंगाल पर मंडराया तूफान और बारिश का खतरा

**नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी में तूफान दाना का खतरा मंडराने लगा है। बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र 22 अक्टूबर की सुबह तक डिप्रेशन में तब्दील होने का अनुमान है। 23 अक्टूबर को यह चक्रवात में बदल जाएगा। इसके 24 अक्टूबर की शाम तक ओडिशा-पश्चिम बंगाल तट से टकराने की आशंका है, जिससे ओडिशा में 24-25 अक्टूबर को भारी वर्षा होगी। इसके साथ 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। सोमवार को मौसम विभाग के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्रा ने एक्स के माध्यम से चेतावनी जारी करते हुए 25 अक्टूबर तक मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह जारी की है। उन्होने कहा कि बंगाल की खाड़ी के पास उत्तरी अंडमान सागर पर निम्न दबाव का क्षेत्र विकसित हुआ है, जो अगले 48 घंटे में तूफान का रूप धारण कर सकता है। यह तूफान 23-24 अक्टूबर को ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटों से टकरा सकता है। इसके प्रभाव से 23 अक्टूबर की शाम से ही 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की हवा और मध्यम बारिश शुरू हो जाएगी। डॉ. महापात्रा ने बताया कि 24-25 अक्टूबर को ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटीय क्षेत्रों में भारी बारिश होने की आशंका है।

## खरगे, राहुल, प्रियंका ने जम्मू -कश्मीर में आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। श्री खरगे ने सोमवार को कहा, मैं जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले की हम कड़ी निंदा करता हूं जिसमे कई श्रमिक और एक डॉक्टर मारे गए हैं। लक्षित हिंसा का यह अमानवीय और घृणित कृत्य से भारत जम्मू-कश्मीर में प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के निर्माण से पीछे नहीं हटेगा। एक राष्ट्र के रूप में, हम आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई में एक साथ हैं। पीड़ितों के परिवारों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदना। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।




### शाह ने शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की, कहा

# बहादुर और वीर पुलिस कर्मी देश का गौरव

**एजेंसी**




**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को पुलिस स्मृति दिवस पर यहां राष्ट्रीय पुलिस स्मारक जाकर शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर श्री शाह ने पुलिस कर्मियों को संबोधित करते हुए उनके कर्तव्य परायणता की सराहना की और कहा कि बहादुर और वीर पुलिस कर्मी देश का गौरव हैं। उन्होंने कहा कि ये पुलिसकर्मी कश्मीर से कन्याकुमारी और कीबितू से कच्छ तक देश की रक्षा में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस स्मृति दिवस पर वह पुलिस कर्मियों के सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि आज का दिन शहीद पुलिस कर्मियों की शहादत का सम्मान करने तथा उनके परिजनों को यह विश्वास दिलाने के लिए मनाया जाता है कि जिस उद्देश्य के लिए उनके परिवार के सदस्य ने बलिदान दिया है उसे हर हालत में पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस स्मृति दिवस उन महान वीर पुलिस कर्मियों के सम्मान में मनाया जाता है जिन्होंने 21 अक्टूबर 1959 को चीन की साजिश का मुंह तोड़ जवाब देते हुए देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान दिया था। गृह मंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान कश्मीर और पूर्वोत्तर के क्षेत्र में हमारे वीर पुलिस कर्मियों तथा सैनिकों के समर्पण से करीब करीब शांति बहाली हो गई है। उन्होंने कहा कि बहादुर सुरक्षाकर्मी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए समर्पित हैं। श्री शाह ने कहा कि तीन नए आपराधिक कानून यह सुनिश्चित करेंगे कि देश में दुनिया का सबसे बेहतर अपराधिक न्याय तंत्र स्थापित हो।